RNI: Reg. No. MPHIN/2021/82530
9644811407, 81020205990
Hindustannews404@gmail.com
www.kesariyahindustan.com
Denik Kesariya Hindustan
Denik_kesariyahindustan
@KESARIYAHINDUSTAN
Black Bichhoo

# दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

समूह सम्पादक रविन्द सिंह पवैया
खबरें बेबाक, बेखौफ, बिंदास
ग्वालियर, भोपाल, इंदौर, मध्यप्रदेश से प्रकाशित एवं छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, उत्तराखण्ड, हरियाणा दिल्ली से एक साथ प्रसारित

वर्ष 4 अंक : 180 | ग्वालियर सोमवार 10 फरवरी 2025 | पृष्ठ 8+4

## करणी सेना का स्थापना दिवस पर पत्रकार एवं समाजसेवी सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

### स्वतंत्र पाल सिंह बने करणी सेना में नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष








**दैनिक केसरीया हिंदुस्तान**

**ग्वालियर** करणी सेना का स्थापना दिवस भव्य पूर्ण तरीके से संपन्न हुआ स्थापना दिवस समारोह के उपलक्ष में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक मुन्नालाल गोयल आदर्श गौशाला के महंत गुरुदेव जी महाराज वार्ड 20 के पार्षद जितेंद्र कुशवाहा अतिथि के रूप में करणी सेना के राष्ट्रीय पदाधिकारी के रूप में दीपक जी बादल जी वह नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र पाल सिंह युवा शक्ति प्रदेश अध्यक्ष उपेंद्र परमार राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी रविंद्र सिंह पवैया अतिथियों के रूप मे उपस्थित रहे कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रजनन कर की गई इस कार्यक्रम मंच से करणी सेना के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र पाल सिंह के द्वारा वहां पर उपस्थित मातृशक्ति का पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मान किया गया इसके उपरांत कार्यक्रम में अतिथियों के उद्बोधन के बाद पत्रकारों एवं शहर की समाजसेवीयो का सम्मान किया गया इस सम्मान सम्मान समारोह में शहर के 151 पत्रकार एवं समाजसेवियों का सम्मान किया गया इस अवसर पर मंच से पदाधिकारी के द्वारा करणी सेना के बारे में विस्तार से बताया गया और करनी सेना क्या-क्या कार्य कर रही है इस बारे में भी अपने पदाधिकारी को समझाया गया करणी सेवा स्थापना दिवस एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम के आयोजन युवा शक्ति प्रदेश अध्यक्ष उपेंद्र परमार के द्वारा मंच से बोलते हुए कहा कि कैंडी सी गरीब एवं असहाय लोगों की मदद के साथ-साथ हिंदुत्व की लड़ाई लड़ती है उन्होंने आगे कहा कि जहां कहीं भी किसी भी जरूरतमंद को करणी सेवा की जरूरत पड़ेगी एक-एक करणी सेनिक उसके साथ खड़ा रहेगा कार्यक्रम के उपरांत करणी सेना ने अपने नए पदाधिकारी की भी घोषणा की इसमें मुख्य रूप से स्वतंत्र पाल सिंह को प्रदेश अध्यक्ष का दायित्व सोपा स्वतंत्र पाल सिंह के प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर उनके इष्ट मित्रों के द्वारा उनको बधाई देकर उनका स्वागत सम्मान किया गया

## छात्रा आकांक्षा नामदेव एवं खुशी जैन ने शासकीय कमला नेहरू महिला महाविद्यालय का किया नाम रोशन

**राजेश कुमार पटेल दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**



**दमोह** - जिले वासियों खुशखबरी जिले का नाम रोशन किया है, महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय छतरपुर द्वारा परीक्षा 2023-24 के परीक्षा परिणाम के अंतर्गत विश्वविद्यालय द्वारा प्रवीण सूची में एमए अर्थशास्त्र विषय की प्रवीण सूची में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली आकांक्षा नामदेव आत्माज श्री प्रकाश नामदेव ने 76.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। साथ ही खुशी जैन आत्माज श्री राजन जैन ने बीसीए तृतीय वर्ष में विश्वविद्यालय की प्रवीण सूची में प्रथम स्थान अर्जित किया है। इस अवसर पर संस्था के संरक्षक डॉ. जी. पी. चौधरी द्वारा छात्र को बधाई एवं शुभाशीष दिया और भविष्य में सफलता के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर अर्थशास्त्र विषय के विभागाध्यक्ष डॉ असलम खान, सहायक प्राध्यापक डॉक्टर अपर्णा गोस्वामी, डॉ. अवधेश जैन, सौरभ खरे, धनीराम दुबे आदि उपस्थित रहे।

## भारतीय किसान मजदूर यूनियन (धीरज) करेगी 11 फरवरी को तहसील किरावली का घैराव

**दीवान सिंह सिकरवार (आगरा मंडल ब्यूरो प्रमुख/दैनिक केसरिया हिंदुस्तान समाचार पत्र)**




आगरा। आगरा जिले की तहसील किरावली के गांव खरवाई में जल भराव की समस्या ने विकराल रूप ले लिया है जिससे लगभग 50 परिवारों को निकलने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है और मकान के दरवाजों तक पानी का भराव बना हुआ है जिस कारण से मकान अब चटकने लगे हैं चारों तरफ से रास्ता बंद है ग्रामीणों को अपने घर तक पहुंचाने के लिए जूते चप्पल हाथ में लेकर पानी से होकर गुजरना पड़ता है और दो पहिया वाहनों को दूसरों के घरों में खड़ा किया जाता है रूनकता से किरावली जाने वाले मार्ग पर भी जलभराव की विकट समस्या है जिससे क्षेत्रीय जनता को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है आए दिन दो पहिया वाहन पर चलने वाले लोग फिसल कर गिर जाते हैं जिसे चोट लग जाती हैं लेकिन प्रशासन का इस पर कोई ध्यान नहीं है इसी समस्या को लेकर भारतीय किसान मजदूर यूनियन (धीरज) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी पुष्पेंद्र सिंह व युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष धीरज सिकरवार क्षेत्रीय जनता से जाकर मिले और फैसला किया के 11 फरवरी 2025 को तहसील किरावली का घिराव कर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया करेंगे और अपनी समस्या उपजिलाधिकारी तक पहुंचाएंगे जिससे क्षेत्रीय जनता की समस्या का निदान हो सके और ग्रामीणों को अपने घर पहुंचने तक का रास्ता मिल सके इस मौके पर राष्ट्रीय प्रवक्ता राजवीर उपाध्याय, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राम बहोरी ,जिला अध्यक्ष सूरेपाल सिंह, जिला सचिव महिला प्रकोष्ठ दीक्षा शर्मा ,जिला मीडिया प्रभारी दीवान सिंह सिकरवार , जिला सह मीडिया प्रभारी श्री बहादुर सिंह ,जिला मंत्री धर्मेंद्र परमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे?????????

## डीजे मशीनों की चोरी करने वाले 02 अभियुक्तों को थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा सूचना के 6 घण्टे के भीतर किया गया गिरफ्तार

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान से राधेश्याम गुप्ता**



**बांदा** अभियुक्तों द्वारा दिनांक 29/30.01.2025 की रात्रि को मुक्तिधाम मार्ग क्योटरा से चोरी की घटना को दिया गया था अंजाम ।*पुलिस अधीक्षक बांदा अंकुर अग्रवाल के कुशल निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा घर के बाहर खड़े डीजे गाड़ी से डीजे मशीनों की चोरी करने वाले 02 अभियुक्तों को सूचना के 06 घण्टे के भीतर गिरफ्तार कर लिया गया है । गौरतलब हो कि थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के मुक्ति धाम मार्ग क्योटरा के रहने वाले विनोद निषाद नें दिनांक 07.02.2025 को थाना कोतवाली पर सूचना दी कि दिनांक 29/30.01.2025 की रात्रि को चोरो द्वारा घर के बाहर खड़ी डीजे से मशीनों को चुरा लिया गया जिसकी काफी खोजबीन करने के बाद भी नही मिला ।

सूचना पर तत्काल पुलिस द्वारा थाना कोतवाली नगर में नामजद अभियुक्तों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु टीमों का गठन किया गया ।इसी क्रम में थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा दिनांक 07/08.02.2025 की रात्रि को डीजे मशीनों की चोरी करने वाले दोनों अभियुक्तों को मुखबिर की सूचना पर केन नदी आरती स्थल मार्ग से गिरफ्तार किया गया ।अभियुक्तों की निशादेही पर चोरी के डीजे मशीनों को बरामद किया गया ।बरामदगी-01 अदद् एम्पलीफायर 1300 वॉट 03 अदद् मासपिड 2500 वॉट 01 अदद् एम्पलीफायर 160 वॉट 01 अदद् मिक्सर मशीन *गिरफ्तार अभियुक्त-1. अजय वर्मा पुत्र दिल्लीपत वर्मा निवासी तिन्दुही थाना खन्ना जनपद महोबा ।

## बुजुर्ग पर बाघ ने किया हमला

**केसरिया हिंदुस्तान संवाददाता वीरू गौतम**



पीलीभीत। पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र मैं एक बाघ ने 72 वर्षीय बुजुर्ग किसान पर जानलेवा हमला कर दिया रविवार को हुई इस घटना में रामनरेश झनकियां नदी के पास अपने खेत में पशुओं के लिए घास काट रहे थे

तभी गन्ने के खेत से निकले अचानक बाघ ने उन पर हमला कर दिया बुजुर्ग की चीख पुकार सुनकर ग्रामीण के लोग मौके पर पहुंचे और शोर शराबा कर बाघ को भगा दिया गंभीर रूप से घायल रामनरेश को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया परिजनों का आरोप है इस घटना की सूचना वन विभाग को देने के बाद बावजूद कोई भी अधिकारी या कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंचाजिससे ग्रामीणों में भारी रोष है वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि उन्हें वन्यजीव हमले की सूचना मिली है लेकिन अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है की हमला किस वन्यजीव द्वारा किया गया विभाग मामले की जांच कर रही है

# मां मंगला देवी विद्यापीठ स्कूल में संजय गोस्वामी योग्यता पुरस्कार वितरण का भव्य आयोजन

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान/रिपोर्टर संतोष सिंह चौहान



**लहार।** मां मंगला देवी विद्यापीठ स्कूल, लहार में आज संजय गोस्वामी योग्यता पुरस्कार वितरण समारोह 2024 एवं पालक-शिक्षक मीटिंग का आयोजन किया गया। यह पुरस्कार विद्यालय एवं भारतीयम् विद्या मंदिर के संस्थापक/संचालक स्वर्गीय संजय गोस्वामी जी की स्मृति में वर्ष 2023 से प्रारंभ किया गया था, जिसका उद्देश्य मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करना और उनके उज्ज्वल भविष्य को मार्गदर्शित करना है।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी लहार के मंडल अध्यक्ष श्री सुभाष अग्निहोत्री रहे, जिन्होंने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए उनके बेहतर भविष्य की कामना की। इस दौरान विद्यालय में कक्षा 12वीं एवं 10वीं में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वाले छात्र अंशराज सिंघानिया एवं छात्रा तनुष्का को ?5000 की नगद राशि एवं शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त, वर्ष 2023-24 में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय श्रेणी प्राप्त करने वाले 80 से अधिक विद्यार्थियों को भी विशेष रूप से शील्ड देकर सम्मानित किया गया।

**पालक-शिक्षक मीटिंग में शैक्षिक विकास पर विचार-विमर्श :-**

इस समारोह के साथ ही विद्यालय में पालक-शिक्षक मीटिंग का आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित पालकों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। मीटिंग में छात्रों की शैक्षिक प्रगति, अनुशासन, तथा उनके सर्वांगीण विकास से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। पालकों ने विद्यालय प्रशासन के प्रयासों की सराहना की और शिक्षा की गुणवत्ता को और अधिक बेहतर बनाने हेतु अपने सुझाव भी दिए।इस भव्य कार्यक्रम में विद्यालय की संचालक श्रीमती रमा संजय गोस्वामी, श्री उत्तम चौधरी एवं समस्त विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा। सभी ने विद्यार्थियों की उपलब्धियों पर हर्ष व्यक्त किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

**विद्यालय परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं :-**

मां मंगला देवी विद्यापीठ स्कूल प्रशासन ने इस अवसर पर सभी विद्यार्थियों को बधाई दी और भविष्य में इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय प्रबंधन ने यह विश्वास दिलाया कि आने वाले वर्षों में भी शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित किए जाएंगे।

## भागवत कथा का श्रवण करने से मनुष्य हों जाता है भव सागर से पार



मुरेना-/- मनसा पूर्ण हनुमान मंदिर पंडित रामप्रसाद बिस्मिल की नगरी बलूकापुरा बरवाई में चल रही संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का द्वितीय दिवस पर सुखदेव एवं परीक्षित के जन्मदिन की कथा को विस्तार पूर्वक कथा का श्रवण कराया भागवताचार्य पंडित रामबरन शास्त्री जी महाराज ने कहा 7 दिन की कथा का जितना महत्व है उसमें से अगर 1 दिन की कथा भी किसी के समझ में आ जाए तो जीवन का उद्धार हो जाएगा अन्य कथाओं को वर्णन करते हुए कहा कि कई प्रकार की कथाओं का वर्णन किया कथा परीक्षित श्री राम अवतार सिंह तोमर एवं समस्त तोमर परिवार सभी ने मिलकर के शाम को आरती की दिनभर भक्त गण आनंद से विभोर होते रहे आयोजक ने गणमान्य जनों से अधिक संख्या में आने के लिए आवाहन किया यह कथा 14 फरवरी तक चलेगी ऐसा बताया गया

# नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में 125 लोगों ने लिया परामर्श

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान लोकेंद्र सोलंकी




**भितरवार।** जीवन क्लिनिक के सहयोग एक नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें आये लगभग 125 ग्रामीणों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया गया इस नि:शुल्क परामर्श के अलावा आवश्यकतानुसार पैथोलॉजीकल जांच भी की गयी. इस शिविर में डॉ सत्यम उपाध्याय डॉ राधेलाल अग्रवाल ने लोगों के स्वास्थ्य का परीक्षण एवं उपचार किया.प्रायवेट मेडिकल प्रैक्टिस एसोसिएशन अध्यक्ष डॉ.राधेलाल अग्रवाल ने कहा कि मानव सेवा एवं समाज सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है. इसी ध्येय को लेकर उनके द्वारा इस तरह के शिविर के माध्यम से लोगों की सेवा का प्रयास रहता है. शिविर में वृद्ध जनों, महिला तथा युवाओं ने उत्साह से भाग लियि और स्वास्थ्य परीक्षण कराया शिविर में विशेष रुप से रीढ़ की हड्डी में,साइटिका लकवा नसों की परेशानी से होने वाली समस्या ज्यादा पायी गयी जिसके बारे में सभी को नि:शुल्क उचित सलाह और चिकित्सा उपलब्ध करायी गयी. इसके अलावा सभी तरह के मरीज पहुचे जिन्हे आवश्यकता अनुसार परामर्श दिया गया।

## विवाह की वर्षगांठ पर गौ भंडारा करवा कर लिया गौमाता का आशीर्वाद

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान/रिपोर्टर संतोष सिंह चौहान



अमायन क्षेत्र के ग्राम पुरा बडेरा के निवासी रणकेन्द्र सिंह ने अपनी शादी की प्रथम वर्षगांठ पर लहार नगर में प्रतिदिन चलने वाले गौ भडारे में स्वैच्छिक सहयोग राशि देकर भुखी बेसहारा गायों के खाने के लिए हरा चारा डलवाकर गौ भंडारा करवाया गौरक्षक संतोष चौहान द्वारा गौभक्त रणकेन्द्र सिंह कुशवाहा एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती मोनिका भदौरिया के सुखमय जीवन के लिए गौमाता से प्राथना की गई।

# स्वच्छता का कार्य पूरी क्षमता के साथ किया जाए : कलेक्टर श्रीमती चौहान

### कलेक्टर ने निगम अधिकारियों के साथ की बैठक

**ग्वालियर।** शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिये नगर निगम का अमला पूरी क्षमता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। स्वच्छता के कार्य में सभी का सहयोग भी लिया जाए। घर-घर से गीला एवं सूखा कचरा एकत्रित करने के लिये जन जागरूकता पर विशेष कार्य किया जाए। निगम द्वारा नियुक्त एजेंसी के वर्कर्स घर-घर जाकर लोगों को गीला एवं सूखा कचरा अलग-अलग कचरा गाड़ियों में डालने के लिये प्रेरित करें। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने रविवार को नगर निगम के अधिकारियों एवं स्वच्छता के लिये नियुक्त एजेंसी के प्रतिनिधियों से चर्चा करते हुए यह बात कही। बाल भवन के सभागार में स्वच्छता के संबंध में आयोजित बैठक में नगर




निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय, अपर आयुक्त श्री मुनीष सिकरवार, श्री विजय राज सहित निगम के अधिकारी एवं स्वच्छता के लिये नियुक्त एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित थे। कलेक्टर श्रीमती चौहान ने कहा है कि नगर निगम द्वारा शहर में किए जा रहे निर्माण कार्यों में लोहे के टीन लगाकर कार्य किया जाए ताकि वायु प्रदूषण न हो। इसके साथ ही निजी निर्माण कार्यों में भी वायु प्रदूषण न हो, इसके लिये सुरक्षा के सभी प्रबंधन हों यह भी सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा है कि गंदगी फैलाने वालों के विरूद्ध दण्डात्मक कार्रवाई भी की जाए। जुर्माने की कार्रवाई के अधिकारों का विकेन्द्रीयकरण भी किया जाए। रोको-टोको अभियान के तहत न केवल शासकीय अमला बल्कि सामाजिक संस्थाओं, जनप्रतिनिधियों एवं प्रबुद्ध नागरिकों का भी सहयोग लिया जाए। कलेक्टर श्रीमती चौहान ने समीक्षा के दौरान कहा कि शहर के चौराहे, रोटरी एवं अन्य सार्वजनिक स्थल, सामाजिक संस्थायें या अन्य लोग जो गोद लेना चाहते हैं उनसे भी संपर्क कर प्रस्ताव प्राप्त किए जाएं। शहर के सौंदर्यीकरण में जन सहयोग मिले, इसके सार्थक प्रयास किए जाएं।

# जीवन उमंग क्लब के सदस्यों ने बसंत उत्सव का किया आयोजन



दैनिक केसरिया हिंदुस्तान 9009601101

**ग्वालियर।** जीवन उमंग क्लब के सदस्यों ने होटल राज भोग में साथ मिलकर एंजॉय करने के लिए वसंत उत्सव का आयोजन किया । क्लब के संयोजक राहुल गुप्ता स्पर्शी द्वारा निश्चित की गई थीम वासंती परिधान में सदस्यों ने कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज की । कार्यक्रम की शुरुआत हाउजी के साथ हुई, उसके बाद अनुज सक्सेना, जगमोहन पाल, हेमलता शर्मा, अर्चना सक्सेना, पुष्प लता सक्सेना , प्रमोद सक्सैना एवं मंजू सक्सेना ने एक से बढ़कर एक गीत प्रस्तुत किये । कार्यक्रम में बसंती क्वीन का खिताब हेमलता शर्मा को दिया गया, उनके द्वारा एक शानदार डांस की प्रस्तुति भी दी गई । कार्यक्रम में सदस्य जोड़ियां के बीच बेस्ट प्रपोज प्रतियोगिता भी रखी गई, जिसमें ओ पी वर्मा एवं एवं रेखा वर्मा विनर रहे । साधना सक्सेना द्वारा गेम खिलवाया गया, जिसमें अर्चना सक्सैना विनर रहीं । राजलक्ष्मी गुप्ता द्वारा क्लब के आगामी कार्यक्रमों के बारे में चर्चा की गई । कार्यक्रम का संचालन राहुल गुप्ता स्पर्शी के द्वारा किया गया ।

# चौथे दिवस ज्ञान कल्याणक महोत्सव बहुत धूमधाम से मनाया गया

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान पंकज जैन



**अंबाह।** सिहोनिया अतिशय क्षेत्र में चल रहे पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव में आचार्य वसुनंदी महाराज के मंगल सानिध्य में चौथे दिवस ज्ञान कल्याणक महोत्सव बहुत धूमधाम से मनाया गया। सोनू मित्र मंडल ने बताया कि ज्ञान कल्याणक दिवस पर आर्यिका वधरस्वनंदनी के निर्देशन एवं पंडित मनोज शास्त्री निर्देशन में प्रात: कालीन धर्मिक क्रियाएं हुईं। इसके बाद मुनि आदिकुमार को आहार चर्या का दृश्य प्रदर्शित किया गया। राजा श्रेयांस एवं राजा सोम ने पडगाहन कर मुनि आदि कुमार को आहार देने का सौभाग्य अर्जित किया। इस अवसर पर आचार्य वसुनंदी महाराज ने अपने मंगल प्रवचनों में कहा कि युग के आदि में जब जन सामान्य को मुनियों को आहार देने की क्रिया का ज्ञान नहीं था तब भगवान आदिनाथ जो मुनि आदि कुमार के रूप 6 माह तक आहार नही प्राप्त हुआ था। 6 माह के पश्चात राजा श्रेयांस और राजा सोम ने नवधा भक्ति के साथ सर्वप्रथम इच्छू रस का आहार दिया था। भगवान आदिनाथ ने ही कल्प वृक्षों की समाप्ति के पश्चात सामान्य प्रजा के हित के लिए आसी मसी कृषि वाणिज्य शिल्प एवं कला आदि की शिक्षाए जन सामान्य को सिखाई थीं। उन्होंने ही सर्वप्राथम विश्व को ऋषि बनो या कृषि का उपदेश सारी दुनिया को दिया था। सिहोनिया अतिशय क्षेत्र के परम संरक्षक जिनेश जैन ने बताया कि 10 फरवरी को पंचकल्याणक महोत्सव का समापन होगा। 10 फरवरी मोक्ष कल्याणक मनाया जाएगा एवं विश्व महायज्ञ होगा। ज्ञान कल्याणक पर अतिशय क्षेत्र सिहोंनिया जी में 10 फरवरी को राजस्व मंत्री और कई विधायक ,नेता गण मोक्ष कल्याणक पर पधार रहे हैं।

# श्रीखाटू श्याम है हारे के सहारे : घनश्याम शास्त्री जी

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान 9009601101





**ग्वालियर।** लक्ष्मीगंज स्थित माधव वाल निकेतन वृद्ध आश्रम में आयोजित श्रीखाटू श्याम कथा में सुप्रसिद्ध कथा वाचक पंडित घनश्याम शास्त्री जी ने कहा कि खाटू श्याम कथा श्रवण से मनुष्य को परमानंद की प्राप्ति होती है। इससे प्रेत योनी व असाध्य रोगों से मुक्ति मिलती है। परिवर्तन संसार का नियम है, जिसे मनुष्य मृत्यु समझता है वस्तुतः वहीं जीवन है। एक क्षण में मनुष्य करोड़ों का स्वामी बन जाता हो, दूसरे ही क्षण में दरिद्र नारायण हो जाता है। श्याम कथा मनुष्य के संपूर्ण क्लेश को दूर कर भक्ति की ओर अग्रसर करती है। कलियुग में मोक्ष का सबसे बड़ा साधन श्याम कथा है शास्त्री जी ने कहा कि भगवान भाव के भूखे होते हैं, जो प्राणी अपनी अंतर आत्मा से भगवान को पुकारता है। भगवान सदा उसकी रक्षा करते हैं। संसार परमात्मा की ही सत्ता है। इसके बाद भी जीव मूर्खतावश संसार की वस्तुओं को अपना समझ बैठता यह जीव की सबसे बड़ी भूल है। जीव को चाहिए कि वह परमात्मा की सबसे बड़ी सत्ता का अनुभव और चिंतन करते हुए जीवन निर्वाहन करें। ताकि इस माया रूपी संसार में रहते हुए जीव मोक्ष को प्राप्त करें शास्त्री जी ने कहा कि पहले बर्बरीक के नाम से जाने जाते थे वे अतिबलशाली भीम के पुत्र घटोट्कच और प्रागज्योतिषपुर (वर्तमान आसाम) के राजा दैत्यराज मूर की पुत्री कामकटंककटा मोरवी के पुत्र थे खाटूश्याम जी । खाटू श्याम जी बाल अवस्था से बहुत बलशाली और वीर थे उन्होंने युद्ध कला अपनी माता मोरवी तथा भगवान् कृष्ण से सीखी । उन्होंने नव दुर्गा की आराधना करके नव दुर्गा से तीन अनोखे बाण प्राप्त किये थे । इस तरह उन्हें तीन बाण धारी के नाम से जाना जाने लगा । अग्नि देव ने प्रसन्न होकर उन्हें धनुष प्रदान किये जो उन्हें तीनो लोको में विजय दिला सकता था इस अवसर पर नूतन श्रीवास्तव,पवन भटनागर,अभय चौधरी,श्याम बाबू शर्मा ,युवा जिला अध्यक्ष प्रतीक तिवारी ने आरती की।

# ऊर्जा मंत्री तोमर के आह्वान पर स्वच्छ, हरे-भरे और नशा मुक्त ग्वालियर के लिए दौड़े शहरवासी

देनिक केसरिया हिंदुस्तान ,9009601101



**ग्वालियर।** ग्वालियर को स्वच्छ, हरा-भरा और नशा मुक्त बनाने के लिए ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर की पहल पर शुरु किए गए अभियान के तहत रविवार सुबह कांच मिल से पाताली हनुमान तक मिनी मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के साथ भाजपा जिलाध्यक्ष श्री जयप्रकाश राजौरिया तथा सभी मंडल अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राएं, वरिष्ठजन, विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने इस मिनी मैराथन दौड़ में सहभागिता की। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि हम सभी ने एक सच्ची भावना के साथ बीते एक माह पूर्व यह संकल्प लिया था कि ग्वालियर को स्वच्छ, हरा-भरा, प्रदूषण मुक्त और नशा मुक्त बनाने का अभियान चलाएंगे। इसी अभियान के तहत बीते माह से प्रतिदिन सीताराम सीताराम धुन का वाचन निरंतर किया जा है। इसी कड़ी में हर माह सुन्दरकाण्ड और 200 से 1000 मीटर की मिनी मैराथन दौड़ का आयोजन करने का भी हम सभी ने संकल्प लिया है। इस मौके पर ऊर्जा मंत्री ने शपथ दिलाई कि हम प्रतिदिन अपनी दैनिक दिनचर्या में से कुछ समय निकालकर ग्वालियर को स्वच्छ, हरा-भरा, प्रदूषण मुक्त और नशा मुक्त बनाने के अभियान के लिए खुद समय देंगे और अपने आसपास रहने वाले लोगों को भी इस अभियान से जुड़ने और साफ-सफाई रखने के लिए प्रेरित करेंगे।

ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने उपस्थित लोगों का आवाह्न किया कि वे एक अच्छे समाज का निर्माण करें। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि जैसे हम अपने परिवार के दायित्वों का निर्वहन करते हैं, वैसे ही हम अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करें। अपने घर परिवार बेटे बेटियों मित्र मंडली को संस्कारवान बनाएंगे, तभी हम संस्कारवान समाज का निर्माण कर सकेंगे। ऐसा करने से समाज में अच्छे और संस्कारवान लोगों बाहुल्य होगा और बुरे लोगों की संख्या स्वतः कम होती जाएगी। एक समय ऐसा आएगा जब लोग संस्कारित होंगे और हमारे आने वाली पीढ़ी संस्कारवान बनेगी।

# लायंस क्लब ग्वालियर दिशा के द्वारा क्रिकेट कार्निवाल का हुआ आयोजन





लायंस क्लब ग्वालियर दिशा के द्वारा क्रिकेट कार्निवाल का आयोजन रूप सिंह स्टेडियम में किया जा रहा है किकेट कार्यक्रम काउद्घाटन सत्र लायंस क्लब ग्वालियर दिशा के अध्यक्ष लायन मुकेश बिरोनिया की अध्यक्षता में और कार्यक्रम संयोजक लायन जुबैर रहमान ने स्वागत उद्बोधन देकर सभी अतिथियों एवं क्लब अध्यक्षों क्रिकेट खेल रही टीमों के कैप्टन एवं कोच का स्वागत लायंस क्लब ग्वालियर दिशा के पूर्व अध्यक्षों लायन मनीष बाँदिल, लायन राज शिवहरे , लायन विमल सिंघल ,लायन उड्यन हतवलने से कराया मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व प्रांत पाल लायन सुमेर जैन एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में लायन ओ पी गग्गर जी , प्रांतपाल प्रथम लायन सुधीर वाजपेयी , लायन विकास गंगवाल , लायन नितिन मांगलिक एवं जीडीसीए के अध्यक्ष संजय आहूजा जी उपस्थित रहे - सलाहकार समीति सदस्य लायन सुनील शर्मा के सौजन्य से प्रत्येक मैच का टॉस चाँदी के सिक्के से किया गया एवं टॉस जीतने वाले को चाँदी का सिक्का दिया गया - कार्यक्रम में सलाहकार समीति सदस्य लायन राजेश बनवारी, लायन संदीपा मल्होत्रा, लायन सुनील शर्मा, लायन जी एस गुप्ता, लायन सी एस तोमर, लायन अजय सप्रा,लायन शिवशंकर अग्रवाल, उपस्थित रहे क्रिकेट कार्निवल का मुख्य आकर्षक म्यूजिकल कॉमेंटरी रही जिसका संचालन लायन ज्योति अग्रवाल एवं लायन अजय सप्रा द्वारा किया गया - कार्यक्रम का आभार लायंस क्लब ग्वालियर दिशा के सचिव इर्शाद खान द्वारा दिया गया जिसमें लायंस क्लब के नौ क्लब्स ने भागीदारी की

# विश्व पुस्तक मेला दिल्ली में कविता की संस्कृति का हुआ विमोचन

## कविता की संस्कृति हिन्दी साहित्य की अमूल्य धरोहर - प्रो. प्रभात

**सीधी।** प्रो.अनिल सिंह की महत्वपूर्ण पुस्तक कविता की संस्कृति का विमोचन विश्व पुस्तक मेला प्रगति मैदान भारत मंडपम दिल्ली में हुआ। इनकी अब तक बारह पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। इनमें मुखौटो के विरुद्ध, अंधेरे में स्वप्न, एक नदी दस घाट और द मेलोडी ऑफ साइलेंस आदि हैं। कविता की संस्कृति प्रो. अनिल सिंह की 1× वीं पुस्तक है। लेखक गंभीर विचारक, कवि और संजय गांधी महाविद्यालय में अंग्रेजी के प्राध्यापक हैं। प्रो. अनिल सिंह ने कहा कि यह पुस्तक मेरी कविता की समझ, आत्मापोषी जीवन के मूल तत्व और कविता के गंभीर यथार्थता का प्रतीक है। बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के प्रो. प्रभात मिश्र ने कहा कि कविता की संस्कृति कविता के आत्म सत्य को समझने के लिए महत्वपूर्ण कृति है और यह पुस्तक साहित्य की अमूल्य धरोहर साबित होगी। दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रो. केदार प्रसाद मीणा ने कहा कि इस पुस्तक में पाश्चात्य और पूर्वार्त्य दृष्टिकोण का विश्लेषण कर सतही मार्क्सवादी जीवन दृष्टि को नकारा गया है, इस रूप में यह किताब गंभीर जीवन दृष्टि की खोज करती है। डॉ.शिव शंकर मिश्र सरस ने कहा कि यह पुस्तक महत्वपूर्ण विचारों और गंभीर चिन्तन से भरी हुई है और यह आलोचना के क्षेत्र में मील का पत्थर है। वरिष्ठ साहित्यकार रामनरेश तिवारी निष्ठुर ने कहा कि कविता की संस्कृति भारतीयता के



पक्ष में कविता का आलोचनात्मक विश्लेषण करती है और इसे बहुमूल्य कृति माना है। गांधीवादी विचारक संतोष कुमार द्विवेदी ने कहा कि इस पुस्तक से सार्थक कविता को समझने में सहायता मिलेगी। कवि विवेकचतुर्वेदी ने कहा कि इस पुस्तक में कविता के नए प्रतिमान देखने को मिलेंगे ।

आदर्श सिंह ने कहा मै भाग्यशाली हूं इस पुस्तक के प्रारम्भ से पुस्तक विमोचन तक साक्षी रहा। इस पुस्तक को पढ़ कर मैने कविता की आत्मा को पहचाना है। मेरी कविता और मनुष्यता की समझ को परिपक्व बनाने में इस पुस्तक का बहुत योगदान रहा है। इसमें आप कविता के बारे में तो जानेंगे ही इसके साथ साथ कबीर, श्री अरविंद, अज्ञेय, मुक्तिबोध और केदारनाथ सिंह की रचना प्रक्रिया और उनकी लेखन दृष्टि को जान कर लाभान्वित हो सकेंगे। आज कल प्रायोजित आलोचना के दौर में जहां आलोचना भटक सी गई है वहां यह पुस्तक अपनी मौलिकता और प्रमाणिकता के लिए जानी जाएगी । प्रलेक प्रकाशन के संचालक जितेंद्र पात्रो ने कहा साहित्य की दुनिया में आलोचना पुस्तक कविता की संस्कृति बहुत ही ज्ञानवर्धक पुस्तक है। यह पुस्तक साहित्यकारों के लिए रुचिकर और महत्वपूर्ण कृति तो है ही सबसे महत्वपूर्ण यह है कि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र.छात्राओं के लिए भी बहुत उपयोगी पुस्तक है। पुस्तक विमोचन के समय विश्व पुस्तक मेले में सम्पूर्ण देश के प्रतिष्ठित साहित्यकार और कवि उपस्थित रहे । पुस्तक विमोचन के लिए अंग्रेजी की प्राध्यापक डॉ.अंकिता सोनी, डॉ. मनीला सिंह, डॉ. अर्चना सिंह, डॉ.रीतू साहू, विकास चतुर्वेदी, सचिन सिंह, निकिता सिंह, मयंक सिंह, शशांक पाण्डेय, प्रवेश शुक्ला, साक्षी पाण्डेय, साक्षी सिंह आदि ने बधाई प्रेषित की है ।

# वैश्य महासम्मेलन ने जिला चिकित्सालय में मरीज को फल बांट कर किया रक्तदान



**सीधी।** मध्य प्रदेश वैश्य महासम्मेलन के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष स्व. नारायण प्रसाद गुप्ता की पुण्यतिथि में जिला चिकित्सालय सीधी में रक्तदान शिविर का आयोजन वैश्य महासम्मेलन जिला इकाई द्वारा किया गया। इस दौरान वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश और जिला इकाई के पदाधिकारी ने जिला अस्पताल में पहुंचकर मरीजों को फल एवं बिस्किट का वितरण किया। इस मौके पर जिला अस्पताल पूर्व मुख्य चिकित्सा एवं एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर सुनीता तिवारी और जिला अस्पताल का अन्य स्टाफ मौजूद रहा। जिसके बाद जिला वैश्य महासम्मेलन के पदाधिकारी ने रक्तदान केंद्र में पहुंचकर रक्तदान किया। इस अवसर पर भोला प्रसाद गुप्ता प्रदेश महामंत्री वैश्य महासम्मेलन, दिनेश गुप्ता जिला अध्यक्ष, डॉ राहुल जायसवाल अध्यक्ष जिला इकाई, अमित जायसवाल पूर्व जिला अध्यक्ष युवा इकाई, पूनम सोनी महिला उपाध्यक्ष, कंचन गुप्ता संभागीय अध्यक्ष महिला वैश्य महासम्मेलन मौजूद रहें।

# साइबर विशेषज्ञो ने जन जागरूकता को दी गति, किया व्यापक प्रचार प्रसार




**सीधी।** साइबर अपराधों की रोकथाम व आमजन को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करने के लिये पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देश पर पुलिस द्वारा सायबर सुरक्षा जागरूकता, सेफ क्लिक अभियान कार्यक्रम चलाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक डॉ. रविन्द्र वर्मा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में रविवार को अभियान के तहत विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एवं जिला व थाना स्तर पर सार्वजनिक स्थलो पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को साइबर अपराधों व इससे सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। कोतवाली पुलिस द्वारा गांधीचौक चौपाटी में, थाना बाहरी ग्राम भंवरी में, थाना जमोड़ी गणेश स्कूल कमला कॉलेज में, मझौली द्वारा शासकीय हाई स्कूल जोबा, वहीं ग्राम पोड़ी बड़वाही एवं ग्राम कमच थाना कुसमी, थाना भुइमाड़ द्वारा ग्राम देवरी, थाना कमर्जी द्वारा ग्राम हटवा बढ़ा टोला, थाना रामपुरनैकिन द्वारा हत्था तिराहा में कार्यक्रम आयोजित कर विद्यार्थियों व आम जनता को जागरूक करने का कार्य किया गया। आयोजित कार्यक्रम में साइबर सुरक्षा, पहचान की चोरी एवं सुरक्षित ब्राउजिंग पर एक क्विज का आयोजन किया साथ ही ऑनलाइन वित्तीय लेनदेन पर विशेषज्ञों के माध्यम से सुरक्षित लेनदेन करने की समझाइश के साथ साइबर अपराध, महिलाओं की सुरक्षा के संबंध में असुरक्षित इंटरनेट उपयोग के गंभीर परिणामों से अवगत कराया। छात्रों को साइबर जागरुकता संबंधी पोस्टर, पैम्फलेट वितरित कर साइबर अपराधों से बचने के लिए आवश्यक सावधानी बरतने की समझाइश दी गई।

# सतत संपर्क, समर्पण और निष्ठा के साथ करें पार्टी के कार्यों को संपादित .. प्रदेश मंत्री पाण्डेय

**सीधी ।** भारतीय जनता पार्टी की महत्वपूर्ण कामकाजी बैठक भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मंत्री एवं जिला संगठन प्रभारी राजेश पाण्डेय के मुख्य आतिथ्य और भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश मंत्री एवं जिला संगठन प्रभारी राजेश पाण्डेय ने दिल्ली में शानदार पार्टी की जीत और नवनिर्वाचित भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान और सभी नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्षों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बूथ अध्यक्ष, संयोजक एवं विभिन्न प्रकार के कार्यकर्ताओं के साथ समन्वय बनाकर पार्टी के सभी प्रकार के कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक संपन्न कराए। संगठन का कार्य दोस्ती और




आत्मीयता के साथ करने का गुरु मंत्र प्रदेश मंत्री श्री पाण्डेय ने दिया। सतत संपर्क, समर्पण और निष्ठा के साथ सभी मंडल अध्यक्ष पार्टी के कार्यों को करते हुए अपने कार्यकाल को ऐतिहासिक एवं यशस्वी बनाएं। प्रदेश मंत्री एवं जिला संगठन प्रभारी श्री पाण्डेय ने नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्षों को संगठन कला कौशल के विभिन्न प्रकार के संस्मरण के माध्यम से कला कौशल सिखाए। इसके पश्चात नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान का प्रदेश मंत्री श्री पाण्डेय ने मिठाई खिलाकर यशस्वी कार्यकाल की बधाई और शुभकामनाएं दी।

**आजीवन सहयोग निधि के लक्ष्य को करें पूर्ण .. देवेंद्र सिंह मुन्नू :-**

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, नगर पालिका परिषद के पूर्व अध्यक्ष एवं आजीवन सहयोग निधि के जिला प्रभारी देवेंद्र सिंह मुन्नू ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा कार्यकर्ता आधारित पार्टी है। इसलिए पार्टी को चलाने के लिए आजीवन सहयोग निधि की आवश्यकता होती है। आजीवन सहयोग निधि को हम सभी लक्ष्य के अनुसार निश्चित रूप से पूर्ण करेंगे, यही मेरी शुभकामनाएं। भाजपा प्रदेश कार्य समिति के सदस्य इंद्रशरण सिंह चौहान ने कहा कि किसी भी संगठन को चलाने के लिए कार्यकर्ता, कार्यक्रम, कोष और कार्यालय महत्वपूर्ण आयाम होता है। वहीं पूर्व जिला अध्यक्ष बृज बिहारी लाल शर्मा ने कहा कि सभी कार्यक्रम और दी गई जिम्मेवारियों को चुनौती पूर्ण मानकर प्रत्येक कार्यकर्ता काम करता है।

# बहरी पुलिस नें नाबालिक अपहृत को 24 घंटे के भीतर सिंगरौली से खोज कर सौंपा परिजनो को

**सीधी।** गुम बालक बालिकाओं को दस्त्याब करने के उद्देश्य से जिले में इन दिनो ऑपरेशन मुस्कान अभियान चलाया जा रहा है। ऑपरेशन मुस्कान के तहत पुलिस अधीक्षक डॉ. रविन्द्र वर्मा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव एवं उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय श्रीमती गायत्री तिवारी के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी बहरी निरीक्षक राकेश बैस के नेतृत्व मे बहरी पुलिस नें नाबालिक अपहृता को ढूंढकर परिजनों को किया सुपुर्द । बताया गया कि फरियादी थाना बहरी मे उपस्थित आकर इस आशय की रिपोर्ट किया कि उसकी नाबालिक लड़की घर से कपड़ा खरीदने का कह कर बहरी बाजार गई लेकिन वापस नहीं आई। मेरे द्वारा आस पड़ोस नाते रिश्तेदारी सभी जगह पता किया गया लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। मामला गंभीर होने के कारण थाना



प्रभारी बहरी नें वरिष्ठ अधिकारीयों को सूचित करते हुए उनके निर्देशन में मामला पंजीबद्ध कर तुरंत टीम गठित कर नाबालिक के पता तलाश हेतु रवाना किया जो लापता लड़की को 24 घंटे के भीतर सिगरौली से ढूंढकर थाना लाया गया तथा वैधानिक कार्यवाही उपरांत अपहृता को परिजनो को सुपुर्द कर दिया गया है। उपरोक्त समस्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश बैस, प्रआर. संतकुमार सिंह, कमलेश प्रजापति, आरक्षक चालक दिग्विजय सिंह, पिंकी दुबे एवं सायबर सेल सीधी से आरक्षक प्रदीप मिश्रा का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# अतिक्रमण की चपेट शहर, यातायात व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त : ज्ञान सिंह

## विधिक कार्रवाई के अभाव में जल्द ही होगा बड़ा आंदोलन

**सीधी।** जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने आरोप लगाते हुए कहा कि पूरा शहर अतिक्रमण की चपेट में है और अतिक्रमणकरियों के सामने प्रशासन नतमस्तक है। शहर के सभी फुटपाथ पर ठेलो और फुटकर व्यवसायियों का कब्जा है जबकि मिनी स्मार्ट सिटी के तहत् सर्वसुविधा युक्त चौपाटी का निर्माण, नवीन थोक सब्जी मंडी और फुटकर मंडी के विकास की योजना ठंडे बस्ते में पड़ी है और प्रशासन बेफिक्र है उन्हें शहर के यातायात की कोई चिंता नहीं है। सम्राट चौक पर अघोषित बस और ऑटो स्टैंड निर्मित हो चुका है। कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक के निवास की ओर जाने वाले मार्ग के मोड़ पर तो पूरा दिन बस और ऑटो वालों का कब्जा रहता है, हॉस्पिटल चौक से लालता चौक और ऊंची



हवेली तक के एक किलोमीटर की दूरी तय करने में आधे घंटे का समय लगता है। जिलाध्यक्ष ने आगे कहा कि कांग्रेस पार्टी ने कई बार ज्ञापन के माध्यम से प्रशासन से मांग की है कि शहर के फुटपाथ पर व्यवसाय कर रहे दुकानदारों को उचित स्थान पर जगह देकर यातायात व्यवस्था दुरुस्त की जाए और इससे फुटपाथ व्यवसायियों का भी नुकसान नहीं होगा लेकिन प्रशासन चिर निद्रा में सो रहा है। नवीन बस स्टैंड निर्माण के बावजूद सड़क पर बसे बेतरतीब ढंग से खड़ी रहती हैं। जिला कांग्रेस अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने जिला प्रशासन से मांग करते हुए कहा है कि फुटपाथ व्यवसाईयों के लिए उचित स्थान तलाश कर उन्हें वहां जगह प्रदान की जाए एवं शहर के फुटपाथ खाली कराए जाएं ऑटो एवं बसों के खड़े होने के स्थान निर्धारित किए जाएं नवीन फुटकर सब्जी मंडी का विकास किया जाए एवं सूखा नाले के किनारे निर्मित नवीन सड़क के किनारे चौपाटी निर्माण की योजना को मूर्त रूप दिया जाए जिससे शहर के अंदर सुगम यातायात व्यवस्था बहाल हो सके। उक्त व्यवस्था बनाने में प्रशासन जल्द से जल्द पहल करें अन्यथा कांग्रेस पार्टी को मजबूरन आंदोलन की ओर अग्रसर होना पड़ेगा।

# पटपरा बाजार के मुख्य मार्ग पर अतिक्रमण, जाम की समस्या से जूझ रहें कुंभ यात्री



**सीधी।** कमर्जी थाना क्षेत्र अंतर्गत पटपरा बाजार में मुख्य मार्ग पर दुकानदारों द्वारा अपने दुकान का सामान प्रतिदिन सजाया जाता है। जिसके चलते यहॉ से होकर गुजरने वाले लोग जाम के झाम में फॅसते हैं। विधिक कार्रवाई के अभाव में दुकानदार पहले दुकान के सटर के समीप, फिर गलियारे पर उसके बाद इन दिनो सीधे मुख्य मार्ग को वाधित करते हुए सड़क पर दुकान का सामान सजा रहे हैं। जिसके चलते कई रा'य की कुंभ यात्री उक्त स्थल से होकर मऊॅगंज होते हुए प्रयागराज की ओर प्रस्थान करते हैं किन्तु जानबूझ कर जाम लगाने वालों पर विधिक कार्रवाई का अभाव बना हुआ है। इन दिनो शहर से लेकर ग्रामीण बाजार की सड़कें अतिक्रमण की गिरफ्त में हैं। अवैध कब्जा करने से लोग जाम के झाम से परेशान हैं। सड़क की पटरियों पर दुकानदार काबिज हैं। मुख्य बाजारों में वाहनों को निकलने में घंटों लग जाता है। बावजूद इसके अधिकारी अभियान चलाकर अतिक्रमण की समस्या से लोगों को निजात दिलाने को आगे नहीं आ रहे हैं। अब देखिए न कमर्जी थाना क्षेत्र से कुछ कदम की दूरी पर मेन चौराहे के चारो ओर दुकानदारों द्वारा पहले दुकान का सामान फैलाया जाता है फिर उपभोक्ता सड़क पर वाहन पार्क कर देतें है और राहगीरो का जान बूझ कर परेशान किया जाता है। सड़क की दोनों किनारे की पटरियों पर दुकानें सजी हैं। दुकान सजने से सड़क सकरी हो गई है। इससे लोगों को पैदल व बाइक से भी निकलने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। जबकि सीधी से प्रयागराज एवम बनारस जाने वाले यात्री इस मार्ग को चुनना पसंद करते हैं और यहॉ आकर अतिक्रमण के कारण जाम लगने से घंटों यात्रियों को परेशान होना पड़ता है।



# जुआ खेलने वाले 6 आरोपियों को सनावद पुलिस ने पकड़ा

## नगदी 49400 रुपये व 52 ताश पत्तो की गड्डी कीमती 100 रुपये एवं 03 मोटरसायकल एवं 01 कार किमती 2,50,000 रुपये की जप्त किया

**आशीष शर्मा दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**

सनावद-श्रीमान पुलिस महानिरीक्षक इंदौर जोन इंदौर (ग्रामीण) श्री अनुराग एवं पुलिस उप. महानिरीक्षक निमाड रेंज खरगोन श्री सिद्धार्थ बहुगुणा द्वारा जुआ/सट्टा पर अंकुश लगाने हेतु निर्देशित किया गया था। उक्त निर्देशों के परिपालन मे पुलिस अधीक्षक खरगोन श्री धर्मराज मीना एवं अति पुलिस अधीक्षक श्री मनोहरसिंह बारिया (देहात) के मार्गदर्शन में जिले के समस्त अनुभाग के अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) व समस्त थाना प्रभारियों को प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। इसी तारतम्य में थाना सनावद अंतर्गत ग्राम नलवा के पास अनुविभागीय अधिकारी पुलिस बड़वाह के निर्देशन मे सनावद थाना प्रभारी के नेतृत्व मे पुलिस टीम द्वारा दिन मे जुआ खेलने वालों के विरूद्ध कार्यवाही की गई है।

घटना का संक्षिप्त विवरण

दिनांक 06.02.25 को मुखबीर द्वारा सूचना मिली की ग्राम नलवा की नहर के पास पहाडी पर कुछ लोग अवैधरुप से हारजीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते पुलिस टीम गठीत कर रवाना किया गया टीम द्वारा नलवा नहर के पास पहाडी पर पहुंचे जहां झाडीयों की आड से छिपकर देखा तो कुछ लोग घेरा बनाकर बैठे थे एवं एक व्यक्ति के हाथ में ताश पत्तों की गड्डी थी तथा बाकी लोग रुपये नीचे पटककर दांव लगा रहे थे। हमराह बल व पंचानों की मदद से घेराबंदी कर उन्है पकडने लगे तो कुछ लोग आपाधापी का फायदा उठाकर भाग गये उनमें से 06 लोगों को पकड़ा जिनसे उनका नाम पता पुछा तो उन्होने अपना नाम 1-रितेश पिता देवीसिंह ढाक्से जाति बलाई उम्र 29 साल निवासी एन.वी.डी.ए. कॉलोनी नं-02 पुनासा, 2-राधेश्याम पिता ओमप्रकाश नहाल उम्र 27 साल निवासी चितावत, 3-निसार पिता मकसूद पठान उम्र 27 साल निवासी वार्ड क्रं-06 कसाई मोहल्ला भीकनगांव, 4-रविन्द्र उर्फ रवि पिता शिवशंकर सेजगाया उम्र 25 साल निवासी खंगवाडा, 5-अकबर उर्प सोनु पिता अख्तर पठान उम्र 37 साल निवासी वार्ड क्रं-02 भोला चौक भीकनगांव, 6-रमेश पिता भुराजी तंवर उम्र 52 साल निवासी पुल के पास बडूद, को पकडा एवं पकडे गये व्यक्तियों से पुछताछ करते उन्होने बताया की बबलु उर्फ युसुफ पिता अल्ताफ निवासी सनावद, मुस्सु उर्फ शेख मुसर्रफ निवासी सनावद जुआ खिलवाते है एवं समीर पिता फिरोज निवासी सनावद जुए की नाल काटता है, बबलु उर्फ युसुफ, समीर, एवं जुआ खेलने वाला संतोष उर्फ मच्छी पिता मंगु निवासी सनावद, आपाधापी का फायदा उठाकर भाग गये पकडे गये लोगों से जुआ खेलने के संबंध में लायसेंस का पुछते कोई लायसेंस नही होना बताया जिनका कृत्य अपराध धारा 13 जुआ अधिनियम के तहत दंडनीय होने से समक्ष पंचानों के आरोपीयो के कब्जे से कुल नगदी 49400/- रुपये, 52 ताश पत्ते एवं घटना स्थल से एक इन्डिका कार तथा तीन मोटर सायकिल जप्त किया जाकर थाना सनावद पर अपराध क्रमांक 42/25 धारा 13 जुआ अधिनियम एवं 49 बीएनएस का पंजिबद्ध किया गया। शेष फरार आरोपियों की तलाश एवं गिरफ्तारी शेष है गिरफ्तार आरोपियों का नाम, रितेश पिता देवीसिंह ढाक्से जाति बलाई उम्र 29 साल निवासी एन.वी.डी.ए. कॉलोनी नं-02 पुनासा,राधेश्याम पिता ओमप्रकाश नहाल उम्र 27 साल निवासी चितावत,निसार पिता मकसूद पठान उम्र 27 साल निवासी वार्ड क्रं-06 कसाई मोहल्ला भीकनगांव,रविन्द्र उर्फ रवि पिता शिवशंकर सेजगाया उम्र 25 साल निवासी खंगवाडा,

अकबर उर्प सोनु पिता अख्तर पठान उम्र 37 साल निवासी वार्ड क्रं-02 भोला चौक भीकनगांव, रमेश पिता भुराजी तंवर उम्र 52 साल निवासी पुल के पास बडूद पवन पिता परसराम जाति चमार उम्र 30 वर्ष निवासी रावेरखेडी थाना बैडिया

फरार आरोपियों का नाम-बबलु उर्फ युसुफ पिता अल्ताफ निवासी सनावद,मुस्सु उर्फ शेख मुसर्रफ निवासी सनावद,समीर पिता फिरोज निवासी उज्जैन हाल सनावद,संतोष उर्फ मच्छी पिता मंगु निवासी सनावद,

जप्त सम्पति-नगदी 49400 रुपये व 52 ताश पत्तो की गड्डी कीमती 100 रुपये एवं 03 मोटरसायकल एवं 01 कार किमती 2,50,000 रुपये की जप्त किया।कुल मश्रुका 2,99,400 रूपये का जप्त किया गया उक्त कार्यवाही में अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) अनुभाग खरगोन सुश्री अर्चना रावत के मार्ग दर्शन में एवं थाना प्रभारी सनावद श्री इन्देश त्रिपाठी के नेतृत्व में सउनि शिवप्रसाद वर्मा , प्र.आर.940 रविन्द्र,आर.812 विजय ,आर.701 विनोद,आर.616 पीथा , आर.22 गजेन्द्र आर.103 श्रीकृष्ण बिर्ला का विशेष योगदान रहा।

# तीन दिवसीय नानी बाई का मायरा कथा के अंतिम दिवस कथा वाचक राधाकृष्ण महाराज ने नानी बाई और संत नरसि मेहता की भक्ति का उदाहरण देते कहा कि भगवान सरल हृदय से की गई प्रार्थना का उत्तर जरूर देते

**आशीष शर्मा दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**



सनावद-तीन दिवसीय नानी बाई का मायरा कथा के अंतिम दिवस कथा वाचक राधाकृष्ण महाराज ने नानी बाई और संत नरसि मेहता की भक्ति का उदाहरण देते कहा कि भगवान सरल हृदय से की गई प्रार्थना का उत्तर जरूर देते हैं। महाराज ने उपस्थित श्रोतावृंद को रोजाना माथे पर तिलक लगाने की प्रेरणा दी और कहा कि तिलक लगाने भगवान प्रसन्न होते हैं। क्योंकि हमारे मस्तक पर ब्रह्मा, विष्णु महेश तीनों का वास होता है। तिलक हमारी संस्कृति की पहचान भी है। तिलक लगाने से हमें आध्यात्मिक शांति भी मिलती है। नानी बाई की कथा का प्रसंग सुनाते हुए कथावाचक ने कहा की नानी बाई ने नरसि मेहता की भक्ति और श्रद्धा को अपने जीवन में उतारा और अंत तक नरसि मेहता की भक्ति में तल्ले रही। नानी बाई ने कठिन परिश्रम भी किया और कठिनाइयां भी सहन की। लेकिन भक्ति से कभी पीछे नहीं हटी।इसी प्रकार हमें भी भक्ति के मार्ग पर चलना चाहिए। इससे भगवान हमारे सारे दुखों का नाश करेंगे।हमारी धर्म के प्रति आस्था सदैव जागृत रहना चाहिए। धर्म जितना बढ़ेगा उतना समाज में आपसी मेल बढ़ेगा। कथा के समापन पर आयोजक समिति के दीपक माहेश्वरी ने बताया कि कथा वाचन के लिए जोधपुर से पंडित राधाकृष्ण महाराज विशेष रूप से सनावद नगर पधारे थे। था।विधायक सचिन बिरला ने भी कथा श्रवण कर धर्मलाभ लिया। थाना प्रभारी इंद्रेश त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने नानी बाई के मायरे की कथा का श्रवण किया। अंतिम दिवस नानी बाई का मायरा भरा गया। जिसमें कथा के आयोजक चौखड़ा विहार परिवार सहित श्रद्धालुओं ने नानी बाई के मायरे को पूरा किया। अंत में आरती के बाद पश्चात प्रसादी वितरण किया गया।

# साइबर सुरक्षा अभियान के तहत शक्करखेड़ी विद्यालय में विद्यार्थियों को दी जानकारी



**कैसे हिंदुस्तान दिनेश वर्मा**

खेड़ाखजुरिया -अंचल के शासकीय विद्यालय में चलाए जा रहे साइबर सुरक्षा अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को शासकीय हाईस्कूल शक्करखेड़ी में राघवी थाना प्रभारी वीरेंद्रसिंह बंदेवार ने विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा एवं डिजिटल अरेस्ट के बारे में विस्तृत से जानकारी प्रदान करने करते हुए पूर्णत सावधानी बरतने की बात कही ओर विद्यार्थियों को स्वयं व अपने परिजनों सहित मिलने जुलने वालो को भी जानकारी प्रदान करने की बात कही गई । इसके साथ ही थाने के महेंद्रसिंह एवं रविंद्रसिंह सेगर द्वारा छात्र-छात्राओं को साइबर सुरक्षा के बारे में विस्तार से बताया गया । इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्य कौशल्या पाटीदार,शिक्षक वासुदेव मंडोवरा, निरंजन राठौड़, गोपालसिंह, गोवर्धनलाल झाला सहित छात्र-छात्रए उपस्थित थे ।

# सड़क निर्माण के चलते रहवासी क्षेत्र में पानी छिड़काव को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश

**केसरिया हिंदुस्तान दिनेश वर्मा**



,एक माह से खुदी पड़ी सड़क,धूल और खराब मार्ग से रहवासी व वाहन चालक हो रहे परेशान*घोंसला-महिदपुर मार्ग का निर्माण कार्य के चलते खेड़ाखजुरिया में ठेकेदार द्वारा रहवासी क्षेत्र में प्रतिदिन पानी छिड़काव न करने की बात को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। रहवासी विक्रम परिहार, शंकर, सज्जन परिहार ,भारतसिंह आदि ने बताया कि ठेकेदार द्वारा घरों के सामने लगभग एक माह पूर्व सड़क को दी गई है । खुदी हुई सड़क पर दिनभर धूल उड़ती रहती है। उक्त सड़क पर ठेकेदार द्वारा प्रतिदिन पानी छिड़काव नहीं किया जा रहा है। रहवासियों ने इस बात को लेकर चर्चा की तो ठेकेदार के कर्मचारियों द्वारा अभद्रता पूर्वक व्यवहार किया गया । जिसके कारण रहवासियों में काफी आक्रोश देखने को मिल रहा है। जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा ठेकेदार के कर्मचारियों की इस प्रकार के कार्य प्रणाली पर समय रहते ध्यान नहीं दिया गया तो कभी भी बड़ा विवाद हो सकता है। इस विवाद को लेकर क्षेत्र में तनावपूर्ण स्थिति निर्मित हो रही है । वहीं खस्ताहाल मार्ग पर धूल व खराब मार्ग से रहवासियों व वाहन चालकों को प्रतिदिन परेशान होना पड़ रहा है । ग्रामीणों ने सड़क निर्माण से संबंधित उच्च अधिकारियों को इस ओर ध्यान देकर नियमानुसार प्रतिदिन पानी का छिड़काव करवाने एवं निर्माण कार्य गुणवत्ता से शीघ्र पूर्ण करवाने की मांग की है ।

# तारण तरण समारोह - श्रद्धालुओं की आंखें सजल बेदी सौतन कार्यक्रम संपन्न हुआ

**दैनिक केसरिया श्रीराम सेन**



**सिलवानी** तारण तरण समाज का तीन दिवसीय धार्मिक समारोह शनिवार को वेदी सूतन कार्यक्रम के साथ समाप्त हो गया। इसमें देशभर से समाज के लोग परिवार सहित शामिल हुए। श्री तारण तरण दिगंबर जैन चैत्यालय सिलवानी में श्री वेदी प्रतिष्ठा महामहोत्सव के तीसरे दिन वेदी सूतन का कार्यक्रम हुआ। इसमें वेदी सूतन कर्ताओं सहित देशभर से आए समाज के लोग और श्रद्धालु समवशरण मंडप में इकट्ठे हुए। इसके पश्चात मंत्र जप, ध्यान और संगीतमय मंदिर विधि हुई। इसके बाद सभी चल समारोह के रुप में मंडप से चैत्यालय के लिए रवाना हुए। इस दौरान अहिंसा धर्म के ध्वज के तले दिव्य घोष की धुन के बीच सभी श्रद्धालु जयकारा लगाकर भजन गाते चल रहे थे। चैत्यालय पहुंचकर पूरे विधि विधान और धार्मिक अनुष्ठान के साथ शुद्धि के बाद सूत धागे से वेदी का सूतन हुआ।

**निकाला गया चल समारोह, जोड़े के साथ शामिल हुए वेदी सुतनकर्ता :** वेदी सुतन कार्यक्रम के पूर्व समवषरण पंडाल से दोपहर के समय चल समारोह निकाला गया। बाल ब्रम्हचारी आत्मानंदजी महाराज, बाल ब्रम्हचारी, इतिहास रत्न बसंतजी, बाल ब्रम्हचारी शांतानंदजी व साधक तथा साधिकाओं के नेतृत्व में निकाले गए चल समारोह में समाजजन धर्म ध्वजा लहलहाते हुए शामिल हुए वहीं वेदी सुतनकर्ता जो` साथ चल रहे थें। यहां परप सहभागिताकर रहे समाजजन जयकारा लगा रहे थे।

**पूरा शहर तोरण द्वारों से सजा रहा, बंद रहे समाज के प्रतिष्ठान :** नगर के तारण तरण जैन चैत्यालय में वेदी सुतन कार्यक्रम श्रद्धा व भक्ति भाव के साथ व संपन्न हुआ। नगर के तारण तरण जैन चैत्यालय का इतिहास करीब 5 सौ साल पुराना बताया जा रहा है। यहां पर एक सौ एक जोड़े तथा 22 सिंगल समाजजनो के द्वारा पूर्ण विधि विधान के साथ वेदी सुतन का कार्यक्रम संपन्न किया। यहां पर बाल ब्रम्हचारी आत्मानंदजी महाराज, बाल ब्रम्हचारी, इतिहास रत्न बसंतजी, बाल ब्रम्हचारी शांतानंदजी के द्वारा वेदी सूतन के पूर्व की धार्मिक क्रियाएं संपन्न कराई गई। तीन इस धार्मिक कार्यक्रम के लिए जहां पूरा शहर तोरण द्वारों सजा रहा। वहीं दूसरी तरफ समाज के लोगों ने अपने अपने प्रतिष्ठान बंद रखे। सभी लोग अखिल भारतीय स्तर के कार्यक्रम के लिए आयोजन स्थल पर सुबह से शाम तक अपनी सेवाएं देते रहे। इस कार्यक्रम में देश के विभिन्न प्रांतों और नगरों में रहने वाले तारण समाज के सैकड़ों लोग तीन दिन से नगर में ही रुके हुए थे। इस कार्यक्रम के समापन के साथ ही तीन दिवसीय कार्यक्रम का समापन किया गया।

**प्रसन्नता के साथ सभी ने मनाया मंगल महोत्सव :** समाज के इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में शामिल लोगों की खुशी इतनी थी कि उनकी आंखें सजल हो गई। प्रसन्नता के साथ सभी आनंद का मंगल उत्सव मनाया यही नहीं । लोग ढोलक की थाप पर खूब नाचे। वेदी सुतन के बाद उपस्थित समाजजनो के द्वारा खुषी व्यक्त करते हुए हल्दी की होली खेली गई।कार्यक्रम के अंतिम चरण में आयोजन समिति ने उन सभी का आभार माना। जिन्होंने अपनी भूमिका अदा की थी। कार्यक्रम के दौरान संगीतमय भजन का कार्यक्रम चला।

# प्रस्तावित किसान विरोधी, राज्य सरकार विरोधी, कृषि विपणन पर राष्ट्रीय नीति निरस्त करें

**दैनिक केसरिया श्रीराम सेन**

आज सिलवानी नगर की मंडल अध्यक्ष श्याम साहू को केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के नाम से ज्ञापन सोपा संयुक्त मोर्चा के प्रदेश सचिव श्री राम सेन ने कहा कि किसानों के हित में सरकार कम करें अन्यथा सरकार की किसने की नजरों में साख गिर जाएगी।

केंद्र सरकार की निरंतर उदासीनता पर गहरी चिंता के साथ, हम आपसे कृषक समुदाय की समस्याओं को संबोधित करने के लिए प्रधान मंत्री और भारत सरकार से समाधान की मांग करने का अनुरोध करते हैं। हम यह बताना चाहते हैं कि 1 फरवरी, 2025 को वित्त मंत्री द्वारा प्रस्तुत केंद्रीय बजट में भी किसानों और खेत मजदूरों की बुनियादी मांग को पूरी तरह से नजरअंदाज किया गया है। हमें उम्मीद है कि आप इन मुद्दों को भारत सरकार, खासकर माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के समक्ष उठाने में हमारा समर्थन करेंगे।

केंद्र सरकार ने कृषि विपणन पर एक नया राष्ट्रीय नीति ढांचा का प्रारूप, एनपीएफएएम जारी किया है, जो 3 कृषि कानूनों की पुनर्वापसी है, जिन्हें यह सुनिश्चित करने के लिए वापस लिया गया था कि किसानों का ऐतिहासिक 13 महीने का आंदोलन समाप्त हो।

इस मसौदे का उद्देश्य सभी कृषि गतिविधियों को निजी निगमों और बहुराष्ट्रीय कंपनियों के नियंत्रण में लाना है। यह सभी एपीएमसी मार्केट यार्ड को एक एकीकृत विपणन संरचना के तहत एकजुट करने का प्रस्ताव करता है, जिसमें उन्हें पीपीपी मोड के तहत पुनर्विकास किया जाना है और डिजिटल मोड के तहत जोड़ा जाना है। कॉरपोरेट नियंत्रण के तहत खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के लिए क्लस्टर खेती विकसित करने के लिए, यह एफपीओ के माध्यम से अनुबंध खेती शुरू करने का प्रस्ताव करता है, जो सभी श्रेणियों के किसानों को कॉरपोरेट नियंत्रित खुदरा विपणन, मूल्य संवर्धन श्रृंखलाओं और खाद्य निर्यात के नेटवर्क से आपूर्ति के लिए बांध देगा। यह किसानों की स्वतंत्रता के लिए एक गंभीर खतरा है और यह अनुबंध खेती के माध्यम से कॉरपोरेट अधिग्रहण की सुविधा देकर कृषि उत्पादन, प्रसंस्करण उद्योग और बाजार के बुनियादी ढांचे को विकसित करने के लिए राज्य सरकारों की जिम्मेदारियों को कमजोर करेगा। कॉरपोरेटीकरण और निजीकरण के लिए इस तरह के बड़े पैमाने पर प्रयास धीरे-धीरे सब्सिडी वाले बीज, उर्वरक और कीटनाशक उपलब्ध कराने, सिंचाई और विपणन बुनियादी ढांचे के प्रावधान की किसान कल्याण योजनाओं को नष्ट कर देंगे। यह किसानों को और अधिक गरीब और कर्जदार बना देगा और उन्हें उनकी जमीन और आजादी दोनों से वंचित करेगा।



एनपीएफएएम एमएसपी और कानूनी रूप से गारंटीशुदा खरीद के साथ-साथ पीडीएस राशन वितरण पर भी, इसकी किसान विरोधी, मजदूर विरोधी और गरीब विरोधी प्रवृत्ति को उजागर किया है। हमारा आकलन है कि यह सब साम्राज्यवादी संस्थाओं, विश्व बैंक, आईएमएफ और डब्ल्यूटीओ के इशारे पर किया जा रहा है ताकि कृषि खुदरा व्यापार और प्रसंस्कृत खाद्य उद्योग को बहुराष्ट्रीय कंपनियों सहित बड़े निगमों के लिए खोला जा सके। हमारे देश की खाद्य संप्रभुता पर इस हमले का विरोध करने के लिए और लोगों के हितों की रक्षा करने के लिए हम सभी को कॉरपोरेट कुलीनतंत्र के खिलाफ एकजुट होना चाहिए।

हम आपसे आग्रह करते हैं कि कृपया इस जनविरोधी, कॉरपोरेट समर्थक नीति पर गौर करें और एक जनप्रतिनिधि के रूप में इसके खिलाफ अपनी मजबूत आवाज उठाएं। कॉरपोरेट आधिपत्य को बढ़ावा देने से कभी समाधान नहीं होगा; बल्कि कृषि संकट और बढ़ेगा। हम आपसे यह भी आग्रह करते हैं कि आप अपनी पार्टी और साथी सांसदों के साथ इस नीतिगत मामले पर चर्चा करें और केंद्र सरकार पर इस राष्ट विरोधी नीति को तुरंत वापस लेने के लिए दबाव डालें।

भारत के किसानों ने दिल्ली की सीमाओं पर 3 कृषि कानूनों के खिलाफ 13 महीने से चल रहे किसान संघर्ष के अंत में केंद्र सरकार से लिखित आश्वासन मांगा था। सरकार ने 9 दिसंबर, 2021 को अपने पत्र में एमएसपीश्चसी2+50त्न की गंभीर मांगों को संबोधित करने के लिए लिखित रूप से निर्दिष्ट किया था, जिसमें गारंटीकृत खरीद और बिजली का निजीकरण न करने सहित अन्य मांगें शामिल थीं। यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि सरकार न केवल इन समस्याओं को हल करने में विफल रही है, बल्कि वर्तमान बजट ने एमएसपी की लंबे समय से लंबित मांग की क्रूरतापूर्वक उपेक्षा की है। कॉरपोरेट मुनाफे में अनियंत्रित मूल्य वृद्धि के संदर्भ में इसे गंभीरता से देखने की जरूरत है जो 2022-23 में 10, 88,000 करोड़ रुपये और 2023-24 में बढ़कर 14, 11,000 करोड़ रुपये हो गई। केंद्रीय बजट लाभकारी मूल्य के आधार पर खरीद के लिए बाजार तंत्र सुनिश्चित करके प्राथमिक उत्पादकों, किसानों और खेत मजदूरों तक पहुंचने के लिए कॉरपोरेट लाभ का उचित हिस्सा सुनिश्चित करने के लिए तैयार नहीं है। इसी तरह किसानों और खेत मजदूरों के लिए कर्ज माफी की कोई व्यापक योजना नहीं है, हालांकि संसदीय समिति ने 17 दिसंबर 2024 को इसकी सिफारिश की है। पिछले दो वर्षों के दौरान, अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों ने क्रमशः 2,09,144 करोड़ रुपये और 1,70,000 करोड़ रुपये की राशि के कॉरपोरेट्स के ऋण माफ किए हैं। पिछले दस वर्षों में एनडीए 1 और एनडीए 2 सरकारों ने 14.6 लाख करोड़ रुपये के कॉरपोरेट ऋण माफ किए हैं। हालाँकि, जब किसान आंदोलन इस गंभीर मुद्दे को उठा रहा है कि भारत में कर्ज के कारण रोजाना 31 किसान आत्महत्या कर रहे हैं, तो केंद्र सरकार चुप रहना पसंद करती है।

दूसरी ओर इसने एसकेएम के साथ हुए समझौते का उल्लंघन करते हुए टैरिफ बढ़ोतरी, स्मार्ट मीटर आदि जैसे विद्युत अधिनियम के प्रावधानों को लागू किया है। एसकेएम ट्यूबवेल को मुफ्त बिजली और सभी ग्रामीण उपयोगकर्ताओं के लिए मुफ्त 300 यूनिट की मांग कर रहा है। सरकारों को सभी स्मार्ट मीटर हटा देने चाहिए।

संशोधित अनुमान 2024-25 के अनुसार, कृषि और संबद्ध क्षेत्र में किए गए व्यय में 5042.06 करोड़ रुपये की कमी की गई है। फसल बीमा के लिए 'प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के प्रमुख कार्यक्रम' में 3621.73 करोड़ रुपये और उर्वरक सब्सिडी पर 26000 करोड़ रुपये की कटौती की गई है।

# पूर्व मुख्यमंत्री का किया गया स्वागत

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान ब्यूरो रिपोर्ट रीवा**



**रीवा** पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह का सिरमौर नगर में यूथ कांग्रेस सिरमौर के अध्यक्ष अमृतांश तिवारी एवं पार्षद अनिल सोनी द्वारा स्वागत समारोह कार्यक्रम का आयोजन नगर में किया गया मालूम हो की पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह शीतलहा पूर्व विधानसभा अध्यक्ष श्री युत श्रीनिवास तिवारी की प्रतिमा का अनावरण कार्यक्रम में जा रहे थे उनके साथ जिला अध्यक्ष इंजीनियर राजेंद्र शर्मा संगठन मंत्री रवि तिवारी मंजुला त्रिपाठी महापौर अजय मिश्रा बाबा जिला कार्यकारिणी के अध्यक्ष गिरीश सिंह सहित जिले के पदाधिकारी शामिल थे जैसे ही सिरमौर नगर में इनका प्रवेश हुआ अपने पूर्व मुख्यमंत्री के स्वागत के लिए यूथ कांग्रेस सिरमौर के सदस्य एवं अन्य कांग्रेस के पदाधिकारी कार्यकर्ता उमर पड़े माल्यार्पण कर स्वागत किया गया स्वागत कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के कार्यवाहक अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा वरिष्ठ नेता गणेश पांडे अशोक पांडे कमलेश कुशवाहा राकेश पांडे सबल खान आकाश सेन विपिन द्विवेदी रामशरण गुप्ता सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे

# आत्महत्या, भ्रूण हत्या नहीं करना चाहिए, यह बहुत बड़ा पाप है : बाबा उमाकान्त जी महाराज

## मानव हत्या कभी नहीं करना चाहिए, इसका पाप क्षमा नहीं होता है



(उज्जैन) परम सन्त बाबा उमाकान्त जी महाराज ने सतसंग सुनाते हुए बताया कि कलियुग में जीवों को फंसाने के लिए तरह-तरह की बाधाएँ हैं। इसलिए हमें इस कलियुग में अपनी जीवात्मा को अपने घर पहुँचाने का लक्ष्य रखना चाहिए, जिससे इसे फिर जन्मने-मरने, दु:ख झेलने के लिए यहाँ न आना पड़े। ये मनुष्य शरीर, जो हीरे के समान अनमोल है, इसकी क़ीमत लोग नहीं समझ रहे हैं और अपने जीवन के बचे हुए समय को व्यर्थ लुटा रहे हैं। ये मनुष्य शरीर उस मालिक (सतपुरुष) ने दिया जिसकी अंश जीवात्मा इसमें बैठी है। इसमें जीवात्मा की मौजूदगी से यह बेशक़ीमती हो गया। उस प्रभु ने शरीर के पालन पोषण के लिए सारे इंतज़ाम कर दिए। जैसे पैदा होते ही माँ के दूध की उपलब्धता, फिर सगे-संबंधियों का प्यार, हवा-पानी, वैद्य-हकीम का ज्ञान, भौतिक ज्ञान एवं आध्यात्मिक ज्ञान के लिए गुरु जो जीवन के लिए आवश्यक है, उन सभी चीजों को वो ईश्वर प्रारब्ध अनुसार दिलाया करता है।

**मानव हत्या, आत्महत्या, भ्रूणहत्या से इस जीवात्मा को प्रेत योनि में जाना पड़ता है :** नारी के गर्भ में जो बच्चा होता है, वो जानवर के बच्चे से ज्यादा क़ीमती होता हैं। कई लोग अनजान में गर्भपात (एबोर्शन) करवा देते हैं, जैसे कोई पैसे ऐंठने वाला डॉक्टर मिल जाए और कहे कि बच्चा बढ़ नहीं रहा और सड़ रहा है तो एबोर्शन करने के लिए कह देता है। यह कभी नहीं करवाना चाहिए। मां के गर्भ में, इस देव दुर्लभ शरीर के मिलने का मसाला तैयार होता है। पाँच महीने दस दिन के बाद जीवात्मा उसमें प्रवेश कर जाती है तब वह हिलता है, उसमें जान आती है।

मानव हत्या कभी नहीं करना चाहिए, इसका पाप क्षमा नहीं होता है। आत्महत्या कभी नहीं करना चाहिए, इसका बहुत बड़ा पाप होता है। जिस काम के लिए यह मानव मंदिर मिला, उससे अपनी आत्मा को जगाने का, परमात्मा को पाने का, आत्मा को उस तक पहुँचाने का काम आपने किया नहीं और शरीर को ख़त्म कर दिया, इसकी सज़ा मिलती है। प्रेत योनि में जाना पड़ता है, उनका मुँह बहुत पतला और पेट बहुत बड़ा होता है जो कभी भरता नहीं है, वो हमेशा परेशान रहते हैं।

# निर्माण कार्य के नाम पर विकास को कर रहे प्रभावित

**मामला नवगठित नगर परिषद। बरग़वां अमलाई का है**

अखंड प्रताप सिंह की रिपोर्ट
केसरिया हिंदुस्तान



**अनूपपुर।** विवादों की जननी बन बैठे हैं कुछ ढोंगी जिनके कारण नगर परिषद क्षेत्र का माहौल और विकास दोनों ही अपनी बाट जोह रहे हैं नगर परिषद बरगवा अमलाई के विकास कार्य में कुछ विघ्न संतोषी एवं छूट भैया नेता रोड़ा अटकाने का कार्य बदस्तूर जारी रखे हुए मध्य प्रदेश शासन की भूमि पर अवैध रूप से कब्जा करने वाले सीना ठोक कर शासन के द्वारा स्वीकृत एवं अधिकृत भूमि और नगर परिषद को आवंटित की गई भूमि को लेकर आंदोलन अंशन जैसी और असंवैधानिक गतिविधियों को धता बता कर बेबुनियाद तरीके से शासन के निर्माण एवं विकास कार्यों को बाधित करने का प्रयास कर रहे हैं।

कहीं मंदिर निर्माण कार्य तो कहीं धार्मिक आयोजनों का हवाला देते हुए धर्म के नाम पर विवादों को जन्म दे रहे हैं जिसके कारण नवनिर्मित नगर परिषद के विकास में बाधाएं उत्पन्न हो रही है शासन की संपत्ति को लूटकर सार्वजनिक हितों को अनदेखा करने वाले जनसंपर्क नियमों एवं अभिव्यक्ति के साधन को व्यक्तिगत आरोप प्रत्यारोप सोशल मीडिया साइट्स पर किया जा रहा है जिससे क्षेत्र में अशांति का वातावरण निर्मित हो रहा है। मंदिर निर्माण एवं धर्म की आड पर खेल खेलने वाले षड्यंत्रकारी एवं कुटिल राजनीतिज्ञ एक आयातित नेता जिनकी फितरत में सिर्फ लोगों का उपयोग करना और धोखा देना रहा है उनके जैसे लोग विकास की धारा को अवरुद्ध करने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है जो कि इस क्षेत्र के लिए एक विडंबना है और यहां की निवासरत जनता कई वर्षों के इंतजार के बाद विकास को हम मानकर एक नई दिशा में शासन की भूमि पर चाहे वह सड़क निर्माण हो या फिर भवन या पार्क निर्माण हो सभी कार्यों में जन समूह के द्वारा किसी भी प्रकार का विरोध नहीं किया जा रहा है

### इनका कहना है

यह जमीन नगर परिषद की है जो व्यक्ति यह आरोप लगा लिए रहे हैं तो उनके लिए न्यायालय का रास्ता खुला है

**सीएमओ**
**नगर परिषद बरगवां**

# महिपाल का जलेबी से जाली नोट तक का सफर

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान दिनेश चौरसिया



भेरूंदा नगर का हृदय कहे जाने वाले दुर्गा मंदिर चौराहा थाने कोर्ट तहसील के कुछ ही कदमों की दूरी पर चलता था जाली नोट का बड़ा कारोबारनगर भेरूंदा के महिपाल ने इन दीनों भेरूंदा सहित पूरे मध्य प्रदेश में हलचल मचा रखी है भेरुदा में जाल फेलाकर लोगो को जलेबी बना दिया हां यह वही महिपाल है जिसने राजस्थान से भेरूंदा आकर एक छोटा सा जलेबी का व्यापार चालू किया और उसके बाद जल्द अमीर बनना और अय्याशी सहित महंगे खर्च में अपना और अपने दोस्तों के साथ विदेश घूमना जाली नोट के कारोबार से अच्छा कोई कारोबार नहीं समझा

# लायंस की प्रांतीय केबिनेट मिटिंग स्नेह में संपन्न

## स्नेह के 'सृजन' हॉल का हुआ लोकार्पण

निलेश मेहता, दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

नागदा जं.। लायन्स इंटरनेशनल प्रांत 3233-जी2 की तृतीय केबिनेट मिटिंग 'प्रवेग' का आयोजन लायन्स ऑफ नागदा के आतिथ्य में दिव्यांगजनों सशक्तिकरण एवं पुनर्वास हेतु कार्यरत तथा तीन राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित लायन्स ऑफ नागदा की स्थायी परियोजना स्नेह के लायन्स हाल में संपन्न हुई । उपरोक्त जानकारी देते हुए कार्यक्रम संयोजक लायन सतीश बजाज एवं लायन हरीश तिवारी ने बताया कि प्रांतपाल पीएमजेएफ लायन मनीष शाह की अध्यक्षता में प्रांत 3233




ज2 के रीजन चेयरपर्सन, झोन चेयरपर्सन एवं प्रांतीय चेयरपर्सन के साथ 120 क्लबों के पदाधिकारियों ने शिरकत कर उनके द्वारा की गई प्रशासनिक एवं सेवा गतिविधियों पर मंथन किया एवं आगामी समय में आयोजित होने वाली गतिविधियों के बारे में जानकारी प्रदान की 7 अतिथियों ने प्रांतीय पदाधिकारियों द्वारा विभिन्न सामजिक विषयों पर प्रकाशित सर्कुलर्स एवं स्नेह के सेवा एवं नेतृत्व पर बने कैलेंडर का विमोचन भी मीटिंग के दौरान किया 7

**स्नेह के 'सृजन' हॉल का हुआ लोकार्पण :** इस अवसर पर प्रांतपाल लायन मनीष शाह, उपप्रान्तपाल द्वितीय लायन महेश मालवीय, कैबिनेट सचिवद्वय लायन उर्वशी शाह एवं लायन शरद द्विवेदी, केबिनेट कोषाध्यक्ष लायन अशोक तोषनीवाल, असंगठित कर्मकार मंडल के पूर्व अध्यक्ष लायन सुल्तान सिंह शेखावत, पूर्व प्रान्तपाल लायन पी एस बग्गा तथा लायन डॉ अजय गुप्ता के आतिथ्य में दिव्यागजनों के प्रशिक्षण हेतु निक्सी द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत प्रदत्त राशि से नवनर्मित 'सृजन' हॉल का लोकार्पण किया 7 लोकार्पित सृजन हॉल में प्रांत के विभिन्न क्लबों के अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष एवं उपाध्यक्षों हेतु आयोजित कार्यशाला में स्नेह संस्थापक लायन पंकज मारू द्वारा दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठजनों हेतु भारत सरकार की एडिप एवं राष्ट्रीय वयोश्री योजना के अंतर्गत नि:शुल्क सहायक उपकरण प्राप्त करने के संबंध में प्रशिक्षण प्रदान किया गया । प्रान्तपाल ने इस मौके पर लायन गोविन्दलाल मोहता, लायन गुलजारीलाल त्रिवेदी, लायन पंकज मारू, लायन विनयराज शर्मा, लायन रवि शर्मा, लायन अजय गरवाल, लायन अशोक बिसानी, लायन विरेन्द्र मालपानी, एवं लायन सोनू मारू को सम्मानित किया 7 इस अवसर पर लायन अजय पोरवाल, लायन मनीष गेहलोत, लायन रवि कांठेड, लायन कमलेश जायसवाल, लायन लता खेतान, लायन राजेश मोहता, लायन सुनील नरूला, लायन विजय पोरवाल, लायन झमक राठी, लायन प्रदीप रावल, लायन अरविन्द नाहर, लायन नन्दकुमार मिश्रा, लायन सुशील ओझा, लायन राजेश इन्द्र, लायन राकेश डाबी, लायन मुकेश राठौड, लायन ओम बैरागी, लायन आर के यादव, लायन सलीम खान सहित प्रान्त के अनेक क्लबों के लायन सदस्य, स्नेह स्टाफ एवं बच्चे उपस्तिथ थे 7

# रुद्र नयन मित्र बड़ावदा में लगा नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर

**(106 लोग हुए लाभान्वित)**

केसरिया हिंदुस्तान दिनेश पौराणिक



**बड़ावदा** 7 फरवरी को बड़ावदा के चंपाखेड़ा फटे स्थित रुद्र नयन मित्र केंद्र पर निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया जहां वरिष्ठ दृष्टि दोष विशेषज्ञ राहुल लक्षकार एवं रेटीना स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल इंदौर के डॉ बसंत शर्मा द्वारा आंखों की जांच की गई।मरीजों की आंखों की जांच कर बस द्वारा इंदौर भेजा गया। और बाकी मरीजों को मुफ्त दवाईयां वितरित की गई कई लोगों ने शिविर में भाग लेकर नि:शुल्क सेवा का लाभ लिया

# प्रथम समाधि दिवस पर पाठशाला के बच्चों ने किया वृक्षारोपण

संवाददाता विपिन पटेल तेंदूखेड़ा

तेंदूखेड़ा जन जन के संत सभी की आस्था के आधार आचार्य भगवन श्री विद्यासागर जी महाराज विगत बर्ष माघ शुक्ल अष्टमी एवं नवमी की दरम्यानी रात्रि में छत्तीसगढ़ के डोंगरगढ चंद्रगिरि तीर्थ पर सम्यक् समाधि सल्लेखना की साधना करते हुये नश्वर देह का विसर्जन करते हुये इस मानव लोक से महाप्रयाण कर गये थे । सम्पूर्ण भारतबर्ष में उनके भक्तजन इस समय उनका प्रथम समाधि दिवस मनाकर अपने आस्था के आधार गुरुदेव को अपनी विनयांजलि श्रद्धांजलि समर्पित कर रहे हैं ।इसी क्रम में विगत दिवस श्री महावीर दिगंबर जैन पाठशाला तेंदूखेडा के बच्चों एवं शिक्षिकाओं समाज के गणमान्य जनों ने जैन मंदिर प्रांगण में वृक्षारोपण किया एवं सभी बच्चों ने उनका संरक्षण संवर्धन करने का संकल्प किया इस अवसर पर पाठशाला की शिक्षिकायें शैली जैन अनामिका जैन श्रीमती आकांक्षा चौधरी श्रीमती अमिता मोदी दिगंबर जैन परिषद जैन समाज श्री महावीर दिगंबर जैन पाठशाला मुनि सेवा समिति एवं पाठशाला के बच्चे, अभिभावक गण उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा संचालित जनहित देसी योजनाओं का लाभ आम जनता को मिल रहा है डॉक्टर चिंतामणि मालवीय

केसरिया हिंदुस्तान दिनेश पौराणिक

यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश में अनेक योजनाएं चलाई जा रही है जिसके अंतर्गत ऐसी कई जनहितेशी योजनाएं हैं जिसका लाभ समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्तियों को मिल रहा है उक्त बात पंजाब नेशनल बैंक द्वारा कॉसमॉस मॉल नानाखेड़ा उज्जैन में दो दिवसीय महालोन मेले का शुभारंभ के अवसर पर विधायक चिंतामणि मालवीय ने कही ओर मेले का शुभारंभ किया गया। इस



मेले का उद्देश्य व्यापारियों और गृहस्थों को विशेष लोन योजनाओं का लाभ प्रदान करना है। मेले का उद्घाटन विधायक डॉ. चिंतामणि मालवीय जी ने फीता काटकर व दीप प्रज्ज्वलित करके किया। मेले में आकर्षक ब्याज दरों पर होम लोन, सोलर लोन और कारोबार विस्तार के लिए विशेष लोन योजनाएं प्रस्तुत की गईं। सोलर ऊर्जा उपकरणों के लिए दिए जा रहे लोन प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में संचालित जनहितैषी योजनाओं का लाभ जनता को दिलवाने के लिए विशेष रूप से सराहना की गई।

# रुकमणी विवाह के अवसर पर हुए मंगल गान

## बेटियां दो कुलों की बढ़ाती है शोभा

संवाददाता विपिन पटेल तेंदूखेड़ा

तेंदूखेड़ा इन दिनों समीपी ग्राम भौंरा में सिद्धेश्वरी देवी मंदिर परिसर में चल रहे शतचंडी महायज्ञ एवं संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह के दौरान वृन्दावन धाम से पधारे कथा व्यास पं राधानंदन अनिरुद्ध महाराज के द्वारा कथा के छठवें दिन रुकमणी विवाह के अवसर पर बेटियों को दो कुलों की शान बताते हुए स्पष्ट किया कि आज के समय में पाश्चात्य संस्कृति का अनुशरण कर हम अपनी मर्यादाएं भूलते जा रहे हैं। पहनावा और हमारे संस्कारों में बदलाव आ जाने के कारण समाज में आज जो स्थिति देखनें को मिल रही है हमें इन व्यवस्थाओं को बदलना होगा। कथा व्यास ने स्पष्ट किया कि युवा पीढ़ी को सही दिशा में लाने की जरूरत है। महिला जाति यदि थोड़ी सी भी भटक जायेगी तो सारा समाज भटक जायेगा। श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का विस्तार से वर्णन करते हुए कथा व्यास ने स्पष्ट किया कि पूर्व जन्मों के सत्कर्मों से ही हमें कथा श्रवण करने का अवसर मिल पाता है। कलयुग में श्रीमद्भागवत पुराण ही एक मात्र ऐसा साधन है जिससे मोक्ष संभव हो जाता है।कथा सुनने के लिए प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रोता श्रद्धालु दूर दूर से उपस्थित हो रहें हैं। तथा यज्ञ नारायण भगवान के दर्शन कर परिक्रमा लगाकर पुण्य लाभ अर्जित कर रहे हैं।आज कथा विश्राम का अंतिम दिवस है एवं महायज्ञ की भी पूर्णाहुति विशाल भंडारे के साथ संपन्न होगी।

# टिमरी पाटन हत्याकांड के विरोध में ब्राह्मण समाज का प्रदर्शन, मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

उज्जैन। टिमरी पाटन जबलपुर में हुए चार ब्राह्मणों के दबंगों द्वारा सामूहिक हत्याकांड के विरोध में जबलपुर बंद एवं राज्य व्यापी आंदोलन के तहत उज्जैन में प्रदर्शन कर अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित सुरेंद्र चतुर्वेदी के नेतृत्व में पुलिस कंट्रोल रूम उज्जैन पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया गया।

ज्ञापन में आरोपीगणों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई कर आरोपियों को गिरफ्तार करने, उनके अवैध संपत्तियों की जांच कर माफिया अभियान के तहत बुलडोजर चलाने, एक करोड रुपए की क्षतिपूर्ति राशि दिलाए जाने तथा ब्राह्मणों पर अत्याचार बंद करने की मांगों के संबंध में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सीसी भारत सिंह यादव को दिया। उक्त ज्ञापन प्रदर्शन में अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज महामंत्री तरुण उपाध्याय, ब्राह्मण समाज



पदाधिकारी नगर अध्यक्ष विनय कुमार ओझा, वीरेंद्र त्रिवेदी, पं. शैलेंद्र द्विवेदी, शैलेश दुबे, अभिजीत दुबे, विशाल राजोरिया, चंद्रशेखर शर्मा, नवल किशोर शर्मा, राजू निंबालकर, संजय दिवटे ,सीमा वानखेडे, विनायक लपालिकर, कमल किशोर तिवारी, सत्यनारायण उपाध्याय, डॉ निर्भय निर्दोष पाठक, मुकेश त्रिवेदी, सनी कौशिक, अनिल मंडलोई, सतीश शर्मा, आरके नगर अमित मिश्रा प्रणव पंड्या, रविंद्र मंडलोई, राजेश पंड्या, जितेंद्र दुबे, राहुल मिश्रा, भरत शर्मा एडवोकेट, पूर्व पार्षद दिलीप भार्गव, आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

**ज्ञापन में यह की मांग :** टिमरी, पाटन जिला जबलपुर म. प्र. में ब्राह्मण परिवार के सदस्यों का जघन्य हत्याकांड किया गया है, जो सर्वथा निंदनीय है यह ब्राह्मण समाज के ऊपर दबंगों का घोर अत्याचार है। इस कारण ब्राह्मण समाज उज्जैन आपसे मांग करता है कि इस मामले में पीड़ित परिवार को तत्काल एक करोड़ रुपये का मुआवजा प्रदान किए जाने का आरोपियों के विरूद्ध कठोर कार्रवई कर उन्हें तत्काल गिरफ्तार किए जाने की तथा तत्काल दोषी आरोपी व्यक्तियों के विरूद्ध अतिक्रमण कर किए गए अवैध निर्माण पर बुलडोजर चलाने की कार्रवाई करने की मांग ब्राहमण समाज करता है। इस संबंध में त्वरित उचित जांच की जाकर पीड़ित परिवार को तत्काल एक करोड़ रुपये का मुआवजा प्रदान किए जाने का, आरोपियों के विरूद्ध कठोर कार्रवाई कर उन्हें तत्काल गिरफ्तार किए जाने की तथा तत्काल दोषी अरोपी व्यक्तियों के विरूद्ध अतिक्रमण कर किए गए अवैध निर्माण पर बुलडोजर चलाने की कार्रवाई करने का कष्ट करें। आशा है आप इस संबंध में शीघ्र उचित कार्रवाई करने का कष्ट करेंगे अन्यथा संपूर्ण ब्राह्मण समाज को पूरे प्रदेश मे अंदोलन करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा।



# पुलिस को मिली बड़ी सफलता एक दीवार खोदकर भैंस चोरी करने वाले पकड़े

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान प्रेम सिंह कुशवाहा नजीराबाद

आज नज़ीराबाद पुलिस थाना प्रभारी कृष्णा ठाकुर टीम को मिली बड़ी सफलता एक पिकअप वाहन के साथ पकड़े गए कन्हैया महेंद्र प्रताप सिंह सोलंकी के खेत से दीवाल खोद कर चोरी गई की गई भैंस चोर। कुछ माह पूर्व नज़ीराबाद से सटे कड़ैया कला गांव के खेत महेंद्र सिंह सोलंकी के घर में रेकी कर की थी पिकअप वाहन से भैंसों की चोरी। पुलिस को थी काफ़ी समय से भैंस चोरों की तलास। नज़ीराबाद पेट्रोल टेंक से पुलिस ने आरोपियों के साथ पकड़ा पिकअप वाहन। आरोपीगण राजगढ़ जिले के बोरदा गांव एवं नज़ीराबाद क्षेत्र के होने की संभावना। भैंस चोरों से नजीराबाद पुलिस दो दिनों से कर रही सख्ती से पूछताछ। नज़ीराबाद क्षेत्र के कुछ लोग भी भैंस चोरी में शामिल। पुलिस पूछताछ के बाद करेंगी अन्य नामों के खुलासा।

# राज्य मंत्री श्री पटेल ने 10 करोड़ की बिजली परियोजना का किया भूमि पूजन

राजेश कुमार पटेल दैनिक केसरिया हिंदुस्तान



**दमोह** – जिले के बटियागढ़ विकासखंड में मध्य प्रदेश शासन के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्य मंत्री ( स्वतंत्र प्रभार )लखन पटेल ने बिजली परियोजना का भूमि पूजन किया। क्षेत्र वासियों में खुशी की लहर दौड़ गई, राज्य मंत्री श्री पटेल ने कहा 132 केवी, ,33 केवी,परियोजनाओं से क्षेत्र वासियों को वोल्टेज की समस्या नहीं होगी। और बार–बार लाइन में फाल्ट नहीं होगा। जैसे कि मेहलवारा, केरबना ,खडेरी, मुहली, के लिए 33 केवी, लाइन तैयार होगी फुटेरा और मगरोन में अलग–अलग 33 केवी, फीडर बनेंगे राज्य मंत्री श्री पटेल ने आगे कहा कि बिजली परियोजना का कार्य 8 माह में पूरा करने का लक्ष्य रखा है। भारी संख्या में क्षेत्र वासियों जनपद अध्यक्ष, पार्टी कार्यकर्ताओं, सहित शासन– प्रशासन अधिकारी एवं कर्मचारी सहित गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही।

# 11 साल की बच्ची के रेप के आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर नरसिंहगढ़ बाजार रहे बंद

बृजमोहन कारपेंटर देनिक केसरिया हिंदुस्तान



**राजगढ़**– नरसिंहगढ़ नगर में रेप का शिकार 11 साल की मूक–बधिर बच्ची आखिर जिंदगी की जंग हार गई। भोपाल के हमीदिया अस्पताल में 6 दिन तक चले इलाज के बाद उसकी जिंदगी की जंग हार गई उसकी मौत से जहां परिजन सदमे में हैं, वहीं घटना के छह दिन बाद भी पुलिस को आरोपी के बारे में कोई सुराग नहीं मिला पुलिस की अलग–अलग टीम आरोपियों का पता लगाने में जुटी है।

नगर में दुकानों सहित मेडिकल स्टोर्स भी बंद रहे शहर के मुख्य बाजारों में सुबह से ही सन्नाटा छाया रहा। व्यापारी संगठनों और स्थानीय नागरिकों ने पीड़ित बच्ची को न्याय दिलाने की मांग की है। समाज के हर वर्ग से आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग उठ रही है।विशेष रूप से महिलाओं में इस घटना को लेकर गहरा आक्रोश देखा गया। स्थानीय प्रशासन और पुलिस ने हालात पर नजर बनाए रखी है

आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग घटना को लेकर लोगों का गुस्सा लगातार बढ़ता जा रहा है। नागरिकों का कहना है कि जब तक बच्ची को न्याय नहीं मिलेगा, उनका विरोध जारी रहेगा। स्थानीय लोगों की मांग है कि प्रशासन जल्द से जल्द आरोपियों को गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी सजा सुनिश्चित करें।

# आध्यात्मिक संत अमृतानंद जी सरस्वती का स्वर्गवास

शैलेन्द्र चौहान दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान



बाड़ी,आध्यात्मिक संत स्वामी अमृतानंद जी सरस्वती का आज महर्षि दयानंद गुरुकुल आश्रम जमानी इटारसी में अंत्येष्टि संस्कार किया गया जिसमें 85 किलो हवन सामग्री और एक कुंटल घी से उनका अंत्येष्टि संस्कार किया गया जो की अनेक राज्यों से विद्वान उपस्थित रहे।लोग उनकी अंतेष्टि में राजस्थान गुजरात महाराष्ट्र बिहार नर्मदा पुरम होशंगाबाद से ब्रह्मचारी और आचार्य गन भी पधारे जो की मंत्र उच्चारण के साथ विधिपूर्वक अंत्येष्टि संस्कार किया गया। मध्य मध्य भारत और प्रतिनिधि सभा से प्रकाश आर्य जी प्रधान भी उपस्थित रहे जिस अंत्येष्टि अंत्येष्टि कार्यक्रम का संचालन आचार्य आनंद पुरुषार्थ अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता नर्मदा पुरम के दिशा निर्देश में किया गया महर्षि दयानंद गुरुकुल आश्रम जामनी के ब्रह्मचारी भी उपस्थित रहे

# प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट तुलसी राम पटेल ने दिया ज्ञापन

शैलेन्द्र चौहान दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान



बाड़ी,मध्य प्रदेश पिछड़ा वर्ग अनुसूचित जाति जन जाति अल्प संख्यक अधिवक्ता संघ प्रतिनिधि मंडल के रूप में प्रदेश के मुखिया ,मुख्य मंत्री माननीय मोहन यादव जी से मिला एक ज्ञापन दिया एम् पी के ओबीसी, एस सी , एस टी, अल्पसंख्यक अधिवक्ताओं के हितों के अधिकारों पर चर्चा के एक ज्ञापन दिया एवं जिला बार की ओर से लिफ्ट लगाए जाने के संबंध में ज्ञापन दिया ।प्रतिनिधि मंडल में संघ के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट तुलसीराम पटेल,संरक्षक पूर्व महापौर संघ के संरक्षक दीपचंद यादव एडवोकेट ,साजिद अली एडवोकेट ,महामंत्री लायन महेश साहू एडवोकेट कोषाध्यक्ष लालचंद भारके एडवोकेट पिछड़ा वर्ग को माननीय उच्च न्यायालय के आदेश के पालन में 13 प्रतिशत होल्ड को हटाने और 27 प्रतिशत आरक्षण दिलाए जाने के संबंध में पिछड़ा वर्ग के अधिवक्ताओं के होती के लाभ दिलाते जाने पर चर्चा की भी ज्ञापन दिया।

### सिद्धगुरु श्री सिद्धेश्वर ब्रह्मर्षि गुरुवर के पावन सान्निध्य में...

# जयपुर में बसंत उत्सव आज, कल्याण महोत्सव बीकानेर में 16 को

राजीव जोशी, केसरिया हिंदुस्तान



**जयपुर।** जिनकी एक दृष्टि ही जीवन की दिशा और दशा दोनों बदल देती है, ऐसे श्री सिद्धेश्वर ब्रह्मर्षि गुरुवर सिद्धगुरुजी बसंत महोत्सव 2025 के तहत राजस्थान की राजधानी जयपुर में अपना दिव्य सान्निध्य प्रदान करने पधार रहे हैं। यह जानकारी श्रीसिद्धेश्वर तीर्थ ब्रह्मर्षि आश्रम तिरुपति के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश सांखला ने दी। उन्होंने बताया कि जयपुर के स्टैचू सर्किल स्थित बिड़ला ऑडिटोरियम में सोमवार 10 फरवरी की शाम 4:30 बजे गुरु दर्शन, गुरु आशीर्वाद एवं कल्याणकारी प्रार्थनाएं होगी। रमेश सांखला ने बताया कि विश्व धर्म चेतना मंच के जयपुर केंद्र की ओर से गुरुभक्त राजेंद्र चौधरी के संयोजन, अध्यक्षता में यह आयोजन होगा। श्री ब्रह्मर्षि आश्रम की ग्लोबल चेयरपर्सन सरला बोथरा ने बताया कि पूज्यश्री सिद्धगुरुजी अपने उपदेश में कहते हैं कि शिक्षा, सेवा एवं साधना ही हमारा जीवन होना चाहिए। जीवन में संयम, अहिंसा, तप, दर्शन और चरित्र (कर्म) का सुंदर समन्वय होना चाहिए ताकि हमारा जीवन आत्मदर्शन का बने, प्रदर्शन का नहीं। उन्होंने बताया कि पूज्य गुरुदेवश्री का अगला कार्यक्रम 16 फरवरी को बीकानेर संभाग मुख्यालय पर कल्याण महोत्सव के रूप में होगा। जो कि जैसलमेर रोड स्थित महाराजा गंगा सिंह यूनिवर्सिटी ऑडिटोरियम में रविवार शाम 4 बजे से प्रारंभ होगा। आश्रम से जुड़े गुरुभक्त रवि प्रकाश पुगलिया परिवार द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल भी बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहेंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में गुवाहाटी से हरिन महंता व हैदराबाद से विक्रम दादा तथा अध्यक्षता समाजसेवी गणेश छलानी करेंगे। यहां पर सिद्धगुरु श्रीसिद्धेश्वर ब्रह्मर्षि गुरुदेव स्वागत समारोह समिति के तत्वाधान में स्वागत अध्यक्ष उद्योगपति बसंत नौलखा होंगे। कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए अनेक गणमान्य लोगों को शामिल कर आयोजन समिति का भी गठन किया गया है।

# बैतूल के कलाकारों ने पंचम वेद नाटक का किया मंचन

### कलाकारों ने जीवन शैली में नाट्यशास्त्र का बताया महत्व

### आदिम कल्चरल एंड वेलफेयर सोसायटी के कलाकारों ने दी भारत रंग महोत्सव में प्रस्तुति

केसरिया हिंदुस्तान



**बैतूल।** राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय द्वारा आयोजित एशिया के सबसे बड़े थियेटर फेस्टीवल भारत रंग महोत्सव (भारंगम) में आदिम कल्चरल एंड वेलफेयर सोसायटी बैतूल के कलाकारों ने रविवार को बैतूल में पंचम वेद नाटक का शानदार मंचन किया। इस नाटक का निर्देशन राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय एवं मध्य प्रदेश नाट्य विद्यालय से प्रशिक्षित राकेश वरवड़े ने किया। टीम में शामिल दुर्गाप्रसाद मोरले, रामकिशोर साहू, जय खातरकर, सचिन खातरकर, साहिल खान, राजकरण भलावी, गनराज उईके, महेंद्र नागले, राजकुमार साहू, केशव साहू ने नाट्यशास्त्र और नाट्यवेद के बनने के बारे में एक छोटी सी नाट्य प्रस्तुति दी और लोगों के बीच जाकर उन्हें बताया कि क्यों नाट्यशास्त्र हमारी जीवन शैली के लिए इतना महत्वपूर्ण है। नाट्य कलाकार राकेश वरवड़े ने बताया कि भारत रंग महोत्सव (भारंगम) का शुभारंभ 28 जनवरी 2025 को नई दिल्ली में हुआ था, जिसका समापन 16 फरवरी 2025 को होगा। यह महोत्सव अब विश्व स्तर का बन चुका है। इस वर्ष यह महोत्सव भारत के साथ–साथ नेपाल और श्रीलंका में भी आयोजित किया जा रहा है। यह महोत्सव एक रंग–श्रेष्ठ रंग के भावना से किया जा रहा है। इस नाट्य प्रस्तुति में कलाकारों ने मंच पर व मंच परे सहयोग किया है।

# दिल्ली की जीत पर चिरापाटला में भाजपाइयों ने मनाया जश्न

### दिल्ली विधानसभा की भाजपा की जीत पर चिरापाटला में भाजपाइयों ने मनाया जश्न

### भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेन्द्र यादव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने बांटी मिठाई

केसरिया हिंदुस्तान



**बैतूल।** दिल्ली विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत पर भाजपा मंडल चिरापाटला ने जमकर जश्न मनाया। चिरापाटला मंडल अध्यक्ष राजेंद्र यादव ने कहा कि दिल्ली की जनता ने भ्रष्टाचार के शीश महल को को ध्वस्त कर मोदी की गारंटी पर भरोसा जताया है। उन्होंने कहा कि यह क्षण एतेहासिक है। 27 साल के बाद दिल्ली में भाजपा का कमल खिला है। दिल्ली में कांग्रेस का खाता तक नहीं खुला। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने जमकर जश्न मनाया और एक–दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की खुशी जाहिर की। इस अवसर पर सरपंच ग्राम पंचायत चिरापाटला रामपाल भलावी, हरि महाराज, बुथ अध्यक्ष रामविलास धुर्वे, रामगोपाल, वरिष्ठ कार्यकर्ता चिरोंजी भलावी, रामाधार पटेल, महाकुंभ धुर्वे, जोदू उइके, डोमू भलावी, शिवकिशोर धुर्वे, नेकराम यादव, चम्पा लाल सेलूकर, राजकुमार बंशकार, रामचरण यादव, भूरा यादव, मंगल पटेल, गणेश सेलूकर, कमल धुर्वे,नारायण कलम, भूरेलाल सेलुकर सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने ओलंपियाड में सफल छात्रों को सम्मानित कियासीएम राइस उत्कृष्ट उमावि

दिनेश शुक्ला दैनिक केसरिया हिंदुस्तानी



आलोट की कैंपस शाला में विकासखंड शिक्षा अधिकारी आलोट दिलीप शर्मा ने ओलंपियाड में सफलता अर्जित करने वाले छात्र पीयूष गणपत लाल राठौर कक्षा आठवीं विज्ञान विषय एवं कृष्ण पाल सिंह दशरथ सिंह कक्षा पांचवी हिंदी पर्यावरण एवं गणित विषय तथा इनके अभिभावकों को विद्यालय में सम्मानित किया इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य फिरोज खान ,विंग लीडर श्रीमती ममता जैन, सत्यनारायण सोनगरा आदित्य सेन ,भगत सिंह पवार आदि ने ओलंपियाड प्रतियोगिता के बारे में बताया एवं छात्रों को आगे की प्रतियोगिता के लिए प्रेरणास्पद मार्गदर्शन दिया इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक गण निर्भयसिंह परिहार पीयूष शर्मा,संपतलाल बैरागी, विजय कुमार राठौर श्रीमती बीना शर्मा श्रीमती रवीना अरोड़ा पूर्वी चौहान आदि उपस्थित थे। सभी ने छात्रों की मेहनत लगन की सराहना करते हुए राज्य स्तर की प्रतियोगिता में सफल होने की अग्रिम शुभकामनाएं दी संचालन आदित्य सेन आभार प्रकट भगतसिंह पंवार ने किया।

# आत्मदाह करने जा रहे पूर्व जनपद सदस्य नागेंद्र सिंह करमऊ को पुलिस ने किया गिरफ्तार मौका मुआयना कर प्रशासन ने दिया कार्यवाही का आश्वासन

भूपेंद्र सिंह दैनिक केसरिया हिंदुस्तान



**नि प्र** करमऊ शुक्रवार को विभिन्न मांगों को लेकर पूर्व जनपद सदस्य व अखिल भारतीय वनवासी विकास परिषद के जिलाहित रक्षक प्रमुख नागेंद्र सिंह करमऊ आत्मदाह करने के लिए रामपुर बघेलान पहुंचे इस दौरान मौके पर मौजूद पुलिस बल ने उन्हें पेट्रोल सहित गिरफ्तार कर लिया वहीं श्री सिंह ने क्षेत्र के विभिन्न मांगों को लेकर रामपुर बघेलान में पदस्थ तहसीलदार राज सिंह कुशराम के खिलाफ आत्मदाह करने की चेतावनी दी थी और अपने समय के अनुसार श्री सिंह ने रामपुर बघेलान राजस्व न्यायालय के सामने जब पहुंचे तो रामपुर बाघेलान थाना के ऊर्जावान थाना प्रभारी श्री संदीप चतुर्वेदी ने अपने जवानों के साथ नागेंद्र सिंह करमऊ को पेट्रोल सहित गाड़ी से उतरते ही जैसे ही पेट्रोल की ढक्कन खोलने का प्रयास किया गया तो थाना प्रभारी और पुलिस बल के अन्य जवानों ने नागेंद्र सिंह करमऊ को हाथ पकड़ कर गिरफ्तार कर लिया गया और रामपुर अनुविभागीय अधिकारी के कार्यालय में बैठाया गया रामपुर अनुविभागीय अधिकारी आ एन खरे तहसीलदार वीरेंद्र सिंह सहित दलबल के साथ करमऊ मौका निरीक्षण करने पहुंचे और उन्होंने जो लोग अवैध कब्जा किए हैं उनको एक तू कहा कि 10 दिन के अंदर मध्य प्रदेश शासन की आराजी खाली कर देना नहीं तो आप सब लोगों के ऊपर कार्यवाही करके बेदाखली का आदेश करवा कर जेल भिजवा देंगे अनविभागीय अधिकारी ने नागेंद्र सिंह करमऊ को अस्वस्थ करते हुए कहा कि 15 दिन के अंदर आम रास्ता खोला जाएगा इनका क्या कहना नागेंद्र सिंह करमऊ ने बताया कि हम अपने समय और तिथि के अनुसार आत्मदाह करने पहुंचे थे लेकिन पुलिस ने हमें गिरफ्तार कर लिया अनविभागीय अधिकारी ने मौका निरीक्षण करके 15 दिन के अंदर समस्या का समाधान होने का आश्वासन दिए वही नागेंद्र सिंह करमऊ ने? बताया कि करमऊ में मध्य प्रदेश शासन किया आराजी 880, 881882,883, जो मध्य प्रदेश शासन किया आराजी है उसे आराजी में मध्य प्रदेश शासन की रोड आम रास्ता दर्ज है गांव के कुछ लोगों के द्वारा अवैध कब्जा किया गया था साथ ही आम रास्ता बंद था इस उद्देश्य से मैं आम रास्ता को बहाल करने के लिए आत्मदाह करने का प्रयास किया था

# दिल्ली की जीत पर रीवा बीजेपी कार्यालय अटल कुंज में मनाया गया विजय उत्सव

भूपेंद्र सिंह दैनिक केसरिया हिंदुस्तान



दिल्ली विधानसभा चुनाव परिणामों में हुई भारतीय जनता पार्टी की अभूतपूर्व विजय के उपलक्ष्य में रीवा भाजपा कार्यालय, अटल कुंज में स्थानीय जन प्रतिनिधियों, भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ विजय उत्सव में सहभागिता की। यह जीत आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व पर दिल्ली की जनता के सुदृढ़ विश्वास का प्रतीक है। यह विजय आप– सरकार के विरुद्ध दिल्लीवासियों के आक्रोश का भी प्रकटीकरण है।इस अवसर पर उपस्थित जनों को इस जीत की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में सांसद श्री जनार्दन मिश्रा, पूर्व विधायक श्री केपी त्रिपाठी नगर निगम अध्यक्ष श्री व्यंकटेश पाण्डेय, रीवा भाजपा जिलाध्यक्ष श्री वीरेन्द्र गुप्ता एवं अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# अवैध मदिरा संग्रहण एवं विक्रय के विरुद्ध आबकारी विभाग ने कार्रवाई कर 12 प्रकरण किए दर्ज

ओमप्रकाश परमार,



**देवास।** कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने जिला आबकारी विभाग को सख्त निर्देश दिए हैं कि जिले में अवैध शराब के संग्रहण, विक्रय एवं परिवहन करने वालों पर सख्ती कार्रवाई करें। जिले में जहां कहीं भी अवैध शराब का परिवहन, विक्रय और संग्रहण हो रहा है, उन भी सख्त कार्रवाई करें।

सहायक आबकारी आयुक्त श्रीमती मंदाकिनी दीक्षित ने बताया कि कलेक्टर ने अवैध शराब के संग्रहण, विक्रय एवं परिवहन करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर के आदेश के परिपालन में जिले में आबकारी विभाग द्वारा सख्ती से लगातार कार्रवाईयां की जा रही है। उन्होंने बताया कि इसी कड़ी में सहायक जिला आबकारी अधिकारी कमल सिंह सिकरवार के नेतृत्व में आबकारी दल ने देवास शहर में वृत (अ,ब,स) वृत टोंकखुर्द एवं बागली (अ) में अवैध मदिरा के निर्माण, विक्रय एवं परिवहन करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही की गई! जिसमें देवास शहर के नई आबादी, अमोना एवं नागूखेड़ी, जेतपुरा एवं जेल रोड से एक स्कूटर पकड़ा गया। वृत्त टोंकखुर्द में ग्राम राणायर, वृत्त बगली (अ) में ग्राम रातातलाई, पांडुतालाब, सीतापुरी एवं खुटखाल में संदिग्ध स्थानों पर सर्चिंग की कार्रवाई कर प्रकरण दर्ज किए। आज की कार्रवाई में एक स्कूटर वाहन तथा मदिरा कुल 233 पाव देशी मदिरा प्लेन, 16 पाव देशी मदिरा मसाला 57 बीयर केन, 09 बीयर बॉटल,15 लीटर हाथ मदिरा, 07 लीटर ताड़ी एवं 800 किलोग्राम महुआ लाहन बरामद हुआ। लाहन को विधिवत नष्ट किया गया। कार्यवाही में 12 प्रकरण मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) क के तहत पंजीबद्ध कर विवेचना में लिए गए, जप्त सामग्री एवं वाहन का बाजार मूल्य लगभग 107500 रुपए है।आज की कार्यवाही में आबकारी उपनिरीक्षक राजकुमारी मंडलोई, प्रेम यादव, डीपी सिंह कैलाश जामोद, दिनेश भार्गव, मुख्य आरक्षक राजाराम रैकवार, आरक्षक बालकृष्ण जायसवाल नितिन सोनी, गोविंद दीपक निहाल राजेश जोशी, अरविंद जिनवाल सैनिक किशोर सिसोदिया अनिल चौहान, अनिल ककोड़िया सम्मिलित रहे। इस प्रकार की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

दैनिक
केसरिया हिन्दुस्तान
ग्वालियर सोमवार 10 फरवरी 2025
ख़बरें बेबाक, बेख़ौफ़, बेझिझक



## प्लेट फार्म नं.-02 पर टिकिट बुकिंग काउंटर स्थापित करने कार्यवाही सुनिश्चित की जाये

राजेश कुमार पटेल दैनिक केसरिया हिंदुस्तान



**दमोह** - कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने स्टेशन अधीक्षक रेल्वे स्टेशन दमोह से कहा है कि दमोह जिले के दृष्टि पत्र 2047 की प्रति आपको प्रेषित की जा चुकी है, जो दमोह जिले की वेबसाइट https://damoh.nic.in/en/ पर भी उपलब्ध है। दमोह जिले के दृष्टि पत्र 2047 के बिन्दु क्रमांक-1.11 दमोह रेल्वे स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर 02 पर यात्रियों की संख्या अनुसार टिकिट बुकिंग काउंटर स्थापित करने के लिए कार्यवाही की जायेगी इस संबंध में स्टेशन पर यात्रियों के आवागमन को दृष्टिगत रखते हुये आवश्यकतानुसार प्लेटफार्म नम्बर 02 पर टिकिट बुकिंग काउंटर स्थापित करने हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाये।

## भोपाल के बैरसिया नगर में ओबीसी महासभा की सभा हुई सम्पन्न

केसरिया हिंदुस्तान भोपाल राजू मेहरा.9425727854



**बैरसिया।** ओबीसी महासभा के 27 प्रतिशत आरक्षण एवं जातिगत जनगणना के मुद्दे पर भोपाल के बैरसिया नगर आंबेडकर पार्क में ओबीसी महासभा भोपाल के कार्यकर्ताओं के द्वारा मीटिंग रखी गई जिसमें कोर्ट द्वारा आदेश होने के बाद भी अभी तक मध्यप्रदेश सरकार ने ओबीसी वर्ग के जो बैकलॉग पद एवं 13 प्रतिशत होल्ड किए गए पदों पर नियुक्ति शुरू करने के लिए कोई प्रक्रिया शुरू नहीं की गई हे उसके लिए ओबीसी महासभा के आह्वान पर पूरे देश में 13 फरवरी को जिला मुख्यालयों पर ज्ञापन दिया जाना प्रस्तावित हे उसके सम्बन्ध में रूपरेखा तैयार की गई एवं बैरसिया से नवनियुक्त पदाधिकारी बैरसिया विधानसभा अध्यक्ष,घनश्याम सोनी ,बैरसिया ब्लॉक अध्यक्ष पहलवान सिंह यादव ,एवं ब्लॉक उपाध्यक्ष शेर सिंह कुशवाह जी का स्वागत किया गया मौके पर भोपाल अध्यक्ष पुरूषोतम लोधी जिला कार्यकारी अध्यक्ष हुकुम सिंह कुशवाहा,एवं जिला प्रवक्ता राजकुमार कुशवाह एवं अन्य साथी उपस्थित रहे।

## दिल्ली जीत का जश्न मैहर मे, सांसद,विधायक, जिलाध्यक्ष, के साथ मनाई गई दिवाली


भूपेंद्र सिंह दैनिक केसरिया हिंदुस्तान



दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा को मिली जीत पर मैहर में भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। खुशी में झूमे कार्यकर्ता घंटाघर पर एकत्रित हुए। यहां मिष्ठान वितरित किया और आतिशबाजी दिवाली मनाई गई। दिल्ली के लोगों को अब समझ आ गया कि दस साल तक आप पार्टी ने उन्हें विकास के नाम पर ठगा है। 26 साल बाद दिल्ली में भाजपा की सरकार बनेगी। अब यहां भी डबल इंजन काम करेगा। इस मौके पर सतना सांसद गणेश सिंह, मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी, भाजपा जिला अध्यक्ष कमलेश सुहाने के साथ सेकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## शङ्कराचार्य के परमधर्मसंसद् में राहुल गांधी को हिन्दू धर्म से बहिष्कृत करने का प्रस्ताव पारित

केसरिया हिन्दुस्तान अखबार संवाददाता भानु प्रताप राय



सं. 2081 माघ शुक्ल द्वादशी तदनुसार दिनाङ्क 9 फरवरी 2025 ई.,प्रयागराजसोशल मीडिया में निरन्तर प्रसारित हो रही एक वीडियो क्लिप में नेता प्रतिपक्ष श्री राहुल गांधी को इस आशय का वक्तव्य कहते दिखाया जा रहा है की मनुस्मृति बलात्कारियों को संरक्षण देती है। इससे मनुस्मृति को पवित्र ग्रन्थ मानने वाले करोड़ों आस्थावान लोगों को बड़ी पीड़ा हुई है। उनकी और से धर्मांसद श्री विकास पाटनी जी ने निन्दा प्रस्ताव रखा है। परमधर्मसंसद् 1008 राहुल गांधी के इस वक्तव्य की घोर निन्दा करती है और शीघ्रता से अपने आशय को स्पष्ट करने या क्षमायाचना करने का माँग करती है। एक महीने के भीतर वे यह भी बताएं कि इस परिस्थिति में उन्हें हिन्दू धर्म आधारभूत ग्रन्थ की निन्दा करने के कारण हिन्दू धर्म से बहिष्कृत क्यों न घोषित किया जाए?उक्त जानकारी परमधर्माधीश शंकराचार्य जी महाराज के मीडिया प्रभारी संजय पाण्डेय ने दी है।

# आज किया जाएगा भव्य भंडारे का आयोजन : देर रात्रि को पूर्ण विधि-विधान से किया नवीन मूर्तियों का प्राण-प्रतिष्ठा, 168 कलश जल से कराया स्नान

नितिन जौहरी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

**सीहोर।** शहर के छावनी नगर पालिका परिसर स्थित प्राचीन चमत्कारेश्वर महादेव मंदिर में सात दिवसीय महायज्ञ एवं प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। रविवार को नगर पुरोहित पंडित पृथ्वी वल्लभ दुबे सहित अन्य विप्रजनों के द्वारा पूर्ण विधि-विधान से मंदिर में करीब 168 कलश जल से भगवान की मूर्तियों को स्नान कराया और वहीं देर रात्रि को प्राण-प्रतिष्ठा का क्रम जारी रहा। इस संबंध में जानकारी देते हुए समिति के अध्यक्ष मनोहर राय ने बताया कि क्षेत्रवासियों के सहयोग और उनकी आस्था से महोत्सव का समापन सोमवार को शाम भव्य भंडारे के साथ किया जाएगा। शाम साढ़े चार बजे हवन की पूर्ण आहुतियां और आरती की जाएगी और उसके पश्चात प्रसादी का वितरण किया जाएगा। समिति ने सभी श्रद्धालुओं से भंडारे में शामिल होने की अपील की है।

इस मौके पर कथा वाचक पंडित चेतन उपाध्याय ने बताया कि नगर पुरोहित पंडित श्री दुबे के सानिध्य में रविवार को प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन किया गया था। नित्य पूजन के अलावा 160 कलश से सहस्त्रार्चन



किया गया। मंदिर में भगवान शिव परिवार के अलावा हनुमान जी की मूर्ति स्थापित की जा रही है। मंदिर काफी प्राचीन है। उन्होंने बताया कि सनातन धर्म में प्राण प्रतिष्ठा का बहुत ज्यादा महत्व है, मूर्ति स्थापना के समय प्राण प्रतिष्ठा जरूर किया जाता है। किसी भी मूर्ति की स्थापना के समय प्रतिमा रूप को जीवित करने की विधि को प्राण प्रतिष्ठा कहा जाता है। प्राण शब्द का अर्थ है, जीवन शक्ति और प्रतिष्ठा का अर्थ स्थापना से माना जाता है। ऐसे में प्राण-प्रतिष्ठा का अर्थ है, जीवन शक्ति की स्थापना करना अथवा देवता को जीवन में लाना। मंदिरों में जब मूर्तियां लायी जाती हैं, तो वे केवल पत्थरों की होती हैं लेकिन प्राण-प्रतिष्ठा कर उन्हें जीवंत बनाया जाता है, जिससे वे केवल मूर्तियां न रह जायें, बल्कि उनमें भगवान का वास हो। प्राण-प्रतिष्ठा के बिना कोई भी मूर्ति मंदिर में स्थापित नहीं होती है। प्राण-प्रतिष्ठा के लिए देवी या देवता की अलौकिक शक्तियों का आह्वान किया जाता है, जिससे कि वो मूर्ति में आकर प्रतिष्ठित यानी विराजमान हो जाते हैं। इसके बाद वो मूर्ति जीवंत भगवान के रूप में मंदिर में स्थापित होती है। प्राण-प्रतिष्ठा के कारण ही कहा जाता है कि एक पत्थर भी ईश्वर का रूप धारण कर सकता है. कहा जाता है कि प्राण प्रतिष्ठित किये जाने के बाद खुद भगवान उस प्रतिमा में उपस्थित हो जाते हैं।

## साइबर फ्रॉड पर एसबीआई में छिंदवाड़ा पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान

मारूति लाल विश्वकर्मा

**छिंदवाड़ा** / पुलिस द्वारा साइबर अपराधों से बचाव के लिए आज स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (स्क्क्ष्) में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान बैंक ग्राहकों और कर्मचारियों को साइबर धोखाधड़ी से बचने के उपायों की जानकारी दी गई।कार्यक्रम में डीएसपी (यातायात) श्री रामेश्वर चौबे, जेल अधीक्षक श्री ज्ञानबंधु भारतीय, रक्षित निरीक्षक श्री आशीष तिवारी, और साइबर सेल छिंदवाड़ा की टीम ने उपस्थित लोगों को जागरूक किया। अधिकारियों ने बताया कि साइबर अपराधी विभिन्न तरीकों से लोगों को ठगने का प्रयास करते हैं, जैसे फिशिंग, एटीएम कार्ड क्लोनिंग, फर्जी कॉल, लॉटरी और गिफ्ट स्कैम, ओटीपी व पासवर्ड चोरी आदि।




उन्होंने आम जनता से अपील की कि वे किसी अनजान व्यक्ति के साथ अपने बैंक अकाउंट की जानकारी साझा न करें, संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने से बचें और अपने मोबाइल तथा बैंकिंग ऐप्स को सुरक्षित रखें। इसके अलावा, यदि कोई साइबर धोखाधड़ी का शिकार होता है, तो तुरंत राष्ट्रीय साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 या www.cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज कराएं।

बैंक अधिकारियों और उपस्थित नागरिकों ने इस जागरूकता अभियान की सराहना की और पुलिस प्रशासन को धन्यवाद दिया। पुलिस ने आश्वासन दिया कि भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे ताकि आमजन को साइबर अपराधों से बचाया जा सके।

## शादी में डांस करते-करते महिला अचानक गिरी, फिर नहीं उठी हो गई मौत,हार्ट अटैक की आशंका

### डेढ़ मिनट के डांस के बाद अचानक स्टेज पर गिरी महिला हुई मौत

केसरिया हिंदुस्तान भोपाल राजू मेहरा.9425727854

**विदिशा।** मगधम रिसॉर्ट में शादी के दौरान डांस करते हुए समय अचानक से एक महिला गिर गई। इसके बाद वह उठ ही नहीं सकी। जब उसे अस्पताल ले जाया गया तो डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

बताया जा रहा है कि लड़की का नाम परिणीता जैन है। यह इंदौर की रहने वाली हैं और विदिशा में अपनी कजन सिस्टर की शादी समारोह में शामिल होने आई थी। आशंका लगाई जा रही है हार्ट



अटैक से मौत हुई है।

बीते कुछ में चलते फिरते अचानक से हार्ट अटैक की वजह से बड़ी संख्या में मौत के मामले में सामने आए हैं। नाचते-नाचते अचानक गिरना, फिर मौत आ जाना काफी चिंता का विषय बन गया।अब विदिशा के मगधम रिसॉर्ट में एक शादी की खुशियां अचानक मातम में बदल गईं. शादी में महिला संगीत में नाचते नाचते अचानक से एक महिला गिरी और बेहोश हो गई।पहले तो लोगों को कुछ समय नहीं आया, जब कुछ देर तक उसके शरीर में कोई हलचल नहीं हुई तो तुरंत वहां पर मौजूद लोग अस्पताल लेकर पहुंचे।डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया.

## भगवान विश्वकर्मा जी का प्रकटोत्सव महोत्सव आज

### मनकामेश्वर मंदिर से निकाला जाएगा भव्य विशाल चल समारोह

नितिन जौहरी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

**सीहोर।** विश्वकर्मा समाज सेवा समिति द्वारा सोमवार को पारंपरिक रूप से भगवान विश्वकर्माजी का प्रकटोत्सव मनाया जाएगा। मनकामेश्वर मंदिर से भव्य शोभायात्रा चल समारोह निकाला जाएगा और आदर्श सामुहिक विवाह सम्मेलन भी आयोजित किया जाएगा। आयोजन की सभी तैयारियां पूर्ण हो चुकी है।

विश्वकर्मा समाज सेवा समिति के प्रवक्ता पवन विश्वकर्मा ने बताया की सोमवार सुबह 8 बजे देवनगर कॉलोनी स्थित भगवान विश्वकर्मा जी के मंदिर में भगवान विश्वकर्माजी की पूजा अर्चना एवं हवन कार्यक्रम होगा। विश्वकल्याण के लिए यज्ञ में विरिष्ठजनों के द्वारा आहुतियां दी जाएंगी। इसी प्रकार चल समारोह अध्यक्ष जितेंद्र विश्वकर्मा के नेतृत्व में तहसील चौराहा स्थित मनकामेश्वर मंदिर से सुबह 10 बजे भव्य शोभायात्रा प्रारंभ की जाएगी। चल समारोह शहर के लीसा टकिज चौराहा पानी चोराहा, मेन रोड कोतवाली चौराहा गाड़ी अडडा रोड, सीवन नदी चौराहा से ब्राहम्पुरी कालोनी सहित प्रमुख मार्गो से होकर कार्यक्रम स्थल पर पहुंचेगी। चल समारोह में डीजे बेंड बाजे घोड़ा बग्गी,भगवान विश्वकर्मा जी की झांकी, दुल्हा दुल्हन और उनके परिजन सहित बड़ी संख्या में समाजजन सम्मिलित रहेगे। विश्वकर्मा मंदिर में संगीतमय भजनो की प्रस्तुति कलाकारों के द्वारा दी जाएगी जिस के बाद अतिथियों का सत्कार स्वागत सम्मान और सामाजिक चर्चा होगी। सामुहिक विवाह सम्मेलन में तीन कन्याओं का विवाह कराया जाएगा। तत्पश्चात भोजन प्रसादी को वितरण किया जाकर कार्यक्रम का मंगलमय समापन होगा।

## स्काऊट एवं गाइड जिला कार्यकारिणी की बैठक आयोजित

नौशाद अहमद कुरैशी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान मो. 9977365001

जिले के वार्षिक कार्यक्रमानुसार जिला मुख्य आयुक्त श्री दुर्गालाल विजय की अध्यक्षता में जिला कार्यकारिणी की बैठक शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय श्योपुर में आयोजित की गयी।

बैठक में जिला संघ श्योपुर के संरक्षक श्री चौथमल सर्राफ, जिला अध्यक्ष श्री ब्रजेश गर्ग, जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला कमिश्नर स्काउट श्री एमएल गर्ग, विशेष आमंत्रित श्री अखिलेश सिंह भदोरिया (मामा जी), सहायक आयुक्त ट्राईबल प्रतिनिधि श्री बालोठीया, जिला ट्रेनिंग कमिश्नर श्री के प्रसाद शर्मा, जिला आयुक्त श्री डीके सक्सेना, जिला आयुक्त श्री सुग्रीव लाल जाटव, श्री सीताराम आदिवासी, श्री अशोक महाना, श्री संजय जैन, जिला आयुक्त श्रीमती रुक्मणी माहौर, जिला आयुक्त श्रीमती उर्मिला गर्ग, जिला आयुक्त सुश्री रीना प्रजापति, जिला उपाध्यक्ष श्री नकुल जैन,




जिला उपाध्यक्ष श्री बिहारी सिंह सोलंकी, जिला मुख्यालय आयुक्त श्री रामसिंह मीना, श्रीमती नीरू गर्ग, श्री मयंक गोयल, श्री महेश शर्मा, डीओसी श्री ओपी सिकरवार, आजीवन सदस्य प्रतिनिधि श्री नरेंद्र राठौर, देवेंद्र शर्मा, जिला कोषाध्यक्ष श्री पवन गोयल, जिला सचिव रोशन लाल गर्ग, संयुक्त सचिव श्रीमती चंद्रा मंगल, सह सचिव महेश बाथम, फ्लॉक लीडर सुश्री काजोल माहौर, कार्यालय प्रभारी नरोत्तम प्रजापति, रोवर सूरज कुशवाह, रोवर जतिन शिवहरे आदि का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। स्काऊट प्रार्थना के साथ शुरू हुई बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई, जिसमें मुख्य रूप से जिला प्रशिक्षण केंद्र हेतु आवंटित भूमि के सीमांकन एवं जिला प्रशिक्षण केंद्र विकास समिति के गठन हेतु चर्चा की गई, जिसमें सर्वसम्मति से श्री चौथमल सर्राफ संरक्षक जिला संघ श्योपुर को संयोजक नियुक्त किया गया। प्रशिक्षण केंद्र के लिए दान आदि से प्राप्त राशि के लिए अलग से बैंक खाता खोले जाने का निर्णय लिया गया। अंत में राष्ट्रगान के साथ बैठक संपन्न हुई, बैठक का संचालन जिला सचिव श्री रोशन लाल गर्ग द्वारा किया गया।

### यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के निर्देश

## ट्रैफिक नियम के उल्लघंन पर होगी कड़ी कार्यवाही

नौशाद अहमद कुरैशी दैनिक केसरीया हिंदुस्तान मो. 9977365001




कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने सडक सुरक्षा के तहत शहर की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए ट्रैफिक पुलिस को निर्देशित किया है। शहर के मुख्य मार्ग जहाँ यातायात अवरूद्ध होता है, वहाँ पर नगर पालिका और ट्रैफिक पुलिस द्वारा यातायात को व्यवस्थित करने के निर्देश दिए हैं। मार्ग पर स्थापित दुकानदारों से दुकान के सामने लगी हुई लोहे की रैलिंग और लकड़ी के तख्ते हटाकर यातायात को सुगम बनाने की अपील भी की है। कलेक्टर श्री अर्पित वर्मा ने कहा कि शहर में ट्रैफिक जाम से जुड़ी कई शिकायतें प्राप्त हो रही हैं। ऐसे में ट्रैफिक नियमों का पालन करना अत्यंत आवश्यक है। सभी शहरवासी यातायात नियमों का पालन करें। स्वयं को अप्रिय घटनाओं से सुरक्षित करने हेतु हेलमेट एवं सीट बेल्ट का प्रयोग करें। ऐसे लोग जो नियमों का उल्लघंन कर रहे हों या अपंजीकृत और असुरक्षित वाहनों का संचालन कर रहे हों, उनके खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जायें।

उल्लेखनीय है कि मुख्य बाजार में नगर पालिका सीएमओ श्री राधे रमण यादव द्वारा व्यापारियों को यातायात में बाधक सामग्री को अपनी दुकान में रखने की समझाइश निरंतर दी जा रही है। यातायात सुधार के लिए निरंतर प्रयास कर शहर की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने का कार्य किया जा रहा है।

## परीक्षा में सफलता के मूल मंत्र मिलने से खुशी से झूम उठे छात्र-छात्राएं



नितिन जौहरी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

**सीहोर।** शासकीय माध्यमिक शाला कोडियाछीतू में परीक्षा के समय छात्र छात्राओं का मनोबल बढ़ाने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम रखा गया। इस अवसर पर विकास खंड शिक्षा अधिकारी दीपा कीर, आवासीय विद्यालय के प्राचार्य आलोक शर्मा, बी.आर.सी.सी. अशोक वर्मा, बी ए सी सुरेंद्र यादव ,जितेन्द्र कलमोदिया, गेंद राज विश्वकर्मा, सतीश त्यागी मौजूद थे।इस अवसर पर विकसखंड शिक्षा अधिकारी दीपा कीर ने कहा कि सफलता का मूल मंत्र लगातार अभ्यास है । बगैर किसी तनाव के हमें परीक्षा की तैयारी करना चाहिए। आवासीय खेलकूद संस्थान के प्राचार्य आलोक शर्मा ने परीक्षा में सफलता के तीन मंत्र बताए। साथ ही परीक्षा हाल में कॉपी में उत्तर लिखने का तरीका बताया।बी.आर.सी.सी. अशोक वर्मा ने अपनी बात रखते हुए कहा कि अपने जीवन में लक्ष्य निर्धारित करें एवम लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अनवरत मेहनत करें। अतिथियों ने छात्र-छात्राओं को परीक्षा से संबंधित किट प्रदान की। इस अवसर पर शाला प्रभारी संजय सक्सेना ने आयोजन के उद्देश्य के बारे में बताते हुए कहा कि इसका उद्देश्य छात्र छात्राओं में बोर्ड परीक्षा का भय दूर करना था। कार्यक्रम का संचालन प्रदीप नागिया ने किया।इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि मतीन मियां, जनशिक्षक मीनाली शाहू और सुमन सोलंकी,शाला के शिक्षक शैलेंद्र सिंह, देवेंद्र चौहान,डी.के. मालवीय शशि कला पांडे, शशि बाला नामदेब, फूलवती सेन, मधुलिका जोशी, हेमंत मालवीय, आकाश सिंह, ओमप्रकाश परमार आदि उपस्थित थे

# भोपाल के मोतीनगर में 110 दुकानें तोड़ीं

## तीन लेयर बैरिकेडिंग, प्रशासनिक अमला समेत 1000 पुलिसकर्मी तैनात रहे



भोपाल। भोपाल की मोतीनगर बस्ती में रविवार सुबह 5 बजे शुरू हुई अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई दोपहर 2 बजे खत्म हो गई। सुबह 10.30 बजे तक 110 दुकानें तोड़ दी गईं। इसके बाद मलबा हटाने का काम शुरू हुआ। पूरी कार्रवाई में 6 घंटे लगे। इस दौरान पुलिस ने चारों तरफ से एक किमी दूर बैरिकेड्स लगाकर आवाजाही में रोक लगा रखी थी। सुभाषनगर ब्रिज को भी बंद कर दिया है। मीडिया को भी इलाके में जाने की अनुमति नहीं है। कार्रवाई के दौरान 10 जेसीबी, 2 बड़ी पोकलेन, 25 डंपर, 10 ट्रैक्टर ट्राली, 50 लोडिंग गाड़ियां लगाई गई हैं। जिला प्रशासन, पुलिस, नगर निगम और रेलवे के करीब 1000 अधिकारी-कर्मचारी तैनात हैं। इधर, विरोध और हंगामे को देखते हुए पुलिस ने कांग्रेस नेता मनोज शुक्ला को उनके घर में नजरबंद कर किया है। जानकारी के मुताबिक करीब 2 घंटे से कई पुलिसकर्मी शुक्ला के घर पर मौजूद हैं। दरअसल, सुभाषनगर ब्रिज की थर्ड लेन के लिए यहां के 384 मकान और 110 दुकानों को तोड़ा जा रहा है। दुकानें हटा दी गई हैं। आगामी दिनों में मकानों को तोड़ा जाएगा। वहीं इस कार्रवाई को लेकर कांग्रेस विरोध कर रही है। ऐसे में हंगामा होने की संभावना है। इसलिए भारी पुलिस फोर्स तैनात किया गया है। बता दें कि 6 फरवरी को पुलिस मौके पर पहुंची थी और लोगों को सामान हटाने का अल्टीमेटम दिया था। अफसरों की समझाइश के बाद कई दुकानदारों ने अपना सामान हटा लिया था। कार्यवाही के दौरान सुभाष नगर आरओबी को भी बंद कर दिया गया। अधिकारियों को डर था कि कार्रवाई के दौरान हंगामे की स्थिति बन सकती हैं। ऐसे में ब्रिज के ऊपर से भी पत्थरबाजी होने की संभावना थी। इसलिए दोनों ओर से ब्रिज पर पुलिस कर्मी तैनात कर दिए गए। मोती नगर बस्ती के पास में ही एक मैरिज गार्डन भी है। यहां आज सगाई का कार्यक्रम भी है। लड़की पक्ष के लोग बाहर पहुंचे हैं। इसलिए उनकी गाड़ियां बैरिकेडिंग के पास में ही रुकवा दी। पुलिस इन्हें अपने साथ मैरिज गार्डन तक लेकर गई। साथ आए कैमरामैन की भी जांच की गई। उसके बाद ही आगे जाने दिया गया।

कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने रविवार को कार्रवाई के लिए एसडीएम एलके खरे, डॉ. अर्चना रावत, रविशंकर राय और रवीश श्रीवास्तव की ड्यूटी लगाई। चार तहसीलदार आलोक पारे, कुनाल राउत, दिलीपकुमार चौराया और चंद्रकुमार ताम्रकार समेत 10 नायब तहसीलदार, 10 राजस्व निरीक्षक, 50 पटवारी और 50 कोटवारों को भी तैनात किया गया है। मोतीनगर बस्ती को हटाए जाने का विरोध कांग्रेस नेता मनोज शुक्ला लगातार कर रहे थे। वे कलेक्टर और एसडीएम को ज्ञापन भी दे चुके थे। अन्य कांग्रेसी नेताओं ने भी विरोध किया था। इसके चलते ही शुक्ला को नजरबंद किया गया है। बता दें कि 4 फरवरी तक बस्ती खाने करने का समय था, लेकिन पुलिस फोर्स नहीं मिलने की वजह से कार्रवाई नहीं हो सकी। दो दिन तक कार्रवाई अटकी रही। फिर अगले 2 दिन तक लोगों ने स्वेच्छा से सामान हटाना शुरू कर दिया। तीन दिन पहले कांग्रेस नेता मनोज शुक्ला एक दुल्हन को लेकर कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह के पास पहुंचे थे। शुक्ला ने कहा था, जिला प्रशासन की कार्रवाई के पहले मोतीनगर से कई मानवीय पहलू सामने आ रहे हैं। यदि प्रशासन मौजूद सैकड़ों परिवारों को मोहलत नहीं देता है तो उनके सामने आर्थिक संकट के अलावा नैतिक संकट भी खड़े हो रहे हैं। किसी के घर में बेटी के हाथ पीले होने हैं तो कहीं बेटे की शादी की तैयारी हो रही है। इस स्थिति में भी कार्रवाई होती है तो कई शादी टालनी होगी। दूसरी ओर, बच्चों की परीक्षाएं भी हैं।



# कांग्रेसियों ने खराब सड़कों पर रोपे बेशर्म के पौधे

भोपाल। कांग्रेसियों ने भोपाल में खराब सड़कों को लेकर प्रदर्शन किया। राजधानी में आगामी 24 और 25 फरवरी को होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट को लेकर भोपाल एयरपोर्ट से लेकर मानव संग्रहालय तक सड़कें बनाई जा रही हैं। शहर के मुख्य मार्गों का नए सिरे से रेनोवेशन कर रंगाई-पुताई और पौधारोपण किया जा रहा है। शहर के दूसरे हिस्सों की खराब सड़कें न बनाए जाने से नाराज कांग्रेस नेताओं ने भोपाल में प्रदर्शन किया। गोविंदपुरा विधानसभा क्षेत्र में खराब सड़क पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पूर्व मंत्री पीसी शर्मा के साथ बेशर्म के पौधे रोपे।

पूर्व मंत्री पीसी शर्मा ने सड़क पर बेशरम के पौधे रोपने के बाद मीडिया से कहा- सरकार ग्लोबल इन्वेस्टर्स मीट करा रही है। इस मीट में प्रधानमंत्री मोदी से लेकर देश-विदेश के तमाम उद्योगपति भोपाल आएंगे। सबका भोपाल में स्वागत है। लेकिन, सरकार इस आयोजन को लेकर भोपाल के नागरिकों के साथ भेदभाव कर रही है।

**गोविंदपुरा विधानसभा में प्रदर्शन, नहीं दिखे झूमरवाला :** पूर्व मंत्री पीसी शर्मा ने गोविंदपुरा विधानसभा क्षेत्र में खराब सड़कों को लेकर प्रदर्शन किया। गोविंदपुरा विधानसभा के महात्मा गांधी चौराहे से पिपलानी पेट्रोल पंप तक कांग्रेसियों ने खराब सड़कों को लेकर प्रदर्शन किया और बेशर्म के पौधे लगाए। इस प्रदर्शन में गोविंदपुरा विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी रहे रविन्द्र साहू झूमरवाला नजर नहीं आए।

# उज्जैन से वाराणसी जा रही बस नर्मदापुरम हाईवे पर पलटी 25 लोग घायल



भोपाल। भोपाल-नर्मदापुरम हाईवे पर सागर हॉस्पिटल के पास देर रात करीब 12.30 बजे उज्जैन से वाराणसी जा रही रमाशिव ट्रेवल्स की बस नम्बर स्क्क41 ँस्न्र 8568 डिवाइडर से टकराकर पलट गई। बस में करीब 50 यात्री सवार थे। हादसे में 25 यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बस के पीछे से आ रही है क्रेटा कार(स्क्क04 ँ॥ 7573) अचानक कट मारकर ओवरटेक करते हुए बस के सामने आ गई, जिसे बचाने के क्रम में बस डिवाइडर से टकरा कर पलट गई। मौके पर मौजूद राहगीरों ने तुरंत बस का शीशा तोड़कर यात्रियों को यात्रियों को निकालना शुरू कर दिया। प्रत्यक्षदर्शी राज जोशी ने बताया कि वे बाइक से बस के पीछे-पीछे ही चल रहे थे, तभी अचानक बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। उन्होंने तुरंत बस का शीशा तोड़कर यात्रियों को निकाला। हादसा होने के बाद क्रेटा से तीन लोग निकलकर भाग गए। इनमें एक युवती भी थी। पुलिस के मुताबिक हादसे में घायल हुए यात्रियों को नोवल अस्पताल, सागर हॉस्पिटल और एम्स में भेजा गया है। इस बस एक्सीडेंट में घायल हुए बस में सवार यात्री राजेश ने बताया कि वह सीहोर से रीवा जाने के लिए बस में बैठे थे। बस भरी हुई थी। बस में जगह न होने के कारण मैं और दो लोग ड्राइवर केबिन में बैठकर सफर कर रहे थे। तभी बहुत तेज रफ्तार में क्रेटा कार ने ओवरटेक किया। उसे बचाने की कोशिश में बस डिवाइडर से टकरा गई। टकराने ने बाद बैलेंस बिगड़ा और 50 मीटर दूर जाकर पलट गई। बस पलटने के बाद कुछ लोग आए जिन्होंने बस के दरवाजे तोड़कर सवारियों को बाहर निकाला। मैं देख रहा था कि बहुत सी सवारियां खून से लथपथ थीं। किसी की मौत नहीं हुई।

## पहली बार ट्राइबल लीडरशिप के लिए ट्रेनिंग कैंप लगाएगी कांग्रेस

# 120 आदिवासी युवा हुए सिलेक्ट, 19 से 25 फरवरी तक मोहनखेड़ा में प्रशिक्षण




भोपाल। लगातार चुनावों में हार के बाद कांग्रेस अब अपने कोर वोटर्स को वापस जोड़ने की कोशिश में जुट गई है। पहली बार एमपी में कांग्रेस आदिवासी युवाओं को प्रशिक्षित करने के लिए आवासीय ट्रेनिंग कैंप लगाएगी। धार जिले के मोहनखेड़ा में 19 फरवरी से 25 फरवरी तक यह प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा। आदिवासी वर्ग के युवाओं को पार्टी से जोड़ने और चुनावी रणनीति के हिसाब से तैयार करने के लिए कांग्रेस आदिवासी लीडरशिप डेवलपमेंट प्रोग्राम शुरू कर रही है। इस प्रोग्राम के जरिए जुड़ने वाले मप्र के 88 आदिवासी ब्लॉक से आदिवासी युवा भोपाल पहुंचे। इनका एआईसीसी और एमपी कांग्रेस के ट्राइबल डिपार्टमेंट के पदाधिकारियों ने इंटरव्यू लिया। इंटरव्यू के जरिए 120 आदिवासी युवा चयनित हुए। अब इनका सात दिनों का प्रशिक्षण मोहनखेड़ा में 19 फरवरी से शुरू होगा। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय के सभागार में आयोजित आदिवासी कांग्रेस विभाग द्वारा आदिवासी लीडरशिप डेवलपमेंट प्रशिक्षण शिविर और साक्षात्कार के लिए आयोजित बैठक में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने सभी जिलों से आये आदिवासी वर्ग के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुये कहा कि आदिवासी इस देश का मालिक है, जल-जंगल और जमीन पर सबसे पहला अधिकार आदिवासी वर्ग का है। आदिवासी वर्ग के खाली पड़े डेढ़ लाख से अधिक बैकलॉग के पदों पर भर्ती नहीं हुई है। आदिवासियों की जमीन मप्र सरकार के नुमाइंदों और अधिकारियों की मिलीभगत से अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया है। आदिवासी वर्ग को कभी बांध के नाम पर कभी सेंचुरी के नाम पर जमीनों से बेदखल किया जा रहा है। दलितों और आदिवासियों पर भाजपा के राज में अत्याचार की घटनाएं चरम पर हैं। आदिवासी वर्ग की महिलाओं को गायब किया जा रहा है जो सरकार द्वारा प्रस्तुत आंकड़ों से स्पष्ट है। आदिवासी वर्ग के बच्चों को मिलने वाली छात्रवृत्ति में भ्रष्टाचार किया जा रहा हैं, आदिवासी वर्ग के छात्रावास जर्जर अवस्था में हैं, ग्रामीण अंचलों में सरकारी स्कूलों में शिक्षा और शिक्षकों का अभाव हैं। पटवारी ने कहा कि आदिवासी वर्ग इस अत्याचारी सरकार के खिलाफ यदि एकजुट होकर संघर्ष करेगा तो हम उनके इस अत्याचार को समाप्त करने में कामयाब जरूर होंगे। संविधान को बचाने के लिए हम सभी को मिलकर संघर्ष करना होगा तभी इस देश में संविधान की रक्षा और उसका सम्मान होगा और आदिवासियों को सम्मान भी बना रहेगा।मप्र आदिवासी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष रामू टेकाम ने कहा जिसमें आदिवासियों के जल-जंगल-जमीन, संवैधानिक हित और अधिकारों की रक्षा एवं उनके साथ होने वाले शोषण के खिलाफ सत्तारूढ़ दल भाजपा की नाकामियों एवं खोखले वादों, झूठा पेसा एक्ट के मुद्दों पर गंभीरता से परिचर्चा की जाएगी। अभा कांग्रेस द्वारा नियुक्त प्रशिक्षण प्रभारी राहुल बल ने आदिवासी कांग्रेस के पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह शिविर आपके नेतृत्व को और अधिक मजबूत करने की दिशा में सार्थक होगा।

# स्कूटी-लैपटॉप, सबके लिए इंतजार

**भोपाल।** मप्र के करीब 92 हजार सरकारी स्कूलों में अध्ययनरत लगभग 94 लाख विद्यार्थियों के लिए पांच निश्शुल्क योजनाएं संचालित की जा रही है। इनमें मुख्यमंत्री स्कूटी योजना, लैपटॉप प्रोत्साहन योजना, निश्शुल्क यूनिफार्म वितरण, निश्शुल्क पुस्तक वितरण और निश्शुल्क साइकिल वितरण शामिल है। लेकिन इनमें से एक का भी लाभ विद्यार्थियों को समय पर मिल पा रहा हो। वर्ष 2023ङ्क24 के सत्र में स्कूटी के लिए पात्र विद्यार्थियों को अब जाकर स्कूटी मिलना शुरू हुई है। लेकिन इसी सत्र में लैपटॉप के लिए इंतजार करना पड़ रहा है। इसके अलावा जो विद्यार्थी साइकिल योजना के लिए पात्र थे, उन्हें भी जनवरी माह में बीते शैक्षणिक सत्र की साइकिल मिल पाई हैं। यूनिफॉर्म भी अभी मिली है। किताबें जरूर जुलाई 2024 में मिल गई थी, लेकिन शैक्षणिक सत्र की शुरूआत अप्रैल माह में हो जाती है। इस देरी को लेकर जिम्मेदारों से बात करनी चाही तो किसी ने भी जवाब नहीं दिया। गौरतलब है कि कक्षा 12वीं में एक स्कूल से टॉप करने वाले छात्र या छात्रा को निःशुल्क स्कूटी दी जाती है। इसका बंटन परिणाम आने के बाद जुलाई में होना था, लेकिन मुख्यमंत्री ने अभी स्कूटी की राशि जारी की। इसी तरह लैपटॉप कक्षा 12वीं में 75 फीसदी अंक लाने वाले सभी विद्यार्थियों को देते हैं। इस बार 90 हजार विद्यार्थी योजना के दायरे में है।

# इंदौर की कंपनी पर लगाया हर्जाना

**भोपाल।** जिला उपभोक्ता फोरम ने फार्म हाउस में खिड़की लगवाने के नाम पर पैसे लेकर फरार होने पर इंदौर की जनेला विंडोर्स फर्म के खिलाफ फैसला सुनाया है। फर्म ने परिवादी से 45 हजार रुपए लेकर भी खिड़की लगाने का काम नहीं किया था। बाद में परिवादी को सिर्फ 10 हजार रुपए लौटाए थे। फोरम ने फर्म पर 60 हजार रुपए का हर्जाना लगाया है। होशंगाबाद रोड के रहने वाले विकास पांडे का कहना है कि उन्होंने फार्म हाउस पर खिड़की लगवाने के लिए ऑनलाइन इंक्वायरी डाली थी। इंदौर की जनेला विंडोर्स फर्म ने काम करने की हामी भरी थी और फार्म आकर सभी नाप लिए थे। 9 जून 2021 को परिवादी ने फर्म को 50 हजार रुपए नगद दिए थे। इसके बाद उनके द्वारा 50 दिन में काम पूरा करने का आश्वासन दिया गया था। लेकिन कई दिन तक काम शुरू नहीं किया गया। इसके बाद फर्म से कई बार संपर्क करने पर उनके द्वारा 45 हजार रुपए और की मांग की गई। 13 जुलाई को उन्होंने 45 हजार फर्म को और दे दिए। काम शुरू नहीं किया तो उन्होंने 23 सितंबर को रातीबड़ थाने में इसकी रिपोर्ट दर्ज कराई।

फोरम का इस मामले में कहना है कि परिवादी द्वारा 50 हजार रुपए नगद दिए जाने के संबंध में कोई सबूत पेश नहीं किए गए हैं। वहीं, 45 हजार

## जीआईएस के लिए भोपाल में 100 टेंट की सिटी

# विदेशी मेहमान रुकेंगे; कलियासोत-केरवा डैम किनारे लग्जरी सुविधा होंगी




भोपाल। भोपाल में 24 और 25 फरवरी को ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट (जीआईएस) होगी। इसमें देश-विदेश से करीब 20 हजार मेहमान आएंगे। इनमें देश-विदेश के बड़े उद्योगपति जैसे- अंबानी, अडाणी, टाटा, बिरला, महिंद्रा भी शामिल हैं। इनके लिए खास इंतजाम किए जा रहे हैं। 2 से 5 स्टार रेटिंग वाले होटलों में 1 लाख रुपए तक के रूम बुक हो चुके हैं, तो दो जगह 100 टेंट की टेम्परेरी टेंट सिटी भी बनेगी। दोनों टेंट सिटी कलियासोत और केरवा डैम किनारे बनेगी। ताकि, मेहमान प्रकृति के नजारे भी देख सकें। पं. खुशीलाल शर्मा आयुर्वेद कॉलेज के पास कलियासोत ग्राउंड और केरवा डैम के पिछले हिस्से में जगह तय हो चुकी है। परमिशन मिलने ही मप्र राज्य पर्यटन विकास ने तैयारियां भी शुरू कर दी हैं। अगले पांच से छह दिन में टेंट सिटी बनकर कंप्लीट हो जाएगी।

जानकारी के मुताबिक, दोनों जगह पर 50-50 टेंट की सिटी डेवलप की जा रही है। इनमें होटल जैसी लग्जरी सुविधाएं ही रहेंगी। अंदर डबल बेड, एयर कंडिशन रहेगा तो बाहर सिक्योरिटी के इंतजाम और डॉक्टरों की टीम 24 घंटे मौजूद रहेगी। 3 दिन के लिए ये टेंट सिटी बनेगी। इनमें विदेशी मेहमानों को रुकवाने का प्लान है। ताकि, वे प्रकृति भरे माहौल में रहे। टेंट सिटी से समिट स्थल तक लाने ले जाने के लिए गाड़ियां मौजूद रहेंगी। जानकारी के मुताबिक, समिट के लिए अब तक करीब 17 हजार उद्योगपति अपने रजिस्ट्रेशन करवा चुके हैं। इनमें प्रदेश, देश और विदेश के उद्योगपति भी शामिल हैं। 12 फरवरी तक ये रजिस्ट्रेशन होंगे। ऐसे में 3 से 5 हजार रजिस्ट्रेशन होने का अनुमान और है।24 फरवरी को उद्घाटन सत्र के दिन भी ऑन स्पॉट रजिस्ट्रेशन होंगे। इसके लिए स्मार्ट सिटी पार्क में काउंटर बनेंगे। यही से ऐसे मेहमानों के दूसरे कार्ड भी जाएंगे, जो लाना भूल गए हों। जानकारी के मुताबिक, समिट में भोजन के मैन्यू को अंतिम रूप दे दिया गया है। मप्र राज्य पर्यटन विकास निगम दो दिन में 20 हजार लोगों के भोजन की व्यवस्था करेंगा।

# जादू-टोने के शक में भाई का मर्डर, भतीजे पर हमला


बड़वाह। वारदात रविवार सुबह 6 बजे बड़वाह के सुलगांव की है। आरोपी भूर सिंह को शक था कि भाइयों के जादू-टोना करने की वजह से उसकी पत्नी और दो बेटों की मौत हुई है। उसके खेत के ट्यूबवेल में पानी भी इसी वजह से सूख गया। पुलिस के मुताबिक, सुलगांव निवासी गोविंद सिंह, भूर सिंह और सुरेश भाई हैं। गोविंद बड़ा, भूर सिंह मंझला जबकि सुरेश सबसे छोटा था। रविवार सुबह सुरेश गाय के लिए चारा लेकर खेत से लौट रहा था, इसी दौरान भूर सिंह (45) ने पीछे से उस पर कुल्हाड़ी मारी। सुरेश जमीन पर गिर पड़ा। इसके बाद भूर सिंह बड़े भाई गोविंद के बेटे त्रिलोक के पीछे दौड़ा। गोविंद बाइक पर था। वह बाइक भगाता, इससे पहले भूर सिंह ने कुल्हाड़ी मार दी। घायल त्रिलोक ने घर पहुंचकर घटना की जानकारी अपने छोटे भाई दिलीप को दी। दिलीप ने बाकी परिजन को बुलाया, फिर पुलिस को सूचना दी। परिजन सुरेश और त्रिलोक को लेकर बड़वाह सिविल अस्पताल पहुंचे। यहां डॉक्टरों ने सुरेश को मृत घोषित कर दिया। त्रिलोक का इलाज जारी है। तीनों भाइयों के खेत एक-दूसरे से सटे हैं।

त्रिलोक रोज रात को खेत में ही सोता था। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पूर्व सरपंच अर्जुन सिंह ने बताया कि करीब 7 साल पहले भूर सिंह की पत्नी की बीमारी के कारण मौत हो गई थी। इसके बाद एक बेटे ने खलघाट पुल से कूदकर आत्महत्या कर ली थी।

स्वामित्व प्रकाशक एवं मुद्रक संपादक रविंद्र सिंह द्वारा पवैया प्रिंटर्स मुरार, 6 चौराहा मुरार, ग्वालियर ( मध्य प्रदेश ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक : रविन्द्र सिंह, संपादकः अशोक सोनी (9009601101), स्थानीय संपादक ग्वालियर कपित गोयल
जितेन्द्र व्यास-स्थानीय संपादक, मो. 8120205990 भोपाल कार्यालय पता- प्रेस काप्लेक्स महाराणा प्रताप अपार्टमेंट एम पी नगर जोन 1 भोपाल मध्य प्रदेश दूरभाष--755,3596045 मोबाइल 9644811407 ई-मेल-hindustannews404@gmail.com

# बंधक बनाकर आटो रिक्शा को लूटा

थाना इलाके में एक ऑटो चालक ने ऑटो रिक्शा में बैठी सवारी पर अन्य अज्ञात लोगों की मदद से उसे बंधक बनाकर ऑटो को लूट ले जाने का आरोप लगाया है। इमलिया सुल्तानपुर थाना क्षेत्र के देवरिया गाँव निवासी गुड्डू पुत्र स्व राम बक्स ने इमलिया सुल्तानपुर थाने पर लिखित प्रार्थना पत्र देकर यह आरोप लगाया है कि शनिवार की शाम करीब सात बजे वह अपने ऑटो रिक्शा में फर्रकपुर चैराहे से एक अज्ञात सवारी सौ रुपए पर बैठाकर सेमरी के लिए जा रहा था। ऑटो नौवा महमूदपुर के आगे पहुंचा तभी ऑटो में बैठे व्यक्ति ने एक समरसेबल के पास ऑटो को रुकवाया। आरोप है कि वहां पर एक चैपहिया वाहन पहले से खड़ा था।ऑटो में बैठी सवारी के पाँच साथियों ने उसके आँखे, मुंह व हांथ बाँधकर उसे जबरन अपने चैपहिया वाहन में बैठा लिया। जिसके बाद




आटो चालक को गाड़ी में बैठाकर चादूपुर के पास गन्ने के खेत में ले गए जहाँ उसे डराया धमकाया और जान से मारने की धमकी दी। कुछ देर बाद वह गाड़ी खेत के पास आई और आटो चालक को छोड़कर कर सभी लोग गाड़ी में बैठकर वहां से निकल गए।अगले दिन सुबह वह अपने भाई के साथ जहाँ ऑटो खड़ा किया था उस जगह पर गया लेकिन उसका ऑटो वहां से गायब था। बताते चलें एक हफ्ते पहले भी इमलिया सुल्तानपुर निवासी ओमप्रकाश पुत्र स्व पुतान थाने से कुछ ही दूरी पर किराने की दुकान के पास आटो रिक्शा खड़ा करके घर का सामान लेने लगे सामान लेकर वापस आये तो देखा वहां से आटो रिक्शा गायब था। जिसकी बहुत छानबीन की छानबीन के बाद शफीक की बैल के पीछे चारागाह के पास पसनैका चकरोट के पास आटो रिक्शा खड़ा मिला।आटो रिक्शा के पास जाकर देखा तो आटो रिक्शा की दो लिथियम की बैटरी गायब थी।जिसकी सूचना एक हफ्ते पहले थाने में दर्ज कराई थी। पीड़ित का आरोप है पुलिस वालों की तरफ कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।जिसके कारण थाने से कुछ ही दूरी पर एक हफ्ते के अन्दर चोरों ने दूसरी घटना को अंजाम दिया। इसके बारे में थाना प्रभारी से जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया मामला संदिग्ध लग रहा है मामले की छानबीन की जा रही है।

**संदना के भरौना बाजार से बाइक चोरी :-**

गोंदलामऊ-सीतापुर। संदना थाना क्षेत्र में चोरों का आतंक लगातार जारी है। शनिवार शाम को भरौना बाजार से एक और मोटरसाइकिल चोरी की घटना सामने आई है। जहानपुर निवासी रजनीश पुत्र रामासरे की स्प्लेंडर प्रो मोटरसाइकिल (न्च्3४9587) शाम करीब 6 बजे बाजार से गायब हो गई।पीड़ित रजनीश, जो एक गरीब परिवार से हैं, ने रविवार को संदना थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि वह शनिवार शाम को बाजार गए थे और जब वापस लौटे तो उनकी बाइक वहां नहीं थी।इस घटना ने क्षेत्र के व्यापारियों में गहरा आक्रोश पैदा कर दिया है। व्यापारियों का कहना है कि लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से उनका कारोबार प्रभावित हो रहा है। स्थानीय लोगों ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए हैं और इलाके में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की मांग की है। बढ़ती चोरी की घटनाओं ने क्षेत्र के लोगों में असुरक्षा की भावना पैदा कर दी है, जिससे व्यापारिक गतिविधियां भी प्रभावित हो रही हैं।

# आरटीआई से खुली ग्रामपंचायत गोधना में भ्रष्टाचार की पोल

**सिधौली -सीतापुर।** भ्रष्टाचार को लेकर जहां एक तरफ जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द की सख्त प्रणाली विदित हो रही है जिससे जनपद में हो रहे विकास कार्य धरातल पर भ्रष्टाचार मुक्त हो सके साथ ही भ्रष्टाचारियों पर लगातार जनपद में कार्यवाही की जा रही है जिससे भ्रष्टाचार जड़ से खत्म हो सके। वही दूसरी तरफ जनपद के विकास खण्ड सिधौली में मांगी गई आरटीआई से भ्रष्टाचार की पोल खुलती दिखाई दे रही है। बताते चले कि विकास खण्ड क्षेत्र की ग्राम गोधना में कराए गए विकास कार्यों में भ्रष्टाचार का मामला प्रकाश में आया है ।जिसमें जिम्मेदारों के द्वारा एक एक कार्य पर दो बार भुगतान निकालकर करीब तीन लाख रुपये का बंदर बांट किया गया है।




विकास कार्यों में व्याप्त भ्रष्टाचार उस समय और तूल पकड़ गया जब गांव के ही एक व्यक्ति ने कराए गए विकास कार्य की जानकारी सूचना अधिकार के माध्यम से प्राप्त की जिससे यह स्पष्ट हुआ कि एक ही कार्य के दो किस्तों में करीब दो लाख पचहत्तर (2,74,988)रुपए निकले गए जबकि उक्त मार्ग आज भी अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। उक्त प्रकरण के सम्बन्ध में जब खण्ड विकास अधिकारी सिधौली से जानकारी ली गई तो उन्होने बताया कि हम आज अवकाश पर है एडीओ पंचायत से जानकारी प्राप्त कर लीजिए। बाक्स-जानकारी प्राप्त हुई है जांच उपरांत कार्यवाही की जयेंगी। भ्रष्टाचार के इस मामले को गम्भीरता से लिया जायेगा। इसमें किसी प्रकार की कोई लापरवाही नही बर्दास्त की जोयगी।

## नही हो सका शिकायतों का निस्तारण

**सकरन।** सकरन कोतवाली थाने पर समाधान दिवस का आयोजन किया गया । तहसीलदार बिसवां की अध्यक्षता में हुए थाना समाधान दिवस में राजस्व संबंधी आठ शिकायती पत्र प्राप्त हुए। मौके पर किसी का निस्तारण नहीं किया जा सका। सभी शिकायती पत्रों के निस्तारण के निर्देश दिए गए। अगले समाधन दिवस तक शिकायतों का निस्तारण किये जाने के निर्देश दिये गये है। इस मौके पर एसओ कृष्ण कुमार के अलावा क्षेत्रीय लेखपाल व पुलिस कर्मी मौजूद थे।

## लेखपाल का मूंशी करता वसूली शिकायत हुई दर्ज

**महमूदाबाद-सीतापुर।** पिछले काफी समय से लेखपाली का मुंशी आवेदनकर्ताओं व शिकायतकर्ताओं से वसूली करता था इसकी शिकायत विगत दिवस नायब तहसीलदार की अध्यक्षता में आयोजित थाना समाधान दिवस में रेवान के प्रधान सुरेश सहित तमाम ग्रामीणों ने शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया कि हल्के की लेखपाल निकिता गौतम क्षेत्र में नहीं आती हैं। आरोप है कि उनका मुंशी गांव निवासी मेहताब झोपड़पट्टी में रहने वाले गरीबों लोगों की आय अधिक बनाने का झांसा वसूली करता है। इस शिकायत पर जांच के आदेश दिये गये है।

## आम के बाग में पेड़ से लटकता मिला शव

**मिश्रिख सीतापुर ।** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत मिश्रिख कुतुबनगर मार्ग पर मुडियारा मोड़ के पास एक आम के बाग में अज्ञात व्यक्ति का शव लटकता मिला जिसकी उम्र करीब 49 वर्ष के लगभग जिसके पास से एक जोड़ी चप्पल, चैबीस सौ रुपए, बैग, जिसमें एक जोड़ी कपड़े , व कंबल मिला है शव को ग्रामीणों ने देखा तो इलाके में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों की सूचना पर मिश्रिख पुलिस भी मौके पर पहुँची पुलिस ने फरेंसिक टीम को बुलाकर जाँच पड़ताल की लेकिन शव की सिनाख्त न हो सकी फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि शव की सिनाख्त नही हुई है। प्रयास किया जा रहा है। समाचार लिखे जाने तक शव की पहचान नहीं हो पाई थी।

## पुलिस ने लौटाया गुमशुदा मोबाइल

**सीतापुर।** पुलिस अधीक्षक सीतापुर चक्रेश मिश्र द्वारा जनपदीय पुलिस को भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर चेकिंग एवम् खोये हुए लावारिस स्थिति में मिलने वाले समानों को सकुशल उनके परिजनों का पता लगाकर सकुशल सुपुर्दगी हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त निर्देशों के क्रम में क्षेत्राधिकारी मिश्रित के निकट पर्यवेक्षण में थाना नैमिषारण पुलिस टीम द्वारा करीब 05 माह पूर्व खोएध्गुमशुदा मोबाइल पोर्टल पर ट्रेक कर बरामद मोबाइल फोन को उसके धारक दिवाकर मिश्रा पुत्र नन्द किशोर मिश्रा निवासी ग्राम फूलपुर झरिया थाना नैमिषारण्य सीतापुर को सुपुर्द किया गया।

## किशोरी गायब केस दर्ज

**सिधौली- सीतापुर।** स्थानीय तहसील अंतर्गत थाना कोतवाली क्षेत्र के कोठार मजरा भांडिया निवासी की (13) वर्षीय पुत्री के भण्डिया गायब होने की सूचना देकर कोतवाली में अभियोग पंजीकृत कराया है। स्थानीय कोतवाली के कोठार मजरा भण्डिया निवासी रामराज पुत्र मुनेश्वर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि (13) वर्षीय पुत्री तीन फरवरी025 को अकेले सुबह 10 बजे भंडिया दवाई लेने गई थी तभी से आज तक घर वापस नहीं आई है जिसकी सूचना पीड़ित ने आवश्यक कारवाई हेतु पुलिस को दी पुलिस ने संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# गेस्ट हाउस में आंख अस्पताल की तरफ से लगाया गया निःशुल्क कैम्प

**सिधौली -सीतापुर ।** स्थानीय तहसील मुख्यालय पर कस्बे के निकट रमाया गेस्ट हाउस में डा कर्नल मधु भदौरिया मुख्य चिकित्सा अधिकारी आंख अस्पताल सीतापुर के सौजन्य से आंखों में बीमारियों, चश्मा आदि के लिए निशुल्क कैम्प आयोजन का शुभारंभ कांग्रेस जिलाध्यक्ष उत्कर्ष अवस्थी ने फीता काट कर किया गया शिविर में कमोबेश (250) आंख मरीजों अपना पंजीकरण करा कर डाक्टरों से प्रामर्श लिया और निशुल्क इलाज कराया। कस्बे के निकट बिसवां रोड पर स्थित रमाया



गेस्ट हाउस में रविवार को आंख अस्पताल सीतापुर के द्वारा डा अस्मिता और डॉ अविनाश यादव की देखरेख में निशुल्क आंख आप्रेशन, चश्मा आदि आंख उपचार के लिए कैम्प का आयोजन किया गया इस अवसर पर कैम्प में लगभग ढाई सैकड़ा आंख के मरीज महिलाओं -पुर्षों और बच्चों ने अपनी आंखों को डाक्टरों को दिखाया। नि शुल्क जांच शिविर में आंखों के पर्दे की जांच आधुनिक मशीनों से की गई और आप्रेशन वाले (107 ) मरीजों को वहीं से निशुल्क अपने वाहन से डाक्टरों द्वारा आंख अस्पताल सीतापुर लेजाया गया और उन्हें आप्रेशन के बाद वापस घर तक भेजने की बात भी डाक्टर द्वारा कही गई है। आंख जांच शिविर में नगर और ग्रामीण क्षेत्र से पहुंच कर (243 ) आंख मरीजों ने अपना पंजीकरण करा कर डाक्टरों दिखाया और चश्मा, दवाइयां आदि प्राप्त की गई । इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष उत्कर्ष अवस्थी, सत्यदेव पाण्डेय, ओमप्रकाश मिश्रा,डा अवधेश श्रीवास्तव पूर्व चेयरमैन, प्रदीप सिंह चैहान गन्ना समिति (चैयरमेन) कमलापुर, प्रदीप मिश्रा, ओमकार मिश्रा, खुशी राम, महेश राजवंशी, गया प्रसाद,अनवर अली, अभिषेक वर्मा आदि दर्जनों कांग्रेस जन आंख जांच शिविर के प्रमुख डॉ अस्मिता,डा अविनाश यादव,उनवती वैश्य, जूही सिंह,अक्षत,आडिल,इरा, सुनैना मिश्रा, रामकिशोर शुक्ला आदि मौजूद रहे।

## खून से सना हथियार लेकर शिकायत दर्ज कराने थाने पहुंची महिला

**सीतापुर।** महमूदाबाद कोतवाली थाने पर सभी पुलिस अधिकारी बैठे फरियादियों की फरियाद सुन रहे थे। चूंकि समाधान दिवस था तो थाने पर कफी संख्या में शिकायतकर्ता और अधिकारी मौजूद थे। इसी बी कोतवाली थाने की पर हो रही हलचल को चीरती हुई एक महिला पहुंची महिला के हाथों से खून टपक रहा था उसके हाथ में धारदार हथियार जो खून से सना था। महिला के इस रूप को देखकर सभी पुलिस अधिकारी , अन्य अधिकारी व उपस्थित लोग हक्के बक्के रहे गये। मौजूद पुलिसकर्मियों ने महिला के हाथ से फरसा ले कर उसकी परेशानी को सुना। पीड़िता ने बताया कि उसके बेटे बैजनाथ को गांव के जिलेदार, शैलेंद्र, सतीश व जयकरन ने लाठी डंडों से पीटने के साथ जाति सूचक गालियां दीं। बीच बचाव करने पर फरसे से उसके हाथ पर भी प्रहार कर घायल कर दिया। हमले के बाद फरसा मौके पर ही छूटकर गिर गया। उसे लेकर ही शिकायत दर्ज कराने आई हूं। मौजूद अफसरों ने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का भरोसा दिलाकर बुजुर्ग महिला को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया। पुलिस ने मामले पर आवश्यक कार्यवाही करनी शुरू कर दी है।

# आधा दर्जन फरार अपराधी गिरफ्तार

**सीतापुर।** पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र द्वारा जनपद में वांछित व वारण्टी की नियमानुसार गिरफ्तारी एवम् अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये हैं। उक्त निर्देश के क्रम में थाना रामकोट, तम्बौर, अटरिया, सदरपुर की पुलिस टीमों द्वारा 06 वांछित व वारण्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस प्रवक्ता से मिली जानकारी के अनुसार थाना रामकोट पुलिस टीम द्वारा 15/2025 बी0एन0एस0 व 3/4 पाक्सो एक्ट में वांछित. अनिल पुत्र स्व0 रामलाल रैदास निवासी ग्राम मिर्जापुर थाना रामकोट जनपद सीतापुर . कमलेश पुत्र स्व0 रामलाल रैदास निवासी ग्राम मिर्जापुर थाना रामकोट जनपद सीतापुर को गिरफ्तार किया गया है। उल्लेखनीय है कि दोनों अभियुक्त थाना रामकोट के टॉप -10 अपराधी हैं। थाना तम्बौर पुलिस टीम द्वारा केस नम्बर 2216/2024 में वारंटी मनीराम पुत्र शत्रोहन निवासी ग्राम दरियाना थाना तम्बौर जनपद सीतापुर को गिरफ्तार किया गया।थाना अटरिया पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 27/2025 धारा 137(2)87 बीएनएस में वांछित अभियुक्त गुलशन पुत्र पुत्तू निवासी ग्राम मिर्जापुर दक्षिणी थाना संदना जनपद सीतापुर को गिरफ्तार किया गया।थाना सदरपुर पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 011/2025 धारा 9,87,352,351(3)/127(4)/ 137(2) व 3/ 4 दहेज प्रतिषेध अधि0 व 3/ 4 पाक्सो एक्ट थाना सदरपुर में वांछित अभियुक्तगण अभियुक्त पंकज पुत्र राधेलाल निवासी ग्राम मीरनगर मजरा संसारपुर थाना सदरपुर . राधेलाल पुत्र स्व0 रामदुलारे निवासी ग्राम मीरनगर मजरा संसारपुर थाना सदरपुर सीतापुर को गिरफ्तार कर .न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।



# मानव जीवन अनमोल : पंकज जी महराज

**कमलापुर -सीतापुर।** शाकाहार-सादाचार जनजागरण यात्रा सन्त पंकज जी महाराज की अगुवाई में सीतापुर जिले के विभिन्न ब्लाकों में अपना धर्म-कर्म का सन्देश सुनाते हुये देर सायंकाल (57)वें पड़ाव पर ब्लाक कसमण्डा के अन्तर्गत ग्राम बिलरिया के मैदान पर पहुंची। आयोजित सत्संग में अपने सम्बोधन में महाराज ने कहा कि यह मानव जीवन अनमोल है। हमने मानवीय गुणों सत्य, दया, करुणा, अहिंसा तथा प्रेम को नहीं अपनाया तो हमारा यह जीवन बेकार है। महात्मा किसी जाति विरादरी या किसी धर्म मजहब की निन्दा नहीं करते। महात्मा यहां आकर किसी के हाथ में लाठी डण्डे तीर तलवार पकड़ाने नहीं आते, न कोई पंथ या मजहब चलाने आते। बल्कि वे तो लोगों को चेताने जगाने आते हैं कि जो कुछ भी हम इन आंखों से देख रहे हैं, यह हमारा नहीं है। हमारा तो यह शरीर भी नहीं है। यह एक किराये का मकान है। जब मौत का समय आयेगा तो यहां का सारा सामान वह मकान मालिक यहीं रखवा लेगा। सुई की नोक के बराबर भी कुछ लेकर नहीं जा सकते। जो कुछ स्वासों की पूंजी



बची है, उसमें गृहस्थी के काम काज करते हुये समय निकाल कर उस प्रभु का भजन कर लें। भजन ही जीवन का सार है। भजन की युक्ति भेदी गुरु यानि प्रभु को प्राप्त कर चुके महात्माजन ही बतायेंगे। जब आप करोगे तो आपको भी अन्तर में अनुभव होगा, तभी तो महात्माओं ने कहा है कि ''सोइ जानइ जेहि देहु जनाई, जानत तुम्हहिं, तुम्हहिं होई जाई।। महाराज जी ने भजन का रास्ता (नामदान) देकर सुमिरन, ध्यान, भजन की विधि को समझाया।पंकज जी ने शाकाहारी व नशामुक्त रहकर अच्छे समाज के निर्माण में योगदान देने की अपील भी किया। ये युवा अपने माता पिता की पूंजी हैं तथा देश की धरोहर हैं। इन्हें अशुद्ध खान-पान से बचाना सबका दायित्व है। उन्होंने आगामी 13 मार्च से 15 मार्च तक जयगुरुदेव आश्रम मथुरा में होने वाले वार्षिक होली पर्व पर पधारने का निमन्त्रण भी दिया। पुलिस प्रशासन का समारोह में योगदान रहा।इस अवसर पर मोतीलाल, रामसरन, सोहनलाल, पू.प्र. सहदेव, मेवालाल भार्गव, भानु यादव, गंगा प्रसाद, सुनील कुमार, रामजीवन, सतीश सिंह, बलराम यादव, अशोक निर्मल, बालकराम आदि उपस्थित रहे। जनजागरण यात्रा अगले पड़ाव हेतु ग्राम महोठे रानी निकट कमलापुर के लिये प्रस्थान कर गई ।

## महिला ने लाइनमैन पर लगाया रिश्वतखोरी का आरोप

**सिधौली -सीतापुर ।** स्थानीय तहसील अंतर्गत विद्युत उपकेंद्र बनौगा में संविदा कर्मी (लाईनमैन) पर कुंवरपुर निवासी महिला ने बिजली कनेक्शन हेतु (2600ध्रुपए) लिए जाने और कनेक्शन न होने पर पैसा वापस मांगने पर छेड़छाड़ और गन्दी गन्दी गालियां देने काआरोप लगाते हुए अटरिया पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई किए जाने फरियाद की है। अटरिया पुलिस को दी गई तहरीर में किस्मतुन निशा पत्नी जब्बार निवासी ग्राम कुंवरपुर थाना अटरिया ने कहा है कि बिजली कनेक्शन हेतु (2600 रुपया) करीब तीन माह पूर्व दिए थे। कई बार कहा कि मेरा कनेक्शन करा दो नहीं तो मेरा पैसा वापस कर दो जिस पर कन्हैया लाल (लाईन मैने) काफी गंदी गंदी गालियां दी और घर में घुसकर छेड़खानी की बात की पीड़ित महिला ने इस की शिकायत गांव के प्रधान प्रतिनिधि अमित यादव से की तो उन्होंने कन्हैया को बुलाकर डांटा कि इसके पैसे वापस करो वर्ना कनेक्शन कराओ। यह अच्छी बात नहीं है इससे गांव की बदनामी होती है।

## नगरपालिका की सुविधाएं पाने के लिये खाली करनी होगी जेब

**लहरपुर ( सीतापुर )।** नगर पालिका क्षेत्र के वाशिन्दों के लिये एक बुरी खबर है। भले ही नगर पालिका आपको शुद्ध पेयजल न दे पाये लेकिन सुविधाओं के नाम पर आपकी जेब खाली करवाने का ताना बाना बुन दिया है नगरपालिका परिषद एक अप्रैल से गृहकर की बढ़ी हुई दरें लागू करने जा रहा है। ये दरें करीब 10 गुना तक बढ़ा दी गई हैं। 100 रुपये वार्षिक टैक्स अदा करने वाले गृहस्वामियों को अब एक हजार रुपये देने पड़ेंगे। कस्बे के लोग परेशान हैं। मोहल्ला काजी टोला निवासी हसीब ने बताया कि वह छावनी पुलिया पर अंडे का ठेला लगाकर जीवनयापन करते हैं। मौजूदा समय में उनके मकान का टैक्स 70 रुपये प्रतिवर्ष जमा होता है। नई दरों के अनुसार उन्हें करीब एक हजार रुपये जमा करने पड़ेंगे। मोहल्ला इंद्रानगर निवासी चिकित्सक डॉ. आफताब अहमद ने अचानक इतनी ज्यादा दरें बढ़ाने से जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

# कुंभ से आ रही मिनी टैवल्स बस पल्टी 12 यात्री घायल

**सीतापुर ।** स्थानीय कोतवाली देहात क्षेत्र में कुंभ प्रयागराज आ वापस आ रही मिनी ट्रेवल्स बस दुर्घटना ग्रस्त होकर पलट गई। जिसको चलते बारह लोग घायल हो गए। सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।दुर्घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई है पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही करनी शुरू कर दी है। हादसा कोतवाली देहात क्षेत्र के नानकारी के पास सुबह करीब 7:30 बजे हुआ। बताया गया कि चालक को झपकी आने से हादसा हुआ है। बस अचानक अनियंत्रित होकर पहले सड़क किनारे लगे पोल से टकराई, इसके बाद पलट गई। इसमें नेपाल के यात्री सवार थे। जिला एंबुलेंस प्रभारी अभिषेक अवस्थी ने बताया कि नेपालापुर से लखीमपुर हरगांव रोड पर




नानकारी के पास गाड़ी अनियंत्रित होकर पलट गई। बारह यात्री घायल हो गए हैं। सूचना पर जिला अस्पताल की नजदीकी चार एंबुलेंस से घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सभी घायलों की हालत खतरे से बाहर बतायी जा रही है। बताते है कि चालक रातभर वाहन चलाता रहा जिसके चलते चालक के झपकी आ गई। जिसके चलते यह बड़ा हादसा हो गया। जिला अस्पताल के इमरजेन्सी इंचार्ज ने बताया कि कुंभ आ रही बस पल्टी जिसमें पार्वती, देव बहादुर, रम्भादेवी, बागेश्वरी, गायत्री, दुर्गा, शारदा विशुनादेवी देवराज, शिवराज, नेकराम, टंकारानी सहित बारह यात्री घायल हुए है जिनका उपचार जिला अस्पताल में किया जा रहा है।

# दस हजार का इनामी पेशेवर अपराधी गिरफ्तार

**सीतापुर।** पुलिस अधीक्षक सीतापुर चक्रेश मिश्र द्वारा जनपद में अपराध नियंत्रण के दृष्टिगत अपराधियों के विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही एवम् वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु जनपदीय पुलिस को निर्देशित किया गया है। उक्त निर्देश के अनुपालन के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी प्रकाश कुमार के निकट पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी बिसवां सतीश चंद्र शुक्ला के नेतृत्व में थाना सकरन पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 11/25 धारा 331(8) बीएनएस में वांछित इनामिया अभियुक्त नीरज पुत्र चन्द्रिका प्रसाद निवासी ग्राम मुडिया थाना ईशानगर जनपद खीरी लखीमपुर को ग्राम घोसीपुरवा कड़बड़ा मोड़ मेन रोड के



पास से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जिसके कब्जे से 01 अदद नाजायज देशी तमंचा 12 बोर मय दो अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर व मोटरसाइकिल बजाज पल्सर बरामद हुए हैं। मोटरसाइकिल की अन्तर्गत धारा 207 के तहत कार्यवाही की गयी है। गिरफ्तार युवक शातिर अपराधी है, जिसके विरुद्ध पूर्व में भी चोरी नकबजनी आदि जैसे गंभीर अपराधों में जनपद खीरी में कई अभियोग पंजीकृत हैं। गिरफ्तार अभियुक्त उपरोक्त थाना सकरन के ग्राम भड़ौली में हुई घटना में पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था जिसकी शीघ्रातिशीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करने हेतु पुलिस अधीक्षक सीतापुर द्वारा अभियुक्त पर 10,000-रुपये का इनाम घोषित किया गया था। बरामद अवैध शस्त्र के संबंध में अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त का चालान न्यायालय किया गया है। जनपद में अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही निरन्तर इसी प्रकार प्रचलित रहेगी।

# नौकरी दिलाने के नाम पर भोली भाली जनता से की है लाखों रुपए की लूट

**दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान**
**अयोध्या मंडल ब्यूरो**


**अम्बेडकर नगर।** स्वास्थ्य विभाग में नौकरी दिलाने के नाम पर जनपद के सैकड़ों लोगों से 50 लाख से अधिक ठगी की शेर बहादुर सिंह पुत्र नरेंद्र बहादुर सिंह ग्राम आजनपारा पोस्ट परुइया आश्रम जिला अंबेडकर नगर रहने वाले ने थाना बसखारी में तहरीर दी।

**मीडिया पड़ताल में चौंकाने वाला खुलासा सामने आया :-**

शेर बहादुर सिंह पुत्र नरेंद्र बहादुर सिंह द्वारा दी गई तहरीर के बारे में थाना बसखारी से जानकारी ली गई तो पता चला कि तहरीर मिली है और दोनों पक्षों को बुलाया गया है। जब इस मामले में मीडिया ने खंगालना शुरू किया तो चौंकाने वाला सच सामने आया। शेर बहादुर सिंह पुत्र नरेंद्र बहादुर सिंह ग्राम आजनपारा पोस्ट परुइया आश्रम जिला अंबेडकर नगर ने नीरज शुक्ल विशेष सचिव महोदय चिकित्सा अनुभाग 2 उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ द्वारा दिनांक 28 दिसंबर 2020 को जारी पत्र दिखाकर जनपद के सैकड़ों लोगों से नौकरी दिलाने के नाम पर पांच-पांच लाख रुपए की वसूली की और आज तक किसी को नौकरी नहीं दिलाई। जब लोगों ने अपना पैसा वापस मांगना शुरू किया तो पूरे फर्जीवाड़े का मास्टर माइंड शेर बहादुर ने एक नई कहानी गढ़कर पुलिस में किसी अन्य को आरोपी बनाकर तहरीर दे दी।

**पुलिस प्रशासन निष्पक्षता से सघन जांच की तो तहरीर देने वाला जाएगा सलाखों के पीछे :-**

मीडिया पड़ताल में सामने


आदेश

आया कि नीरज शुक्ल विशेष सचिव महोदय चिकित्सा अनुभाग 2 उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ द्वारा दिनांक 28 दिसंबर 2020 को जारी पत्र जिसमें अम्बेडकरनगर से प्राधिकृत पदाधिकारी शेर बहादुर सिंह पुत्र नरेंद्र बहादुर सिंह का नाम है। उसे ही दिखाकर शेर बहादुर भोले भाले बेरोजगारों को अपना शिकार बनाने में कामयाब हुआ।

**थाने में तहरीर देने के पीछे का खेल :-**

नौकरी न मिलने पर जब लोगों ने अपना पैसा वापस मांगना शुरू किया तो शेर बहादुर पैसा मांगने वाले को बताता है कि मेरा पैसा किसी के पास है वह दे नहीं रहा है। मैने थाने में तहरीर दी है पुलिस जल्द ही पैसा दिला देगी तब आप लोगों का पैसा वापस कर देंगे। उसने तहरीर में उन लोगों को पीड़ित दर्शाकर शिकायत दी है जो शेरबहादुर को पैसा दिए है और उसी से पीड़ित है।

**अवैध वसूली के लिए फर्जी पत्र का सहारा लिया :-**

शेर बहादुर ने गोरखधंधे के लिए श्री नीरज शुक्ल विशेष सचिव महोदय चिकित्सा अनुभाग 2 उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ के दिनांक 28 दिसंबर 2020 के जिस पत्र को दिखाकर बेरोजगारों को लूटा है वह पत्र भी चालबाजी से की गई फोटोकॉपी से बनाया गया लगता है।

**पुलिस शासन कबपत्र की जांच से करेगी खुलासा :-**

पुलिस उसी शासन के पत्र को सुराग बनकर जांच करते हुए मामले की तह तक पहुंच सकती है उसके बाद ही पूरे प्रकरण का खुलासा होगा और बेरोजगारों को उनका पैसा वापस मिल सकेगा।

# किसान से ट्रैक्टर-ट्रॉली लूटने वाले गिरोह से पुलिस की मुठभेड़, सरगना सहित चार बदमाश गिरफ्तार

**दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान**
**अयोध्या मंडल ब्यूरो**

**अम्बेडकरनगर ।** शनिवार की रात पुलिस और लुटेरों के बीच मुठभेड़ हो गई। पुलिस की जवाबी फायरिंग में गिरोह का सरगना गोली लगने से जख्मी हो गया। इसके बाद पुलिस ने घेराबंदी कर चार लुटेरों को गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक इनके पास से तीन दिन पूर्व किसान से लूटी गई ट्रैक्टर-ट्रॉली, अवैध असलहा और घटना में इस्तेमाल की गई बाइकें बरामद हुईं। मौके से फरार एक अन्य लुटेरे की तलाश में पुलिस टीमें दबिश दे रही हैं।महरुआ थाना क्षेत्र के धानेतारा गांव निवासी किसान विजय वर्मा को बीते बृहस्पतिवार की रात चीनी मिल से गन्ना बेचकर लौटते समय अहिरौली थाना क्षेत्र में अकबरपुर-मिझौड़ा मार्ग पर दो बाइकों पर आए चार बदमाशों ने बंधक बना लिया था। लुटेरों ने किसान को बांधकर जंगल में फेंककर ट्रैक्टर ट्रॉली व मोबाइल लूटकर भाग निकले थे। एसपी केशव कुमार ने एएसपी पश्चिमी विशाल पांडेय के नेतृत्व में पांच टीमें गठित की थी। छानबीन के दौरान शनिवार रात करीब 12 बजे पुलिस की अहिरौली थाना क्षेत्र के ग्राम नगहरा के पास लुटेरों से आमना-सामना हो गया। पुलिस को देखते ही लुटेरों की ओर से फायरिंग शुरू कर दी गई। पुलिस की ओर से जवाबी फायरिंग की गई, जिसमें जनपद अयोध्या के थाना महाराजगंज क्षेत्र के ग्राम मोहर्रमपुर निवासी गैंग लीडर मुन्ना सिंह उर्फ श्रवण कुमार गोली लगने से जख्मी हो गया। इस दौरान पुलिस टीम ने घेराबंदी कर अयोध्या के महाराजगंज थाना क्षेत्र के रसड़ा गांव के कुलदीप सिंह, पूराकलंदर थाना क्षेत्र के चौबेपुर गांव का अंकित चौबे व थाना इनायतनगर के मजनाई पूरे निशा उपाध्याय का पूरा गांव के अभिषेक उपाध्याय को पुलिस ने गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की।मौके से पुलिस ने किसान से लूटी गई ट्रैक्टर ट्रॉली के अलावा तमंचा, कारतूस, खोखा एवं दो मोटर साइकिलें बरामद हुई हैं। घायल मुन्ना का का सीएचसी भीटी में प्राथमिक उपचार कराया गया। एएसपी ने बताया कि मुठभेड़ के दौरान एक लुटेरा भाग निकलने में कामयाब रहा, जिसकी तलाश की जा रही है।

# भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर हनुमान चालीसा का पाठ कर मनाया जश्न

## कार्यकर्ताओं ने किया नगर भ्रमण




**दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान जलालपुर तहसील संतोष कुमार**

**अम्बेडकर नगर।** भाजपा की दिल्ली विधानसभा आम चुनाव में और मिल्कीपुर उपचुनाव प्रचंड जीत पर हनुमान मंदिर पर सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ पढ़कर भाजपाइयों ने खुशियां मनाई गई। इससे पूर्व मंदिर में विधिवत हनुमान जी का व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष आनंद जायसवाल,जिला प्रतिनिधि देवेश मिश्र,व्यापारी मनीष सोनी,नगर महामंत्री विकाश निषाद ने पूजा अर्चन किया । गाजे बाजे के साथ जय श्री राम मोदी योगी जिंदाबाद के नारा लगाते हुए कार्यकर्ताओं और व्यापारियों ने नगर भ्रमण किया। देवेश मिश्र ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि दिल्ली के मतदाताओं ने भाजपा के विकास और समावेशी एजेंडे पर विश्वास जताया है। अब दिल्ली में भी डबल इंजन की सरकार है।जनता ने सकारात्मक राजनीति का समर्थन किया है। इस अवसर पर व्यापारी शत्रुघ्न सोनी,आदित्य गोयल,सीताराम अग्रहरि, हरिओम सोनी,मंडल अध्यक्ष रविन्द्र भारती, शरद जायसवाल,शंभु गुप्ता,भाजपा नेता अमित गुप्ता,गौरव उपाध्याय, सतनाम सिंह,अजीत निषाद,मनोज पांडे, दीपचंद जायसवाल ,देवेंद्र मिश्र,सचिन मौर्य समेत मौजूद रहे।

# कहासुनी के बाद थार से युवकों को कुचला, एक की मौत



**दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान**
**अयोध्या मंडल ब्यूरो**

**अयोध्या ।**अयोध्या में एक दर्दनाक घटना में मामूली कहासुनी के बाद दबंग युवक ने अपनी थार गाड़ी से दो लोगों को कुचल दिया। इस घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल है। मिली जानकारी के मुताबिक थाना कैंट क्षेत्र के बनवीरपुर में हुई इस घटना में हाईवे से बनवीरपुर जाने वाले मार्ग पर बनवीरपुर निवासी कप्तान सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। उनके साथी प्रिंस सिंह को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी अर्पित दुबे को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही घटना में शामिल उसके सहयोगी चंदन त्रिपाठी को भी पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। कैंट पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है। यह घटना मानवता को शर्मसार करने वाली है, जहां एक मामूली विवाद ने इतना भयानक रूप ले लिया। स्थानीय लोगों में इस घटना को लेकर रोष व्याप्त है। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है।

# मिल्कीपुर में खिला कमल, मुरझाए सपाइयों के चेहरे

**दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान**
**अयोध्या मंडल ब्यूरो**

**अयोध्या।** उपचुनाव की मतगणना के पहले रुझान में कमल खिलने लगा तो सपाइयों के चेहरे मुरझाने लगे। पहले ही राउंड से पीछे हुई साइकिल पूरी मतगणना तक कमल की रफ्तार नहीं पकड़ सकी। अगले कुछ राउंड तक उनमें बढ़त की आस भी चकनाचूर होने लगी तो अधिकांश लोग मतगणना स्थल छोड़ने लगे। मतगणना स्थल पर सपा प्रत्याशी अजीत प्रसाद के भाई अमित प्रसाद सुबह से मौजूद रहे। पहले राउंड का नतीजा आया तो भाजपा ने 3995 मतों की बढ़त ली। भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश पांडेय उत्साह से लबरेज बाहर आए और मीडियाकर्मियों को रुझान बताया। वहीं, सपा से जुड़े एजेंट व कार्यकर्ताओं के माथे पर चिंता की लकीरें साफ



दिखने लगीं। हालांकि वह एक-दूसरे को ढांढस बंधाते हुए अगले राउंड में हिसाब बराबर होने का दिलासा देते रहे, लेकिन ऐसा हो नहीं सका। दूसरे राउंड में भाजपा को 4801 वोट मिले, जबकि सपा 2575 पर ही सीमित रही। इसके बाद लगभग हर राउंड में सपा पीछे होती गई। आठवें राउंड के बाद सपाई हैरिंग्टनगंज और मिल्कीपुर ब्लॉक क्षेत्र में बढ़त का दावा करते रहे, लेकिन ऐसा भी नहीं हुआ। आठवें राउंड तक भाजपा को 41,646 वोट हासिल हुए, जबकि सपा 19,568 वोट पाई। नौवें राउंड में भी भाजपा ने 3375 मतों की बढ़त बनाई। यह सिलसिला लगभग हर राउंड में जारी रहा और पहली बार सपा प्रत्याशी को 13वें राउंड में 3,141 वोट मिले। हालांकि इस राउंड में भी उन्हें हार का मुंह ही देखना पड़ा और भाजपा को उनसे 2357 मत अधिक मिले। इसके बाद सपाइयों के चेहरे से चमक गायब सी हो गई। अमित प्रसाद भी मतगणना स्थल से चुपके से चले गए। मतगणना स्थल पर सुबह से ही सपा प्रत्याशी अजीत प्रसाद समेत किसी भी सपा नेता व कार्यकर्ता के दर्शन नहीं हुए। सांसद अपने सहादतगंज स्थित आवास पर बैठे रहे। वहीं से चुनाव परिणामों की जानकारी लेते रहे। सपा जिलाध्यक्ष समेत संगठन से जुड़े नेता भी मतगणना स्थल पर नहीं दिखे।

# प्रतिबंधित आम के पेड़ कटवा रहे लकड़ी माफिया पर कार्यवाही

**दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान जलालपुर तहसील संतोष कुमार**

**अम्बेडकरनगर।** प्रतिबंधित हरे आम के पेड़ पर लकड़ी माफिया द्वारा चलवाये जा रहे आरा के दौरान वन विभाग की टीम ने पहुंचकर कार्यवाही की जिससे अवैध कटान करने वाले लोगों में हड़कम्प मच गया है। मामला जलालपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम निमटनी के मजरा सोनी का पूरा से जुड़ा है। जानकारी के मुताबिक हरे आम के पेड़ की कटान के लिए लकड़ी माफियाओं को बेच दिया गया। आम के पेड़ की कटान भी हो चुकी थी की तब तक दूसरे ठेकेदार को इस बात की भनक लग गई और वह आग बबूला हो गया। सूचना पर



पहुंची वन विभाग के दरोगा सुनील कुमार ने लकड़ी लदी ट्राली को कब्जे में लेकर कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी। मामले के बाबत वन दरोगा सुनील कुमार ने बताया कि 10 हजार रुपये का जुर्माना कर विधिक रूप से कर दिया गया है। अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

# माघ पूर्णिमा पर महाकुंभ के लिए चलेंगी रोडवेज की 61 बसें

**दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान**
**अयोध्या मंडल ब्यूरो**

**अम्बेडकरनगर।** माघ पूर्णिमा पर अमृत स्नान 12 फरवरी को होगा। यह पांचवां शाही स्नान है। महाकुंभ में जाने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए लिए रोडवेज 61 बसों को अकबरपुर डिपो से संचालित करेगा। इसके अलावा अन्य रूटों पर 11 बसों को चलेंगी। सफर के दौरान यात्रियों को सुरक्षित ले जाने के लिए लिए बसों का मरम्मत कार्य तीव्र गति से चल रहा है।यात्रियों की संख्या के आधार पर बसों के रूट तय किए जाएंगे। जिस रूट पर



ज्यादा यात्री होंगे उस पर बसों की संख्या बढ़ाई जाएगी। श्रद्धालुओं को गांव से लेकर सीधे प्रयागराज तक पहुंचाने की व्यवस्था भी की है। यदि किसी गांव में 52 यात्री स्नान करने जा रहे हैं तो वह अपने गांव तक बस को बुलवाने का आवेदन कर सकता है। इसमें दो यात्री का किराया फ्री रहेगा। इसके लिए गांव के प्रधान या किसी प्रतिनिधि व्यक्ति को डिपो पहुंचकर लोगों की संख्या, दिन और समय नोट कराना होगा। इसके बाद तय दिन व समय पर बस गांव पहुंचकर श्रद्धालुओं को लेकर प्रयागराज के लिए रवाना हो जाएगी।एआरएम हरिओम श्रीवास्तव ने बताया कि महाकुंभ में श्रद्धालुओं को ले जाने के लिए दो स्थानों से 120 बसों का संचालन पहले से ही किया जा रहा है। इनमें 61 बसें डिपो की शामिल हैं। लोड फैक्टर कम होने की वजह से इस बार यात्रियों की संख्या के आधार पर रूट पर बसों को चलाया जाएगा। जिस रूट में ज्यादा यात्री होंगे उसी में बसों को चलाया जाएगा।

# ऐतिहासिक जीत पर चंद्रभानु पासवान को दी बधाई

**दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान**
**अयोध्या मंडल ब्यूरो**

**अयोध्या।** जिले के मिल्कीपुर विधान सभा की पावन धरती पर इतिहास रचा गया है! भारतीय जनता पार्टी के कर्मठ और लोकप्रिय नेता श्री चंद्रभानु पासवान जी ने इस चुनाव में प्रचंड जीत हासिल कर यह सिद्ध कर दिया कि जनता अब विकास और सुशासन की राह पर है। इस ऐतिहासिक क्षण का साक्षी बनना सौभाग्य की बात है! विजय समारोह में उमड़ा जनसैलाब यह स्पष्ट कर रहा है कि मिल्कीपुर की जनता ने जात-पात और परिवारवाद से ऊपर उठकर विकास की राजनीति को चुना है। यह जीत सिर्फ एक प्रत्याशी की नहीं, बल्कि हम सभी कार्यकर्ताओं और समर्पित देवतुल्य मतदाताओं की है, जिन्होंने सबका साथ, सबका विकास के संकल्प को साकार किया। आप सभी महानुभावों का हृदय से आभार! यह हमारी नहीं, जनता की जीत है! अब मिलकर मिल्कीपुर को विकास के नए आयामों तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

# श्रवणधाम पर्यटन की दिशा में बढ़ते कदम



**दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान**
**अयोध्या मंडल ब्यूरो**

**अम्बेडकर नगर।** जिलाधिकारी के मार्गदर्शन एवं प्रेरणा के अनुसार श्रवणधाम में आगन्तुक पर्यटकों का ग्राम पंचायत स्तर से यथासम्भव स्वागत एवं सुविधा उपलब्ध कराने का निरंतर क्रम जारी है।आज जम्मू कश्मीर प्रांत से पर्यटक बस से करीब 60 तीर्थ यात्रियों का आगमन श्रवणधाम में हुआ। ग्राम पंचायत-चिउटीपारा के सहयोगी प्रतिनिधिगण द्वारा पर्यटकों का स्वागत कर संतुष्टि प्रदान करने का प्रयास किया गया तीर्थयात्रियों ने बताया कि हम सभी कश्मीरी ब्राह्मण तीर्थाटन पर निकले थे,काशी विश्वनाथ जी दर्शन के उपरांत अयोध्या धाम के समीप श्रवणधाम पर्यटक स्थल का पता चला एवं हम दर्शन करने आए, श्रवणधाम में प्रभू श्रीराम की विशाल प्रतिमा का दर्शन मिला, हम सभी को अच्छा लग रहा है। श्रवणधाम ग्राम पंचायत के प्रधान प्रतिनिधि रामसनेही, महेंद्र गौण आदि द्वारा मौके पर स्वागत किया गया एवं पर्यटकों की उत्सुकता को देखते हुए श्रवणधाम के महात्म्य से भी सभी को अवगत कराया गया।भोजन उपलब्ध कराने में भी यथासम्भव सहयोग किया गया।

# नैपुरा में विकास के नाम पर 12.24 लाख का गबन

**दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान**
**अयोध्या मंडल ब्यूरो**

**अम्बेडकर नगर।** जनपद के विकास खंड टांडा की ग्राम पंचायत नैपुरा में वित्तीय वर्ष 2019-20 में विकास कार्यों के नाम पर करीब 12.24 लाख रुपये के गबन का मामला सामने आया है। ऑडिट के दौरान मनरेगा समेत अन्य कार्यों के दस्तावेज नहीं मिले। इसको लेकर कई बार निर्देश दिए जाने के बाद भी जिम्मेदारों ने कोई लेखा-जोखा प्रस्तुत नहीं किया। अब विभाग की ओर से अंतिम चेतावनी जारी की गई है।पंचायती राज विभाग में पिछले कई वर्षों में कराए गए कार्यों का ऑडिट कराया जा रहा है। इस दौरान ग्राम पंचायत नैपुरा में वर्ष 2019-20 में 6.67 लाख रुपये बिना वाउचर और पत्रावली के निकाले गए थे। साथ ही मनरेगा से प्रमाणक विहीन व्यय



दिखाकर 5.57 लाख रुपये निकाले गए थे। इसमें पूर्व प्रधान सूर्यभान वर्मा व तत्कालीन सचिव रामजीत यादव की भूमिका सामने आई थी।इसके लिए विभाग की ओर से पूर्व में कई बार पूर्व प्रधान व सचिव को पत्र लिखकर अपना पक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे। इसके बावजूद कोई आख्या प्रस्तुत नहीं की गई। वर्तमान में रामजीत यादव विकास खंड जहांगीरगंज में तैनात हैं। डीपीआरओ की ओर से इन्हें अंतिम चेतावनी पत्र जारी किया गया है, जिसमें 15 दिनों में धनराशि के निस्तारण की आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।इसके बाद भी आख्या न मिलने पर इनके विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। साथ ही गबन की गई धनराशि में से आधी-आधी दोनों से वसूले जाने की प्रक्रिया शुरू होगी। डीपीआरओ अवनीश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि अंतिम नोटिस जारी किया गया है। इसके बाद भी जवाब न मिलने पर संबंधित के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई शुरू की जाएगी।

# सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग ने त्रिवेणी संगम में किया पवित्र स्नान

## महाकुम्भ में आस्था की डुबकी लगाने वाले पूर्वोत्तर के पहले मुख्यमंत्री बने तमांग

### कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने भी लगाई पावन डुबकी

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

प्रयागराज शनि कुमार यादव

महाकुम्भ नगर, 9 फरवरी।* सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग ने त्रिवेणी संगम में पवित्र स्नान किया। वे इस ऐतिहासिक आयोजन में भाग लेने वाले पूर्वोत्तर भारत के पहले मुख्यमंत्री बन गए हैं। मुख्यमंत्री तमांग ने संगम स्नान को एक आध्यात्मिक रूपांतरण का अनुभव बताते हुए कहा कि यह उनके लिए गहरी शांति और आत्मिक उत्थान का क्षण था। उन्होंने कहा कि इस दिव्य आयोजन में शामिल होना मेरे लिए सौभाग्य







की बात है। लाखों श्रद्धालु यहां आस्था और भक्ति के साथ एकत्र हुए हैं, और इस ऊर्जा को महसूस करना अत्यंत प्रेरणादायक है।

**प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी का आभार :** मुख्यमंत्री तमांग ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मैं उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी को धन्यवाद देता हूं, जिन्होंने मुझे महाकुम्भ 2025 का हिस्सा बनने और त्रिवेणी संगम में स्नान करने का अवसर प्रदान किया।

**सिक्किम से 135 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने भी लिया हिस्सा:** मुख्यमंत्री तमांग के साथ सिक्किम से आए 135 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने भी महाकुम्भ में भाग लिया और संगम में स्नान कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। उन्होंने प्रयागराज प्रशासन द्वारा की गई उत्कृष्ट व्यवस्थाओं की सराहना की और उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल तथा अन्य अधिकारियों का विशेष धन्यवाद व्यक्त किया। मुख्यमंत्री तमांग ने त्रिवेणी संगम के पवित्र जल से आशीर्वाद लेकर समस्त देशवासियों के लिए धर्म, शांति और सद्भाव की कामना की।

**कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने भी लगाई पावन डुबकी:** प्रयागराज महाकुम्भ मेले में कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने भी रविवार को परिवार सहित त्रिवेणी संगम में पावन डुबकी लगाई। 144 वर्ष में आयोजित हो रहे इस महाकुम्भ में शामिल होकर उन्होंने खुशी जाहिर की।

# कवरेज के दौरान पत्रकार से अभद्रता, कोतवाल ने डिलीट कराई फोटो

धर्मवीर यादव

**रायबरेली।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सख्त निर्देशों के बाद भी जनपद में लगातार पत्रकारों के साथ हो रही अभद्रता की घटनाएं थमने का नाम नही ले रहीं हैं। ऐसी घटनाओं में आम जनमानस के साथ साथ प्रशासन भी पत्रकारों के साथ अभद्रता करने में पीछे नही हटता।

जनपद में लालगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पत्रकार के साथ हुई अभद्रता की घटना को अभी चौबीस घंटे भी नही बीते कि जनपद मुख्यालय की सदर कोतवाली में पुलिस द्वारा एक पत्रकार से पुन: अभद्रता का मामला प्रकाश में आया है जिसमें कवरेज के दौरान सदर कोतवाल द्वारा अभद्रता करते हुए ली गई फोटो जबरन डिलीट करवाई गई।

शनिवार को थाना दिवस के अवसर पर सदर कोतवाली में




कवरेज करने गए संवाददाता द्वारा जब फोटो खींची गई तो उस फोटो लेने के दौरान नगर मजिस्ट्रेट सोते हुए नजर आए। फोटो लेते हुए पत्रकार पर सदर कोतवाल राजेश सिंह की नज़र पड़ी तो उन्होंने पत्रकार से पूंछा फोटो कैसे खींची कौन हो आप? इस पर पत्रकार द्वारा परिचय देने पर उन्होंने कहा फोटो डिलीट करो और एक सिपाही को फोटो डिलीट करवाने को कहा। सिपाही द्वारा पत्रकार का मोबाइल चेक करते हुए फ़ोटो डिलीट करवाई गई और रिसाइकल बिन से भी हटवा दी गई। इसके बाद पत्रकार से मोबाइल मांगा गया जिस पर पत्रकार द्वारा मोबाइल देने से मना कर दिया गया। यह पूरा घटनाक्रम नगर मजिस्ट्रेट के सामने होता रहा किन्तु उन्होंने भी इस पर कोई आपत्ति जताना उचित नही समझा। ऐसे में सवाल यह उठता है कि पत्रकारों को सुरक्षित वातावरण प्रदान करने के स्थान पर पुलिस प्रशासन भी पत्रकारों से अभद्रता करने का कोई अवसर नही छोड़ते। इस सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह से बात करने पर उन्होंने कहा कि मैं ब्रीफ़ कर दूंगा कि आगे से ऐसा न हो। अब देखना यह होगा कि नगर कोतवाल राजेश सिंह के इस तानाशाही रवैए पर उच्चाधिकारी क्या कार्यवाही करते हैं।

# राजा कमलाकर इंटर कॉलेज द्वारा छात्रों का किया जा रहा है शोषण वीडियो वायरल

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान
प्रयागराज शनि कुमार यादव

**शंकरगढ़ ।** क्षेत्र के राजा कमलाकर इंटर कॉलेज का वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है जिसमें यहां कक्षा 12 में पढ़ने वाले कई छात्र साफ-साफ विद्यालय के अध्यापकों पर आरोप लगाते हुए शोषण की कहानी बताते हैं।

छात्रों ने आरोप लगाते हुए बताया है कि विद्यालय द्वारा प्रैक्टिकल परीक्षा के लिए एक ?1000 मांगा जा रहा है । हम लोग सुबह से आए हुए हैं लेकिन हम लोगों को अंदर नहीं जाने दिया जा रहा है । हम लोगों से ?1000 की मांग की जा रही है। वहीं कुछ छात्र बताते हैं कि किसी से ट्यूबलाइट टूट गई थी जिसके बदले में दो छात्रों ने एक एक हजार रुपए दे दिया है लेकिन अब हम लोगों से भी 1000 रुपए प्रति छात्र मांगा जा रहा है। और न देने पर प्रैक्टिकल में फेल करने की धमकी दी जा रही है। एक छात्र ने बताया कि विद्यालय का ही एक शिक्षक हमारे बाल पड़कर हमारे ऊपर चढ़ा था और हमें दूसरे विद्यालय में चले जाने की धमकी दे रहा था। कई छात्रों ने शंकरगढ़ थाने में विद्यालय व अध्यापकों के खिलाफ लिखित





शिकायत भी की है । शंकरगढ़ पुलिस ने शिकायत के आधार पर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो की वजह से राजा कमलाकर इंटर कॉलेज की करतूत उजागर हो रही है । जिससे क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं व्याप्त हैं। एक व्यक्ति ने नाम न छापने की तर्ज पर बताया कि यह सरकारी विद्यालय है फिर भी यहां 7000 रुपए से अधिक सालाना फीस ली जाती है।

# किसान सम्मेलन में हिस्सा लेने पहुंचे जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह

## केजरीवाल पर कसा तंज,बोले बिस्लरी से साफ गंगा का पानी

केसरिया हिन्दुस्तान मोहित यादव लव

**एटा** जनपद के रामलीला मैदान में आयोजित जिला कृषि एवं औद्योगिक प्रदर्शनी में आज जलशक्ति एवं सिंचाई मंत्री स्वतन्त्र देव से किसान सम्मेलन में हिस्सा लेने पहुंचे जहां उन्होंने किसान सम्मेलन में हिस्सा लेने आए किसानों को संबोधित किया और सरकार द्वारा चलाई जा रही महत्त्वाकांक्षी योजनाओं का बखान किया ।सरकार द्वारा किसानों के हित में किए गए कार्यों को गिनाया।

जल शक्ति मंत्री स्वतन्त्र देव सिंह कहा कि मोदी जी के आने के बाद हर वर्ग के व्यक्ति के लिए काम हुआ है आप सड़कों का हाल देख रहे है महज ढाई घंटे में लखनऊ पहुंच जाते है ।किसान सम्मान निधि किसानों को मिल रही है ।सिंचाई के क्षेत्र में कार्य हुआ है ।किसानों के लिए सोलर पैनल पर सरकारी सहायता दी जा रही है




किसान क्रेडिट कार्ड का बजट बढ़ाया गया है देश भर में सड़कों का जाल बिछाया गया है ।किसानों के खुशहाली के दिन आने वाले है चार करोड़ गरीबों को घर बना कर दिए गए है आगे भी गरीबों को आवास मुहैया कराए जाएंगे ट्रेनों की कनेक्टिविटी,एयर कनेक्टिविटी, सड़कों की कनेक्टिविटी दुरुस्त की गई है। प्रयागराज में आज कुंभ मेले का आयोजन किया जा रहा है देश दुनिया से लोग वहां आ रहे हैं ।मिल्की पुर चुनाव पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि 2017 से पहले आप देव दीपावली नहीं मना सकते थे, कावड़ यात्रा नहीं निकाल सकते थे, दीपावली नहीं मान सकते थे लेकिन आज हमारी सरकार में दीपावली पर भी 24 घंटे लाइट मिलती है और बकरीद पर भी 24 घंटे लाइट मिलती है हमने हिंदुओं को भी मकान बना कर दिया है और मुसलमान को भी मकान बना कर दिया है हमारी सरकार सबका साथ सबका विकास के एजेंडे पर कार्य कर रही है। दिल्ली चुनाव पर केजरीवाल पर पांच करते हुए उन्होंने कहा झूठ की पराकाष्ठा हो गई है। आप यमुना जी को देखिए और गंगा जी को देखिए आज गंगा जी का पानी बिसलेरी से भी साफ है की एक वजह यह भी है कि लोगों को जागरूक किया गया है लोग स्वयं से ही गंगा जी में गंदगी नहीं फैला रहे। लोगों को जागरूक किया गया है की गंगा के पानी में कूड़ा कचरा फेंके और गंदगी ना फेंके। एटा जिले में खारे पानी से जूझ रहे जलेसर क्षेत्र के मामले पर जल शक्ति मंत्री ने कहा कि आज बैठक कर अधिकारियों से जानकारी जुटाएंगे और समस्या से निजात दिलाएंगे। उन्होंने बताया कि उनके विभाग की तरफ से प्रदेश भर के समस्त जनपदों में जल संचय योजना के तहत गांव गांव बड़े तालाबों में जल संचय की व्यवस्था की जाएगी नदियों नहरे से पानी तालाब में पहुंच कर जल संचय किया जाएगा बाढ़ के समय में तालाबों में जल संचय किया जाएगा जिससे पानी की समस्या दूर हो सके।

# दिल्ली की जनता ने झूठों को नकारा :संजय जायसवाल

## दिल्ली में भाजपा की प्रचंड जीत पर कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न, बांटी मिठाई

गणेश वर्मा , ब्यूरोचीफ -

कौशाम्बी केसरिया हिंदुस्तान

कौशाम्बी। सदर ब्लॉक के हिसामपुर गांव में रविवार को दिल्ली विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड एवं ऐतिहासिक जीत पर कार्यकर्ताओं ने हर्षोल्लास के साथ जश्न मनाया। एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया।

करारी के हिसामपुर गांव में मंडल अध्यक्ष रमेश लोधी के नेतृत्व में कार्यकर्ता गांव स्थित हनुमान मंदिर प्रांगण में एकत्रित हुए। इसके बाद एक दूसरे को मिठाई खिलाकर दिल्ली में भाजपा की ऐतिहासिक जीत का जश्न मनाया और बधाई दी। इस दौरान भाजपा जिला महामंत्री संजय जायसवाल ने कहा कि दिल्ली में



भाजपा की प्रचंड जीत ने यह साबित कर दिया है, कि वहां की जनता ने झूठों को पूरी तरह से नकार दिया है। उन्होंने कहा कि यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनकल्याणकारी नीतियों की जीत है। उन्होंने दिल्ली विधानसभा चुनाव में मिली भाजपा की प्रचंड जीत व उत्तर प्रदेश के मिल्कीपुर विस उपचुनाव में पार्टी की जीत को भाजपा कार्यकर्ताओं और समझदार जनता की जीत बताया। इसके बाद उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ कुंभ प्रयागराज में स्नान कर वापस लौट रहे भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय राय का रहीमपुर मौलानी मोड़ के समीप भव्य स्वागत किया। अंगवस्त्र भेंटकर दिल्ली की जीत की बधाई दी। इस मौके पर मंडल मंत्री फूल सिंह पटेल, सुशील रैना (आजाद), शंभू नाथ अग्रहरि, फूलचंद्र सरोज, पुष्कर जायसवाल, सोहन लाल गौतम, लवकुश लोधी आदि भाजपाई मौजूद रहे।

# प्रधान पिता को दबंग कोटेदार ने साथियों के संग मिलकर पीटा - शिकायत

**कौशाम्बी।** स्थानीय थाना क्षेत्र के अवाना आलमपुर गांव के ग्राम प्रधान के पिता को गांव का ही कोटेदार ने जमकर पीट दिया है मारपीट से प्रधान के पिता को गंभीर चोटे आई हैं ।पीड़ित ने करारी थाना में शिकायती पत्र देते हुए कार्रवाई की मांग किया है। करारी क्षेत्र के आलमपुर गांव के ग्राम प्रधान राम सिंह प्रजापति के पिता रघुनाथ पुत्र दुजई को रविवार की दोपहर गांव का ही दबंग कोटेदार इंद्रवीर यादव ने अपने साथी सुनील ,सुशील पुत्रगण लल्लू यादव और संजय कुमार के साथ मिल घेर लिया और लाठी डंडों से जमकर पीट दिया है ।साथ ही जान से मारने की धमकी दे रखा है। गौरतलब है की दो दिन पूर्व राशन घटतौली को लेकर अवाना गांव के सैकड़ो ग्रामीणों ने मंझनपुर स्थित खाद्य रसद विभाग कार्यालय का घेराव किया था ।साथ ही कोटेदार के विरुद्ध कार्रवाई की मांग किया था ।घायल ने करारी थाना में शिकायती पत्र देते हुए दबंग कोटेदार खिलाफ कार्रवाई की मांग किया है ।करारी पुलिस घायल को चिकित्सकीय परीक्षण को भेजते हुए जांच पड़ताल में जुट गई है।

# शासकीय विद्यालय में बालिकाओं को सिखाया जा रहा आत्मरक्षा गुण

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान से मुस्तफा अली

**सुसनेर//** राज्य शिक्षा केंद्र निर्देशानुसार शासकीय माध्यमिक विद्यालय में बालिकाओं के लिए रानी लक्ष्मी बाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण दिया जा रहा है जिसका उद्देश्य छात्राओं में आत्मविश्वास में वृद्धि करता है अपितु विपरीत परिस्थितियों में स्वयं की रक्षा के लिए समर्थ भी बनता है इसी उद्देश्य के साथ शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय खेरिया में आत्मरक्षा प्रशिक्षण का आयोजन संस्था प्रभारी भेरूलाल ओसारा के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया जिसे कराटे में ब्लैक बेल्ट स्वर्णा जैन द्वारा दिया जा रहा है उनके द्वारा



बालिकाओं को आत्मरक्षा के छोटे छोटे सामग्री को ध्यान में रखते हुए स्वयं की आत्मरक्षा किस प्रकार की जा सकती बालिकाओं को सिखाया जा रहा है जिसमें विद्यालय की 38 बालिकाओं द्वारा उत्साह पूर्वक ग्रहण किया जा रहा है।

# भारतीय किसान यूनियन भानू की आयोजित किसान चेतना योजना हुई स्थगित

केसरिया हिन्दुस्तान मोहित यादव लव

भाकियू भानू के प्रदेश अध्यक्ष योगेश प्रताप सिंह ने 3 फरवरी से यह यात्रा शुरू की थी। केंद्रीय मंत्री महेश शर्मा ने आश्वासन दिया है कि कुंभ मेले के बाद वे किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए केंद्रीय कृषि मंत्री से मुलाकात कराएंगे। उन्होंने जैविक खेती को बढ़ावा देने के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इससे न केवल देश बीमारियों से बचेगा, बल्कि यूरिया और डीएपी पर दी जाने वाली सब्सिडी में भी बचत होगी।

योगेश प्रताप सिंह ने स्पष्ट किया कि यह कोई आंदोलन नहीं था, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जैविक खेती के विजन को साकार करने का प्रयास था। वर्तमान में वे गुजरात के राज्यपाल के सहयोग से लगभग 150 बीघा में जैविक खेती कर रहे हैं।

किसानों की जैविक खेती की मांग: केंद्रीय मंत्री के आश्वासन पर भाकियू भानू ने स्थगित की चेतना यात्रा, कृषि मंत्री से कराएंगे वार्ता यात्रा को स्थगित करवाने में जलेसर कोतवाली प्रभारी डॉ. सुधीर राघव ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जो 48 घंटे तक बुलंदशहर जिले के अधिकारियों के साथ मौजूद रहे। इस दौरान भाकियू भानू के जिला अध्यक्ष एटा पंकज ठाकुर सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# स्याना में स्वास्थ्य शिविर का कैंप लगा, कमिश्नर और डीएम ने किया उद्घाटन

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान विक्रम बाली

बुलंदशहर के स्याना में त्यागी समाज सांझी विरासत न्यास और यथार्थ ग्रुप आफ हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वाधान में एक विशाल निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। बुलंदशहर हाईवे स्थित संस्कार फार्म हाउस में आयोजित इस शिव का उद्घाटन कमिश्नर ऋषिकेश भास्कर यशोद और जिलाधिकारी ने संयुक्त रूप से किया। शिविर में विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा मरीजों की जांच की गई जिसमें फिजिशियन, हड्डी रोग, स्त्री रोग, कैंसर, बाल रोग, उदर रोग, मूत्र रोग, नेत्र रोग, न्यूरोलॉजी, हृदय रोग, आदि विशेषज्ञ शामिल थे। मरीज को ब्लड शुगर, पीएफटी, नेत्र जांच और लीवर जैसी जटिल जांच भी निशुल्क उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर कमिश्नर भास्कर यशोद ने कहा कि मानव सेवा सबसे



बड़ा पुनीत कार्य है उन्होंने जोर देकर कहा कि गरीब और जरूरत मंद लोगों की मदद के लिए हर संभव प्रयास किए जाने चाहिए। कार्यक्रम में संगठन के सभी सदस्य उपस्थित रहे और शिविर के सफल आयोजन में अपना योगदान दिया।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 594 जोड़ों का संपन्न हुआ विवाह

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान से राधेश्याम गुप्ता

**बांदा** समाज कल्याण विभाग द्वारा आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम जनपद के पं0जे0एन0पी0जी0कॉलेज बॉदा के ग्राउण्ड में गायत्री परिवार के पुरोहितों के द्वारा पूरे रश्मों, रीति-रिवाजों तथा मंत्रोच्चारण के साथ सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मा0 राज्यमंत्री जलशक्ति विभाग उ0प्र0 रामकेश निषाद, जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील सिंह पटेल, विधायक नरैनी ओम मणि वर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष मालती बासू गुप्ता, जिलाधिकारी बाँदा जे0रीभा, अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 राजेश कुमार, अपर जिलाधिकारी न्यायिक अमिताभ यादव व अन्य जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति में शुक्रवार को लगभग 594 जोडों का वैवाहिक कार्यक्रम सकुशल सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर राज्यमंत्री जलशक्ति विभाग उ0प्र0 रामकेश निषाद ने इस वैवाहिक कार्यक्रम के नवविवाहित दम्पतियों को अपना आर्शीवाद एवं शुभकामनायें देते हुए कहा कि बडे सौभाग्य का विषय है कि जनपद बांदा में 594 जोड़ों का वैवाहिक कार्यक्रम सम्पन्न हो रहा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 से प्रतिवर्ष मा0 मुख्यमंत्री जी के निर्देशों में गरीब परिवार की बेटियों के विवाह हेतु मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

गरीब कल्याण की योजना मा0 प्रधानमंत्री जी एवं मा0 मुख्यमंत्री जी की प्राथमिकता में है। गरीब सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण योजना के साथ इस तरह के कार्यक्रम पूरे देश में सम्पन्न हो रहे हैं।

उनकी मंशा है कि अंतिम पायदान में खडे व्यक्ति को शासन की विभिन्न लाभार्थीपरक योजनाओं से लाभान्वित कराना।

उन्होंने कहा कि यह शुभ कार्य बिना किसी भेदभाव के समान रूप से किया जा रहा है, जिसमें सभी वर्गों की गरीब परिवारों की बेटियों के विवाह के साथ 07 अल्पसंख्यक जोडों का निकाह भी पूरे रश्म व रीति रिवाजों के साथ सम्पन्न कराया गया है।

यह मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम एक सामाजिक कार्य के साथ धार्मिक कार्य है तथा यह योजना प्रदेश में गॉव-गॉव एवं शहरों में पहुंच गयी है।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम से समाज में दहेज जैसी कुरीति को भी समाप्त करने में सहायक होने के साथ ही गरीब परिवार के लोगों को अपनी बेटियों




की शादी करने में महत्वपूर्ण सहायता मिल रही है। उन्होंने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार ने महिलाओं को स्वावलम्बी बनाने के लिए अनेकों योजनायें संचालित की हैं, जिसमें मिशन शक्ति योजना, कन्या सुमंगला योजना, उज्जवला योजना तथा प्रधानमंत्री मातृत्व वन्दन योजना, जननी सुरक्षा योजना प्रमुख हैं। योगी सरकार ने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना की धनराशि 31 हजार से बढाकर 51 हजार रूपये की है।

प्रदेश सरकार द्वारा बेटियों की स्वास्थ्य, शिक्षा से लेकर विवाह तक की जिम्मेदारी निभायी जा रही है। प्रदेश सरकार बेटी के जन्म होने पर जननी सुरक्षा योजना से लाभ प्रदान करती है।

उन्होंने कहा कि गरीब बेटियों की शादी के लिए यह योजना बहुत ही मददगार है, जिससे गरीब परिवार के लोंगो को अपनी बेटियों की शादी करने में सहायता मिल रही है। जिला पंचायत अध्यक्षत सुनील पटेल ने नवविवाहित जोडों को शुभाशीष वचन देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री जी एवं मा0 मुख्यमंत्री जी की प्रेरणा से हम सब लोगों को इस तरह के पुण्य के कार्य से देश के गरीब व अंतिम पंक्ति पर खडे व्यक्ति को लाभ प्रदान किया जा रहा है और सरकार द्वारा संचालित विभिन्न प्रकार की लाभार्थीपरक योजनाओं से लभान्वित कराने का कार्य भी किया जा रहा है साथ गरीब बेटियों के हाथ पीले करने का कार्य भी किया जा रहा है।

कार्यक्रम में जिलाधिकारी जे0रीभा ने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में नवदम्पतियों को हार्दिक शुभकामनायें देते हुए उनके सुखद एवं सफल जीवन की कामना करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री जी की यह महत्वाकांक्षी योजना है, जिससे गरीब परिवार की बेटियों की शादी करने में सहायता मिल रही है।

वैवाहिक समारोह में मुख्य विकास अधिकारी वेद प्रकाश मौर्य ने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में आये हुए अतिथि गणों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

कार्यक्रम में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजकुमार राज, व्यापार मण्डल के मनोज जैन, राजनारायण द्विवेदी, राकेश कुमार उर्फ दद्दू, नगर पंचायत अध्यक्ष बबेरू विवकानंद गुप्ता, कार्यक्रम संयोजक जिला समाज कल्याण अधिकारी अभिषेक कुमार अवस्थी, पीडी डीआरडीए प्रवीणानन्द, जिला विकास अधिकारी रमाशंकर, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी पुष्पेन्द्र, समस्त खण्ड विकास अधिकारी, डीसी एनआरएलएम, जिला प्रोबेसन अधिकारी मीनू सिंह, अति0 जिला सूचना अधिकारी शारदा निषाद सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अर्चना भारती द्वारा किया गया।

# दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत पर कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

दुर्गेश्वर सोनी केसरिया हिदुस्तान ब्यूरो चीफ देवरिया

भाटपार रानी,देवरिया।भारतीय जनता पार्टी भाटपार रानी विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं ने दिल्ली विधानसभा चुनाव एवं उत्तर प्रदेश के मिल्कीपुर में हुए उपचुनाव में पार्टी की ऐतिहासिक जीत पर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर प्रसन्नता व्यक्त किया। भाटपार रानी उपनगर स्थित अपने आवास विधायक सभाकुवंर कुशवाहा ने दिल्ली में भाजपा की जीत पर कार्यकर्ताओं के साथ खुशी का इजहार किया। वहीं क्षेत्र के बड़कागांव में पूर्व जिलाध्यक्ष विजय कुमार दुबे ने कार्यकर्ताओं के साथ दिल्ली जीत पर जश्न मनाया। वक्ताओं ने कहा कि दिल्ली में भाजपा की जीत से यह स्पष्ट हो गया है कि अब देश की जनता




किसी के बहकावे में आने वाली नहीं है। दिल्ली की जनता ने भ्रष्टाचार में आकंठ डूबी आम आदमी पार्टी की सरकार को उखाड़ फेंकने का काम की है। दिल्ली की जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास कार्यों मुहर लगाने का काम की है। दिल्ली में भाजपा की जीत पर जिला पंचायत अध्यक्ष पंडित गिरीश चंद तिवारी, पूर्व सांसद रवींद्र कुशवाहा, विधायक सभा कुवंर कुशवाहा, पूर्व जिलाध्यक्ष विजय कुमार दुबे, क्षेत्रिय मंत्री हरिचरण कुशवाहा, जिला उपाध्यक्ष अजय कुमार दुबे, राजकुमार शाही, जयनाथ कुशवाहा, राघवेंद्र वीर विक्रम सिंह, डॉ भानू प्रताप सिंह, अश्वनी कुमार सिंह, डॉक्टर अरविंद सहाय, अशोक सहाय, डॉक्टर पवन कुमार राय, सुरेश तिवारी, सुरेंद्र सिंह, जय प्रकाश तिवारी, मंडल अध्यक्ष विशंभर पांडेय, अनिल शाही, सीमा कुशवाहा, मनोज वर्मा, शशि रंजन तिवारी, विवेक कुशवाहा, संतोष शाही, अजीत शाही, हिमांशु कुमार दुबे, हृदयानंद गुप्ता, चंदन मद्धेशिया, राजेश गुप्ता, लालबाबू यादव, हनुमान जायसवाल, विजय वरनवाल, आनंद पियूष उपाध्यक्ष, संतोष पांडे, सुरेंद्र चौहान, दुर्गेश्वर सोनी, लक्ष्मण वर्मा, संजय सिंह, राघवेंद्र सिंह, जगन्नाथ सिंह, सुरेश कुशवाहा, संतोष पटेल, योगेंद्र कुशवाहा, धर्मेंद्र सिंह, धर्मेंद्र कुशवाहा, गौतम प्रसाद, शैलेश सिंह, आदित्य शाही, अमित शाही, लक्ष्मण कुशवाहा, अनिरुद्ध कुशवाहा, अमित शाही, हरिकेश कुशवाहा, सुरेश शर्मा, हृदय लाल शर्मा, सत्येंद्र पांडे,रीतुराज गुप्ता,धीरज गुप्ता, अंकुश शाही,जीतु गुप्ता,संजय जायसवाल ने प्रसन्नता व्यक्त किया।

# जिले के पुलिस द्वारा चलाया गया वारंटियों की धरपकड़ अभियान

## जिले के सभी थाना प्रभारी चौकी प्रभारी और रक्षित केंद्र का बल अभियान में शामिल

कमलेश रजक ब्यूरोचीफ दैनिक केसरिया हिंदुस्तान




बलौदाबाजार। नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए वारंट तामिली का विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत जिले के समस्त थाना/चौकी क्षेत्र अंतर्गत निवासरत स्थाई वारंटी गिरफ्तारी वारंटी एवं असामाजिक तत्वों की पहचान कर उन्हें चिन्हित करने का कार्य संपादित किया गया।संपूर्ण अभियान के तहत पुलिस की टीम द्वारा वारंटियों के निवास छिपने के संभावित ठिकानों में आकस्मिक दबिश दिया गया। इस दौरान थाना सिटी कोतवाली में 12 स्थाई वारंट थाना पलारी में 06 स्थाई वारंट थाना भाटापारा शहर में 04 स्थाई वारंट थाना भाटापारा ग्रामीण में 04 स्थाई वारंट थाना सिमगा में 05 स्थाई वारंट थाना कसडोल में 11 स्थाई वारंट थाना लवन में 04 स्थाई वारंट थाना गिधपुरी द्वारा 03 स्थाई वारंट चौकी करहीबाजार 01 स्थाई वारंट एवं अन्य थाना चौकी सहित कुल 51 स्थाई वारंट तामिल किया गया है। इसके अतिरिक्त कुल 59 गिरफ्तारी वारंट एवं अन्य वारंट भी तामिल किया गया है। इस प्रकार संपूर्ण अभियान में सफलतापूर्वक कुल 110 स्थाई वारंट गिरफ्तारी एवं अन्य वारंट तामिल किया गया है।

# वास्तु नियमों के पालन से मिलती है समृद्धि

केसरिया हिन्दुस्तान इसरार व्यूरो पीलीभीत

**पीलीभीत**- बरखेड़ा। बजाज हिंदुस्थान शुगर लिमिटेड चीनी मिल बरखेडा में स्थित श्री राम मंदिर के भव्य प्रांगण में 3 फरवरी से 9 फरवरी तक स्थापत्य वास्तु ज्ञान यज्ञ कथा एवं सत्संग का आयोजन वास्तु स्थापित कला के सुप्रसिद्ध विद्वान अचार्य सुशील बलूनी द्वारा किया गया, कार्यक्रम के सातवें व अंतिम दिन रविवार को समापन दिवस के अवसर पर श्री राम मंदिर में प्रात: 8:30 बजे से 12:30 बजे तक पूजन एवं हवन के उपरांत 1:00 बजे भंडारे का मंदिर प्रांगण में




किया गया, इस अवसर पर बजाज ग्रुप के प्रबंध निदेशक अजय शर्मा ने कहा कि वास्तु शास्त्र जीवन में समृद्धि लाता है कई बार लोग वास्तु नियमों का उल्लंघन कर अपने जीवन में परेशानियां पैदा कर लेते हैं। वास्तु ज्ञान यज्ञ कथा एवं सत्संग में श्रोताओं को संबोधित करते हुए अचार्य सुशील बलूनी ने कहा कि मनु, ध्रुव,राजा अंग, महराज पृथु, दुराचारी राजकुमार बेन तथा महाराज पृथु की कथाएं विस्तार पूर्वक सुनाई।

श्री बलूनी ने कहा भारत में जन्मी वास्तु विद्या को आज समाज ने भुला दिया है यह विद्या मनुष्य के जीवन में सुख समृद्धि शांति यश एवं कीर्ति प्रदान करती है यदि जन सामान्य को सुखी रहना है तो हमें वास्तविक विज्ञान के नियम सिद्धांतों का बारीकी से अध्ययन कर आत्मसात करना होगा । वास्तु ज्ञान के ऊपर चल रहे सात दिवसीय कार्य क्रम में भाग लेने वाले बजाज पब्लिक स्कूल व कालोनी के बच्चों द्वारा लगातार रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये, उन सभी बच्चों को एम डी अजय शर्मा व आचार्य सुशील बलूनी जी द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अचार्य सुशील बलूनी व प्रबंध निदेशक अजय शर्मा द्वारा इस आयोजन में उपस्थित सभी श्रोतागणों का आभार प्रकट किया गया।

# जमीनी विवाद में मारपीट गाली गलौज का मामला,पुलिस अधीक्षक से शिकायत

## गैर समुदाय के दो युवकों ने अनुसूचित जाति के युवक की लगा दी पिटाई

केसरिया हिंदुस्तान संवाददाता वीरू गौतम

**पीलीभीत** जनपद की विकासखंड पूरनपुर के ग्राम जगतपुर में एक व्यक्ति ने अपने पिता की जमीन को लेकर धोखाधड़ी और मारपीट की शिकायत की है। प्रार्थी वीरू गौतम ने बताया कि उसके पिता राजकुमार शराब के आदी थे जिस कारण से उनका मानसिक संतुलन ठीक नहीं था। इसी का फायदा उठाकर गांव के ही संजीव भारती और अन्य दो अन्य समुदाय के लोगों ने उनकी जमीन अपने नाम करा ली। आगे बताया कि जब वह इस मामले की शिकायत तहसील पूरनपुर में करने गया तो वहां पहले से मौजूद उक्त दबंगों ने उसकी पिटाई लगा दी जिसकी शिकायत



थाना पूरनपुर में की तो पुलिस ने उनकी शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं की जिसके बाद उन्होंने पुलिस अधीक्षक को शिकायत पत्र लिखकर अपनी बात रखी प्रार्थी ने बताया कि चकबन्दी प्रक्रिया शासन द्वारा निरस्त कर दी गई थी लेकिन इसके बाद संजीव भारती और अन्य लोगों ने दाखिल-खारिज हेतु फाइल तहसील कोर्ट पूरनपुर में लगाई। प्रार्थी को बतौर सम्मन जानकारी हुई, तब उसने जाकर अपना पक्ष रखा तहसील कोर्ट में संजीव भारती की फाइल खारिज हो गई। प्रार्थी ने आगे बताया कि जब वह तहसील कोर्ट से वापस आ रहा था, तो तुफैल व महबूब ने उसे रोका और मारपीट की जातिसूचक गालियां और धमकी दी कि अगर उसने दोबारा उनके काम में दखलंदाजी की तो उसे जान से मार देंगे। दिए गए प्रार्थना पत्र में प्रार्थी ने पुलिस अधीक्षक से अनुरोध किया है कि उनकी शिकायत पर उचित कार्रवाई की जाए और आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए।

# तिलक लगा पुष्प वर्षा कर किया चिलकाना से प्रयागराज जाने वाले जत्थे को रवाना

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान सहारनपुर ब्यूरो जाती राम

*चिलकाना* प्रयागराज तीर्थ पर स्नान करने के लिए जाने वाले कस्बे के लोगों को पुष्प वर्षा, मिष्ठान वितरण तथा पेयजल की बोतल देकर उनका स्वागत किया गया। शनिवार को चिलकाना तथा सुल्तानपुर से करीब 50 लोगों के जत्थे ने बस में सवार होकर तीर्थराज प्रयागराज में स्नान करने के लिए प्रस्थान किया। प्रयागराज जाने वाले श्रद्धालुओं से भरी बस का बस स्टैंड पर वरिष्ठ समाजसेवी जयनाथ शर्मा ओर पूर्व चैयर मैन अकबर कुरैशी ओर नगर के गणमान्य व्यक्तियों ने भव्य स्वागत। वरिष्ठ समाजसेवी पंडित जयनाथ शर्मा, पूर्व चेयरमैन अकबर कुरैशी, संजय रोहिला, टीनू कोरी, डॉ. हुकम सिंह, डा. कुलदीप चौधरी, सोनू वाल्मीकि, आकाश काशी, अमित सैनी, सुमन सैनी आदि ने प्रयागराज जाने वाले श्रद्धालुओं को मिष्ठान खिलाया तथा पानी की बोतल वितरित की। इसके साथ ही सभी श्रद्धालुओं को पुष्प वर्षा कर बस में बैठाया गया। श्रद्धालुओं को रोली से तिलक भी किया गया। जयनाथ शर्मा ने कहा कि संगम स्थल पर स्नान करने वाले व्यक्ति बड़े सौभाग्यशाली होते हैं। मां गंगा सभी की यात्रा मंगलमय करे। इस अवसर पर नगर के सैकड़ो गणमान्य लोगो ने पुष्प वर्षा कर तीर्थ यात्रियों का स्वागत कर उनकी मंगल यात्रा की कामना की।




# सरदार पटेल इंटर कॉलेज में मनाई गई फेयरवेल पार्टी

## बोर्ड परीक्षा में सभी छात्र छात्राएं करे मेहनत : डॉ.विमल शर्मा

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान सहारनपुर ब्यूरो जाती राम

चिलकाना : क्षेत्र के सरदार पटेल इण्टर कॉलेज में फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया । जिसमें इंटरमीडिएट के बच्चों को उनके जूनियर छात्रों ने विदाई समारोह कर उन्हें सम्मानित किया ।

सरदार पटेल इण्टर कॉलेज पटनी फेयरवेल पार्टी में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे वरिष्ठ पत्रकार डॉ.विमल शर्मा व कॉलेज के चेयरमैन विनोद कुमार ने मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। वही कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचें डॉ.विमल शर्मा ने कहा कि लहरों से डरकर नौका पार नहीं होती और कोशिश करने वालो की कभी हार नहीं होती और उन्होंने बच्चों को





बोर्ड परीक्षा से संबंधित टिप्स देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की । वही कॉलेज के प्रधानाचार्य विनोद कुमार ने भी सभी बच्चों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की । वही कॉलेज के सीनियर अध्यापक मास्टर परसराम , आसिफ इकबाल, इम्तियाज ने भी सभी बच्चों को परीक्षा संबंधित टिप्स देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान कार्यक्रम में छात्र छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी किए । फेयरवेल पार्टी में अश्वनी सैनी, रोहिल, आकाश रावल, अभिषेक रावल, गुलाब सैनी, विनय कश्यप,पारुल आदि कॉलेज का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।।

# महामंडलेश्वर बनने के बाद विधायक स्वामी प्रवक्तानंद ने दिए प्रवचन

केसरिया हिन्दुस्तान इसरार व्यूरो पीलीभीत

**पीलीभीत-बरखेड़ा।** निर्मल अखाड़ा के महामंडलेश्वर बनने के बाद बरखेड़ा क्षेत्र के गाँव असिंयाबोझ मे चल रहे पांच दिवसीय सत्संग के चौथे दिन रविवार को दोपहर 2 बजे से स्वामी प्रवक्ता नंद ने बाज़ार में सत्संग पंडाल में सत्य परमात्म बोध सत्संग शिविर के व्यास गद्दी पर आसीन होकर अपने प्रबचन मे बताया कि सत्य को स्वीकार कर जीवन को अग्रसर करे।अपने सद्कर्मो से ईश्वर को सच्चे मन से आराधना से ही जीवन सफल है, सत्य के बिना जाने मायाजाल में पड़ोगे तो बार बार जीवन मरण के जाल में फसें रहोगे ,शुभ कर्मों से स्वर्ग की प्राप्ति होती हैं निषिद्ध कार्य से नरक भोगना पड़ता हैं। भजनों के माध्यम से पंडाल में आये क्षेत्र के श्रीधालुयो को भजन संगीत मंडली के नरसी भैय्या, सुनील रस्तोगी, रामकुमार, रविन्द्र ने अपने अपने भजनों से भक्तिमय आनन्दित किया।सत्संग में पूर्व ब्लॉक प्रमुख अशोक गंगवार, अशोक गुप्ता, प्यारे लाल कशयप रविन्द्र गंगवार,अमित गुप्ता, वीरेंद्र शर्मा, प्रेमशंकर, अशोक वर्मा, रामऔतार गुप्ता , सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

